CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 02-24-2026 23:46 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 25 फरवरी 2026 > फाल्गुन 6 शक संवत 1947 फाल्गुन शुक्ल नवमी, विक्रम संवत 2082
WATCH GOD WATCHDOG
वर्ष 80, संख्या 48 > पेज 16> मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
*मासिक खरीद पर ही लागू
www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

लंदन में स्टाइलिश अवतार में दिखीं कृति सेनन ▸p14

'कांतारा' विवाद में ऐक्टर रणवीर सिंह को HC की फटकार ▸p11

एनबीटी मे विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

गिरफ्तारी से राहत के लिए हाई कोर्ट पहुंचे अविमुक्तेश्वरानंद ▸▸ पेज 11

कप्तान हैरी ब्रुक की सेंचुरी, T20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में पहुंचा इंग्लैंड ▸▸ पेज 13

नीदरलैंड्स में जेटन बने पहले गे पीएम, प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई ▸▸ पेज 16

मुकद्दस रमज़ान

इफ्तार बुधवार
सुन्नी 6:17 PM
शिया 6:30 PM

सहरी गुरुवार
सुन्नी 5:32 AM
शिया 5:21 AM

आज का मैच

श्रीलंका Vs न्यूजीलैंड
कोलंबो, शाम 7 बजे से

टेलिकास्ट : स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

केरल होगा अब केरलम

चुनाव से पहले कैबिनेट का फैसला, नाम में बदलाव मंजूर | नए PMO सेवा तीर्थ में केंद्रीय कैबिनेट की पहली मीटिंग हुई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केरल का नाम केरलम होगा। पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसकी मंजूरी दे दी। इसका प्रस्ताव केरल सरकार ने दिया था। केरल विधानसभा चुनाव इस साल अप्रैल में होना है। मंत्रिमंडल ने इसके साथ ही रेलवे, मेट्रो, एयरपोर्ट और कृषि क्षेत्र से जुड़े 12236 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। बिजली क्षेत्र में सुधारों से जुड़ा एक फैसला भी किया।

नए PMO सेवा तीर्थ में कैबिनेट की पहली बैठक में किए गए फैसलों की जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि केरल सरकार ने राज्य का नाम बदलने के लिए संविधान की पहली अनुसूची में संशोधन का अनुरोध किया था। एक सरकारी बयान में कहा गया कि अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु केरल (ऑल्टरेशन ऑफ नेम) बिल 2026 को केरल विधानसभा के पास भेजेंगी। केरल विधानसभा से इस पर राय मिल जाने के बाद केंद्र सरकार इस विधेयक को संसद में पेश करने के लिए राष्ट्रपति से अनुमति लेगी। संसद में बिल पास होने पर केरल का नाम केरलम हो जाएगा। केरल विधानसभा ने 2024 में नाम बदलने का प्रस्ताव पास किया था। कहा था कि मलयालम भाषा में राज्य का नाम केरलम है। ▸▸ पेज 9

रेलवे, मेट्रो, एयरपोर्ट और कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रस्ताव पास

राष्ट्रपति की अनुमति के बाद बिल संसद में लाया जाएगा। इसके पास होने पर केरल का नाम बदलेगा।

इन प्रोजेक्ट्स पर लगी मुहर



अश्विनी वैष्णव

3 रेलवे प्रोजेक्ट्स भी: मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड के 8 जिलों को कवर करने वाले 3 मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी।

श्रीनगर एयरपोर्ट पर फैसला: एयरपोर्ट पर 1667 करोड़ रुपये की लागत से सिविल एनक्लेव के विस्तार को मंजूरी दी गई।

गुजरात में मेट्रो का विस्तार: मंत्रिमंडल ने गुजरात में अहमदाबाद मेट्रो के GIFT सिटी से शाहपुर तक विस्तार को मंजूरी दी। 4 साल में पूरा होगा।

मणिपुर में विस्थापितों के लिए 5 हजार घर

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मणिपुर में विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए 5,000 घरों के निर्माण को मंजूरी दी है। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय मंत्री चौहान ने मणिपुर के सीएम युमनाम खेमचंद सिंह से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत इन घरों के निर्माण को मंजूरी दी।

अमेरिका ने अदालत की दखल के बाद 10% टैरिफ लागू किया

■ एएफपी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए नए ग्लोबल टैरिफ 10% की दर से लागू हो गए हैं। शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा टैरिफ पर रोक लगाने के बाद राष्ट्रपति ने कहा कि वह 10% टैरिफ लागू करेंगे। बाद में शनिवार को उन्होंने कहा था कि टैक्स 15% होगी।

अधिकारियों ने कहा, कोर्ट से रद्द टैरिफ की वसूली नहीं

दस्तावेजों के अनुसार, मंगलवार से टैरिफ कम दर पर ही निर्धारित किए गए हैं और इसे बढ़ाने का कोई निर्देश जारी नहीं किया गया। मंगलवार से प्रभावी यह नया टैरिफ केवल 150 दिनों के लिए लागू रहेगा। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से रद्द किए गए टैरिफ की वसूली भी मंगलवार से बंद रहेगी।

मंगलवार से प्रभावी नया टैरिफ सिर्फ 150 दिनों के लिए लागू रहेगा।

शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) से जुड़ी चुनौतियों और ग्लोबल ट्रेड की अनिश्चितताओं के बीच सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया। निफ्टी में 288 अंकों की गिरावट रही। आईटी शेयरों में भारी बिकवाली हुई। टेक महिंद्रा के शेयर में सबसे ज्यादा 6.6% की गिरावट आई। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों को प्रभावित किया।

बंगाल SIR में ओडिशा-झारखंड के भी जज लगेंगे

■ राजेश चौधरी, नई दिल्ली: ओडिशा और झारखंड के जज भी पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट में बदलाव की प्रक्रिया-SIR के तहत दावों के निपटारे के लिए तैनात होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी इजाजत दी। अदालत ने कहा कि पश्चिम बंगाल में समयबद्ध तरीके से मामलों के निपटारे के लिए पर्याप्त जज उपलब्ध नहीं हैं। कलकत्ता HC के चीफ जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र भी लिखा था।

दिव्यांग, विधवा पेंशन पाने वालों को भी 'आयुष्मान'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ा दिया है। अब इस स्कीम का फायदा विधवा महिलाओं और दिव्यांगजनों को मिलेगा। दिल्ली सरकार की कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह फैसला लाखों जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सीधा बदलाव लाएगा, उन्हें फ्री में बेहतर इलाज मिलेगा। दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। दिल्ली में 7 लाख 23 हजार 707 आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, कैबिनेट की मीटिंग में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

दिल्ली-गुरुग्राम के लिए सड़क: नजफगढ़ ड्रेन के दोनों किनारों पर सड़क बनेगी। 61 किलोमीटर लंबी यह सड़क होगी। दिल्ली से शुरू होकर यह कॉरिडोर गुरुग्राम तक जाएगा। ▸▸ पेज 2

8 मार्च को बाइक रैली में आ रही हैं आप?

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर NBT की ऑल वुमन बाइक रैली अपने 12वें माइलस्टोन एडिशन में नई थीम Driving Forces of the Nation के साथ लौटी है। रैली लिम्का बुक ऑफ रेकॉर्ड्स और INMA जैसे अवॉर्ड पा चुकी है। अगर आपके पास स्कूटर या बाइक है तो रविवार, 8 मार्च को होने वाली रैली के लिए रजिस्ट्रेशन करा लें। ▸▸ पेज 5

ऐसे बने हिस्सा
7003890071 पर AWBR लिखकर Whatsapp करें

तारीख: रवि, 8 मार्च 2026
जगह: A-ब्लॉक पार्किंग कनॉट प्लेस

ALL WOMEN BIKE RALLY NBT

ग्रेनो में युवक को मारी गोली, गला रेता

CCTV फुटेज में वारदात हुई कैद

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा: ग्रेटर नोएडा के तुस्याना गांव में मंगलवार दोपहर पुरानी रंजिश के चलते नितिन नागर (27) को दौड़ाकर गोलियां मारी गईं। इसके बाद चाकू से गला रेत दिया गया। हमला नितिन के घर के सामने ही हुआ। उन्हें बचाने पत्नी आई तो उन पर भी गोली चलाई गई। वारदात CCTV कैमरे में कैद हुई। 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है। ▸▸ पेज 2

IDFC फर्स्ट बैंक फ्रॉड का पूरा पैसा रिकवर: सैनी

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि IDFC फर्स्ट बैंक मामले में राज्य सरकार का करीब 556 करोड़ रुपये वापस मिल गया है। सैनी ने सदन में बताया कि इसमें करीब 22 करोड़ रुपये ब्याज भी है, जो 24 घंटे के अंदर वापस आ गए। बैंक ने रविवार को खुलासा किया था कि हरियाणा सरकार के खातों में उसके कर्मचारियों और अन्य लोगों की ओर से 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई।

उन्होंने बताया कि बैंक ने सरकार को जानकारी दी है कि यह घटना मुख्य रूप से चंडीगढ़ स्थित बैंक की एक शाखा से जुड़ी है, जिसमें मध्यम और निचले स्तर के 4-5 बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा- चाहे वह बैंक कर्मचारी हो, निजी व्यक्ति हो या सरकारी कर्मचारी, उसे बख्शा नहीं जाएगा।



नायब सिंह सैनी

DGCA को पवार के क्रैश प्लेन में खामी का शक

VSR के 4 प्लेन ग्राउंड किए गए

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: DGCA ने VSR वेंचर्स के 4 प्लेन को उड़ान भरने से रोक दिया है। कंपनी के प्लेन तब तक उड़ान नहीं भरेंगे, जब तक कमियों को पूरा नहीं किया जाएगा। कंपनी के स्पेशल सिक्योरिटी ऑडिट में DGCA को कई खामियां मिली हैं। अजित पवार जिस प्लेन से गए थे, दूसरे एयरक्राफ्ट के मेंटिनेंस से जुड़े रेकॉर्ड गायब हैं। NBT ने 30 जनवरी को कंपनी के इन एयरक्राफ्ट में संभावित कमियों को उजागर किया था। DGCA को यह पता नहीं लग पा रहा है कि इन एयरक्राफ्ट को कितने घंटों तक उड़ाया गया था? इनके खराब हुए पुर्जों को समय पर बदला गया था या नहीं? शक है कि जिस एयरक्राफ्ट में पवार सवार थे, उस एयरक्राफ्ट की मेंटिनेंस में भी भारी लापरवाही बरती गई थी।

अजित पवार की गई थी जान

अंडमान में उड़ान भरने के बाद पवनहंस के एक हेलिकॉप्टर को इमरजेंसी में समुद्र में उतारना पड़ा। पायलट समेत सभी सुरक्षित हैं।

युवराज को इंसाफ का इंतजार



39 दिन बाद भी SIT रिपोर्ट नहीं

गोरखपुर में नगालैंड की डॉक्टर पर नस्ली कमेंट

■ NBT रिपोर्ट, गोरखपुर

गोरखपुर में एक महिला डॉक्टर के साथ छेड़छाड़ और नस्ली कमेंट का गंभीर मामला सामने आया है। नगालैंड की रहने वाली डॉक्टर AIIMS गोरखपुर में तीसरे साल की रेजिडेंट हैं। घटना 22 फरवरी की है। वह मॉल से लौट रही थीं। 3 युवकों ने करीब 1.5 किमी तक उनका पीछा किया और कमेंट किया।

SSP ने कहा, तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

नॉर्थ-ईस्ट के सीएम ने घटना की निंदा की

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मंगलवार को दिल्ली में 3 लड़कियों के साथ हुए नस्ली दुर्व्यवहार की निंदा की और कड़ी कार्रवाई की मांग की। सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग और मेघालय के सीएम कॉनराड के. संगमा ने भी अरुणाचल प्रदेश की लड़कियों से भेदभाव की निंदा की।

तिलक नगर में मर्डर, थाने में हंगामा

परिवार बोला- पुलिस ने महिलाओं को भी पीटा

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली

वेस्ट दिल्ली के तिलक नगर थाना एरिया में सोमवार क्रिकेट खेलने के दौरान हुए झगड़े में 14 साल के निशांत की हत्या कर दी गई। घटना के विरोध में निशांत के परिवार वाले तिलक नगर थाने पहुंचे और प्रदर्शन किया। परिवार वालों ने आरोप लगाया कि FIR की कॉपी मांगने पर पुलिस ने महिलाओं के बाल पकड़कर पीटा, लाठीचार्ज किया। इसके बाद लोगों ने सड़क पर भी हंगामा किया। डीसीपी वेस्ट दराडे शरद भास्कर ने बताया कि पुलिस ने 3 आरोपी नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया है। थाने में मारपीट के आरोप गलत हैं। ▸▸ पेज 3

गुस्साए लोगों ने थाने के पास रोड पर हंगामा भी किया

तिलक नगर थाने के सामने सोमवार रात लोगों ने रोड पर जाम लगाया।

'मुख्य आरोपी को पुलिस ने छोड़ा'

निशांत के परिवार का आरोप है कि पुलिस ने मुख्य आरोपी को छोड़ दिया, इसी बात पर हंगामा शुरू हुआ। निशांत की मां, पिता, चाचा, चाची पुलिस पर पिटाई का आरोप लगा रहे हैं। चाचा रिंकू ने कमर, गर्दन, चेहरे पर चोट दिखाते हुए कहा कि पुलिस की पिटाई से ये चोट लगी है। निशांत के पिता प्रमोद ने कहा कि FIR की कॉपी मांगने पर पुलिस ने पीटा है।

शर्टलेस मामले में यूथ कांग्रेस चीफ गिरफ्तार, दंगे की धारा भी जुड़ी

IYC प्रेजिडेंट उदय भानु चिब को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत मंडपम में इंडिया AI इंपैक्ट समिट में शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन करने के मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) प्रेजिडेंट उदय भानु चिब को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में पेश करने पर उन्हें 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया। वहीं, पुलिस ने IYC कार्यकर्ताओं के खिलाफ दंगे की धाराएं जोड़ दी हैं और मामले की जांच अब क्राइम ब्रांच की इंटर-स्टेट सेल को सौंप दी गई है। पुलिस के मुताबिक, अब तक चिब समेत 8 लोगों को अरेस्ट किया गया है। स्पेशल सीपी (क्राइम ऐंड मीडिया सेल) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 20 फरवरी को समिट के दौरान सुरक्षा घेरे को तोड़ने की कोशिश की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी 'आक्रामक तत्व' थे और उन्हें काबू करने के दौरान कुछ पुलिसकर्मी घायल भी हुए। ▸▸ पेज 9

8 अरेस्ट, क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल करेगी जांच

दावा, गहरी साजिश के भी सबूत मिले

अधिकारियों का दावा है कि कांग्रेस यूथ कार्यकर्ताओं की यह हरकत 'गहरी साजिश' का हिस्सा थी और इसके पर्याप्त सबूत भी मिले हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि प्रदर्शनकारियों को लॉजिस्टिक और अन्य प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई गई थी।

अर्थसार

सेंसेक्स	82,225.92 (-1,068.74)
निफ्टी	25,424.65 (-288.35)
रुपया/यूएस डॉलर	90.96 (+0.22)
रुपया/यूरो	107.15 (-0.14)

स्रोत : रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,63,200 (+400)
चांदी प्रति किलो	
दिल्ली	₹2,72,000 (00)

मौसम

अधिकतम तापमान 29.9°

12.4° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त बुधवार 6.18 | सूर्योदय गुरुवार 6.49

2 दिनों में तेज हवाएं चल सकती हैं, सुबह और शाम ठंड होगी।

चलेगा अभियान करीब 1.15 करोड़ लड़कियों को मिलेगा फायदा, इसी महीने से कार्यक्रम शुरू होने की उम्मीद

सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए 14 साल की लड़कियों को सरकार लगाएगी फ्री टीके

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूत करने और सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए केंद्र सरकार पूरे देश में वैक्सिनेशन प्रोग्राम शुरू करने जा रही है। इसके तहत देशभर में 14 वर्ष की लड़कियों को फ्री ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) वैक्सीन दी जाएगी। सरकारी अनुमान के अनुसार, 14 साल की करीब 1.15 करोड़ लड़कियां दायरे में आएंगी। टीकाकरण अभियान के इसी महीने शुरू होने की संभावना है। सरकार का मानना है कि सही उम्र में टीकाकरण से संक्रमण को रोका जा सकता है। भविष्य में कैंसर का खतरा भी कम किया जा सकता है।

AI image

सरकार का मानना है कि वैक्सिनेशन से संक्रमण को रोका जा सकता है।

42 हजार की मौत का अनुमान

■ **सर्वाइकल कैंसर** भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर साल 80 हजार नए मामले सामने आते हैं और 42 हजार से अधिक महिलाओं की मौत हो जाती है।

सरकारी हेल्थ सेंटरों पर लगेंगे टीके

टीकाकरण आयुष्मान आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में किया जाएगा। सभी केंद्रों पर प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की मौजूदगी में टीकाकरण होगा और किसी भी दुर्लभ प्रतिकूल प्रभाव से निपटने के लिए जरूरी मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। यह टीकाकरण पूरी तरह मुफ्त होने के साथ ही स्वैच्छिक भी होगा।

तहव्वुर नहीं रहेगा कनाडा का नागरिक

अप्रैल 2025 में अमेरिका से भारत लाया गया था तहव्वुर राणा।

■ पीटीआई, टोरंटो: कनाडा सरकार ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इमिग्रेशन विभाग ने उसे नोटिस देकर बताया है कि जानकारी गलत दी थी। राणा ने 2000 में नागरिकता के लिए आवेदन करते समय दावा किया था कि 4 साल से ओटावा और टोरंटो में रह रहा था और केवल 6 दिन ही देश से बाहर रहा।

RRTS के बाद अब मेट्रो का डबल होली गिफ्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

रैपिड मेट्रो का सराय काले खां स्टेशन और दिल्ली से मेरठ तक का RRTS कॉरिडोर पूरी तरह खुलने के बाद अब दिल्ली के लोगों को होली के आस-पास मेट्रो का भी डबल गिफ्ट मिलने वाला है। दिल्ली सरकार मेट्रो की पिंक लाइन के मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर के साथ-साथ मजेंटा लाइन के मजलिस पार्क-दीपाली चौक कॉरिडोर को भी खोलने की तैयारी कर रही है।

जल्द खुलेंगे पिंक और मजेंटा लाइन के दो सेक्शंस

डीएमआरसी को इसके लिए जरूरी तैयारियां करने के निर्देश दे दिए गए हैं। माना जा रहा है कि दोनों मेट्रो कॉरिडोर का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों ही होगा। हालांकि, अभी तारीख का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन सूत्रों ने बताया है कि तैयारी होली से पहले ही या उसके आस-पास इन्हें खोलने की है। दिल्ली सरकार वजीराबाद से सोनिया विहार के बीच यमुना में फेयरी सर्विस भी शुरू करने वाली है, जिसके लिए बोट मुंबई से दिल्ली लाई जा चुकी है।

दिल्ली सरकार के एक साल पूरा होने पर इसे भी शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन AI समिट के चलते कार्यक्रम को कुछ समय के लिए टालना पड़ा।

माना जा रहा है कि अब मेट्रो कॉरिडोर्स के साथ-साथ यमुना में फेयरी सर्विस भी शुरू हो सकती है। डीएमआरसी फेज-4 में मजेंटा लाइन को जनकपुरी वेस्ट से रामकृष्ण आश्रम मार्ग तक एक्सटेंड कर रही है।

नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली में कनेक्टिविटी बढ़ेगी

दीपाली चौक से मजलिस पार्क के बीच 9.9 किमी लंबा एलिवेटेड हिस्सा बनकर तैयार हो चुका है, जिस पर 7 नए मेट्रो स्टेशन होंगे। इनमें से पीतमपुरा, हैदरपुर बादली मोड़ और मजलिस पार्क इंटरचेंज स्टेशंस होंगे, जहां से यात्री रेड, येलो और पिंक लाइन पर इंटरचेंज करेंगे। इससे नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली में कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

यमुनापार आना-जाना होगा आसान

दूसरी ओर, मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर के खुलने से पिंक लाइन के रूप में दिल्ली के लोगों को रिंग रोड की तरह ही मेट्रो का पहला रिंग कॉरिडोर भी मिल जाएगा। यह कॉरिडोर मेट्रो की लगभग सभी लाइनों से कनेक्टेड होगा। मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर पर कुल 9 स्टेशन होंगे, जिनमें नॉर्थ दिल्ली का बेहद घनी आबादी वाले इलाके बुराड़ी से लेकर खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार जैसे घनी आबादी वाले इलाके तक शामिल हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

लंबे समय से यात्री कर रहे थे इंतजार

पिंक लाइन का मजलिस पार्क-जगतपुर सेक्शन पिछले साल अप्रैल में ही बनकर तैयार हो गया था। इस पर ट्रायल रन कम्प्लीट हो गए और सीएमआरएस से एप्रूवल भी मिल गया था। बुराड़ी, जगतपुर और आस-पास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को उम्मीद थी कि उन्हें भी घर के पास से मेट्रो मिलने लगेगी, लेकिन दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार, दोनों का यही मानना था कि केवल चार स्टेशन नहीं, बल्कि पूरा कॉरिडोर एक साथ खोला जाए, ताकि यात्रियों को उसका पूरा लाभ मिल सके। इस कॉरिडोर पर आगे भजनपुरा और यमुना विहार के बीच एक डबलडेकर फ्लाईओवर भी बन रहा था और खजूरी के पास पेड़ काटने की परमिशन मिलने में भी देरी हो रही थी, इसके चलते भी बाकी के सेक्शन पर काम पूरा होने में वक्त लगा।

दिल्ली सचिवालय नर्सरी में बना पहला ग्रीन वेस्ट प्लांट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंगलवार दिल्ली सचिवालय नर्सरी में ग्रीन वेस्ट प्लांट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली में पीडब्ल्यूडी सड़कों का नेटवर्क करीब 1400 किमी लंबा है।

इन सड़कों पर लगे ग्रीनरी से ढेरों ग्रीन वेस्ट रोजाना जनरेट होता है। सड़कों के किनारे या ग्रीन बेल्ट एरिया में पड़े-पड़े पत्ते सड़ जाते हैं और उनसे बदबू आती है। इस समस्या के समाधान के लिए प्लान बनाया गया है कि सड़कों के किनारे ऐसे ग्रीन वेस्ट को ट्रीट करने के लिए ग्रीन वेस्ट प्लांट बनाए जाएंगे। पहला ग्रीन वेस्ट प्लांट दिल्ली सचिवालय गेट पर नर्सरी में बनाया गया है। पहले चरण में 6 ग्रीन वेस्ट प्लांट बनाए जाएंगे। अगले चरण में भी 6 ग्रीन वेस्ट प्लांट बनाने का प्लान है।

पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया उद्घाटन

मंत्री ने कहा कि सड़कों के किनारे लगे पेड़ों से वेस्ट इकट्ठा कर ग्रीन वेस्ट प्लांट में ट्रीट कर खाद बनाया जाएगा। पहले फेज में पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, सेक्रेटेरिएट नर्सरी, मुकरबा चौक नर्सरी, वेस्ट दिल्ली के लाजवंती नर्सरी, सुखदेव विहार और आरके पुरम में ग्रीन वेस्ट प्लांट बनाए जाएंगे। दूसरे फेज में भी 6 ग्रीन वेस्ट प्लांट बनाने का प्लान है।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr

कार्यक्षेत्र में परिवर्तन और बदलाव आने से आप कभी भी घबराते नहीं हैं, लेकिन आज शासन अथवा व्यवस्था की तरफ से कुछ ऐसे बदलाव आ रहे हैं, जिसमें आपकी हिम्मत जवाब दे रही है। अगर किसी प्रकार के कानूनी फंदे में भी आप फंसना नहीं चाहते हैं, तो ऐसे में पलायन करना भी ठीक नहीं।

TAURUS 20 Apr - 19 May

आप हमेशा ही दूसरों के भरोसे बैठकर अपने लिए भी कुछ प्राप्त कर लेने की इच्छा रखते हैं। किसी दूसरे की पीठ पर सवार लाभ उठा लेना बहुत दिनों तक जारी नहीं रहेगा। एक न एक दिन आपको अपने लिए भी परिश्रम करना पड़ेगा। अन्यथा भविष्य में लाभ के लिए आपको कोई रास्ता नहीं रहेगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun

आज दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की सम्भावना है। नौकरी-व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा या बड़ा नहीं होता, एक बार अनुभव हो जाए तो बस दुनिया अपनी मुट्ठी में है समझिए। रात का समय मित्रों, परिजनों के साथ मौज-मस्ती में व्यतीत होगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा।

CANCER 22 Jun - 22 July

राजनीति एक ऐसा क्षेत्र है जहां आपकी राशि को दिन दूनी और रात चौगुनी उन्नति मिलती है। यदि आप किसी बड़े संगठन से जुड़े हैं तो बहुत अच्छी बात है। इन दिनों आपके लिए कोई नीति निर्धारण कर सामने आ रहे हैं, जिससे फायदा होगा। अगर किसी संगठन से नहीं जुड़े हैं, तो ये ही समय है, संगठन से जुड़ने से लाभ के रास्ते खुलेंगे। मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा।

LEO 23 July - 22 Aug

आपके प्रयास अब रंग ला रहे हैं। आज के दिन आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, अपने अधीनस्थ सहयोगियों के प्रति आपका व्यवहार उत्तरदायित्वपूर्ण होगा और उनकी हर सही गलतियों को भी आप माफ करने को तैयार हो जाएंगे। झुकने से इंसान बड़ा बनता है न कि सीधा खड़ा रहने से।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep

अपने मित्रों और रिश्तेदारों के खातिर आप कुछ ज्यादा ही चिंतित हो जाते हैं। अपने काम को छोड़कर भी आप दूसरों के साथ उनके फालतू समय में शामिल होकर अपना कीमती वक्त बर्बाद कर लेते हैं। आज के दिन भी आपको अपने बारे में ज्यादा सोचना है। कामकाज की स्थिति अनुकूल हो रही है।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct

आपको अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा ही दूसरों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। कभी-कभी खुद भी काम करने की कोशिश करनी चाहिए। हो सकता है सही समय पर काम की शुरुआत करने से आपकी व्याकुलता और तनाव अपने आप ही घट जाए। इसलिए काम को टालें नहीं, खुद करने का प्रयास करें। इससे भविष्य में आपको लाभ होगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov

आज कुछ भावनात्मक और दिल से जुड़े हुए प्रसंग सामने आएंगे। आपकी करुणा और उदारता कहीं-कहीं पर आपके लिए ही भारी पड़ जाती है। यदि यह किसी प्रकार की न्याय नीति का मामला हो या कानूनी दुर्गों में कुछ कर दिखाने की इच्छा हो, आपके पास एक ठोस युक्ति भरा प्लान तैयार रहता है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec

काफी समय के बाद आज कुछ अच्छी खबर आपको मिलेगी। कोई जरूरी काम बन जाने से लाभदायक आमदनी की प्राप्ति होगी और आगे का समय अच्छा कटने का उत्साह रहेगा। इसके बाद यह भी एक अच्छा सौभाग्य होगा कि कहीं पर अटका हुआ धन भी हाल तक हाथ में आ जाएगा।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan

आज आप कई प्रकार की उलझनों में घिरे रहेंगे। एक ओर अपने प्रेमी या प्रियजन के लिए कोई वस्तु या उपहार खरीदने की जल्दीबाजी रहेगी। दूसरी ओर आपके कार्यक्षेत्र में भी काम का प्रेशर ज्यादा रहेगा। सही वक्त पर आकर आपका वाहन आदि भी साथ नहीं देगा। ऐसे वक्त पर सूझबूझ बहुत काम आएगी।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb

अपनी मंजिल पर पहुंचकर भी आप अपने आपको बहुत पीछे महसूस करते हैं। पूरा फासला तय करने में अभी एक सफर की दौड़ और लगानी है, ऐसे में अगर आपके हौसले पस्त हो जाएंगे तो आपकी जीत कैसे होगी। हिम्मत रखकर आपको आगे बढ़ना होगा, तभी सफलता की सीढ़ियां चढ़ पाएंगे।

PISCES 19 Feb - 20 Mar

काफी अरसे से आप किसी संत महात्मा या दार्शनिक विचारों पर बहुत अच्छी तरह गौर कर रहे हैं। किसी काम के बिगड़ने से होने पर आपको खीज या प्रतिक्रिया नहीं होती बल्कि आप उल्टा शांत और गंभीर नजर आते हैं, हो सकता है यह असर आपके ग्रहों के संचार बदलाव या किसी शुभ ग्रह के प्रभाव से ही रहा हो।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

मिथुन राशि के बृहस्पति और मीन राशि के शनि इस वर्ष आपके मूलांक के स्वामी बन रहे हैं। साथ ही शक्तिशाली नीच राशी देहधारी प्रधान ग्रह बुध पूरे वर्ष संचालक ग्रह के रूप में प्रभावी रहेंगे। इन ग्रह योगों के कारण आने वाला वर्ष आपके लिए सामान्य से बेहतर और सकारात्मक परिणाम देने वाला सिद्ध होगा। फरवरी 2026 के अंत तक कार्यक्षेत्र में अच्छा माहौल बनना शुरू हो जाएगा। मार्च से लेकर अप्रैल के बीच स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रह सकता है, इसलिए इस समय सावधानी रखना जरूरी होगा। यह स्थिति मई के अंत तक सुधर जाएगी। जून और जुलाई में आपको पर्याप्त लाभ मिलने के संकेत हैं। साथ ही वाहन या आवास संबंधी सुख में भी वृद्धि संभव है। अगस्त और सितंबर का समय आजीविका के क्षेत्र में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी दिलाने वाला हो सकता है। अक्टूबर और नवंबर अच्छा अनुकूल रहेंगे। इस दौरान सोच-समझकर लिया गया जोखिम लाभकारी सिद्ध हो सकता है। दिसंबर से जनवरी के बीच महिलाओं के दाम्पत्य जीवन में कुछ असंतोष की स्थिति बन सकती है। फरवरी 2027 में विद्यार्थियों को सामान्य परिश्रम से ही मनचाही सफलता प्राप्त होगी। श्री सुंदरकांड का पाठ करें। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 26 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति फाल्गुन 7, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ला दशमी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 15, रमजान 8, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 26 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, बसंत ऋतु। राहु काल अपराह्न 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। दशमी तिथि अपराह्न 12 बजकर 34 मिनट तक के बाद एकादशी तिथि का आरंभ। मृगशिरा नक्षत्र मध्याह्न 12 बजकर 12 मिनट तक के बाद आर्द्रा नक्षत्र का आरंभ। प्रीति योग रात 10 बजकर 34 मिनट तक के बाद आयुष्मान योग का आरंभ। तैतिल करण अपराह्न 1 बजकर 38 मिनट तक के बाद वणिज करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात मिथुन राशि पर संचार करेगा।

सुडोकू

2			5					
7				3	8		2	
4			7		6			9
					7	1	6	
8	7						9	5
	6	2	1					
9			3		1			7
	3		2	7				4
					5			1

TELEVISION

09:00 बबलू डबलू
10:00 बदलूंच बुड़बक
11:00 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
12:30 हम पांच
13:00 रुद्र के रक्षक
13:30 भ से भड़
14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
15:00 लिटिल कृष्णा
17:00 बबलू डबलू
18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा

'उदय भानु की गिरफ्तारी का स्वागत'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने युवक कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी और उन्हें चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेजने के पटियाला हाउस कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। सचदेवा ने कहा कि राहुल गांधी के इशारे पर उदय भानु ने एआई समिट में जो किया था, वह भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास है।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs. To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
It is Publicly informed at large that My client **Bimla Devi** w/o Ved Prakash r/o **D-2/14, Model Town, Part-III, Delhi** hereby declares that she along with **Subhash Chand** s/o Dharam Chand & **Rajesh Tayal** s/o Satpal Tayal are the co-owners & co-sharers of property bearing no **C-11/18, bottom to top, Model Town, Delhi**, through three sale deeds, duly executed by Suraj Narain Sharma s/o Pt. Nanak Chand then r/o C-11/18, Model Town, Delhi, who was the owner of said property through sale deed registered as no. 10956, additional book no. 1, volume no. 1196, pages 20 to 24, dt 30.11.1964, registered in sub-registrar Delhi, duly executed by all the legal heirs of late Gurmukh Singh Monga (actual allottee). My client hereby further declares that the said sale deed registered as document no. 10956, in additional book no. 1, volume no. 1196, pages 20 to 24, dt. 30.11.1964, registered in Sub-registrar, Delhi, (in favour of Suraj Narain Sharma), has been lost by the department (The Directorate of Education), however intimation Letter was also given to the concerned SHO Kingsway Camp police Station, Model Town, Delhi, on 06.06.1966. Now My Client along with Subhash Chand & Rajesh Tayal (as owners) willing to sell the said property, therefore any person(s)/bank having or claiming to have any right, title, interest, share, claim, charge, lien, objection or demand of any nature whatsoever in respect of the said property can contact either my client in writing (supported by valid documentary evidence) or me ryadav@knm.in, with in 30 (thirty) days from the date of publication of this notice. Any claim /objection raised after the said notice period shall be treated as null and void.
Rohit Yadav (Adv), KNM & Partners, Law Offices, 1st Floor, The Great Eastern Centre 70 Nehru Place, N.D-19 Ph. 9717591152

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the general public that our client wants to purchase **Second Floor of property bearing no. C-6, Gulmohar Park, New Delhi** ("Property") from its owner **Smt. Prabha Rastogi, W/o Late Shri R. D. Rastogi**. Any entity/ person, institution, or organization having objection or any right, title, interest, claim, demand, objection, share etc. of any nature by way of sale, gift, lease, inheritance, exchange, mortgage, charge, lien, trust, possession, easement, hypothecation, pending litigation, contract, agreement, decree, order of any court of law, any revenue court order, STF order, attachment or any other impediment with respect to said Property or any part thereof are hereby required to make the same known to the undersigned on the address mentioned below within 7 days from the date of publication of this notice, failing which, it shall be presumed that there are no adverse right, interest, claim or by any nature whatsoever it may be, exists against the said Property and the transfer/ sale will be completed.
Advocate Chandra Gupta Intralegem, F-102, C-18, Sector-14, Near Radission Blu, Kaushambi, Uttar Pradesh-201010. Email: partner.intralegem@outlook.com Mob. 9873412910

PUBLIC NOTICE
In the Court of **Sh. Mayank Bhardwaj, HCS Collector Ballabgarh** Notice Through publication Under Order 5 & Rule 20 CPC.
Rohtash & others Vs Fateh Singh & others
Case No. 1/AC 1st Grade Ballabgarh Dated 11.09.2023
Date of Hearing :- 25.03.2026
Application :- Appeal Fakul Rahan
Notice to 1. Sh. Fateh Singh, 2. Bhim Singh S/o Sh. Shree Ram S/o Sh. Rupa R/o Latif Pur, Tehsil Dhanda, Thana Dankaur, Dist. Gautam Budh Nagar (U.P)
In the above noted case, it has been proved to the satisfaction of this court that the above respondents are avoiding service to summons and it is not possible to get the summons served by ordinary way of service. Hence publication under order 5 rule (20) sub rule (1A) of CPC 1908 is hereby issued against them and they are directed to authorize agent in the court on **26.03.2026 at 3.00 P.M.** Otherwise ex-party proceeding shall be initiated against you.
Given under my hand and seal of this court of 19/02/2026
S/d Collector Ballabgarh

SBI भारतीय स्टेट बैंक
आरबीओ-4, एओ-4, सीआरएस केम्पस 2, प्लॉट न. 79, सेक्टर-18, गुरुग्राम, हरियाणा-122015
निविदा आमंत्रण सूचना
परिशिष्ट
कृपया सेक्टर 82/83 एवं 104 में शाखा खोलने/स्थानांतरण हेतु आवश्यक परिसर के संबंध में दिनांक 10.02.2026 को इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन का संदर्भ लें। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 05 मार्च 2026 कर दी गई है। शेष सभी विवरण यथावत रहेंगे। पूर्व में प्राप्त बोलियों पर भी विचार किया जाएगा।
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

INDIAN KAYAKING & CANOEING ASSOCIATION
Registered under the Societies Registration Act XXI 1860 Recognised by Ministry of Youth Affairs & Sports Department, Govt. of India, New Delhi
E-mail: ikcasports@gmail.com Tel: +91 7982515082
TENDER NOTICE
IKCA invites tender for- Kayaking and Canoeing equipments
1. IKCA /Tender K&C -165/ equipments 2025-26
2. IKCA /Tender K&C -166/ equipments 2025-26
3. IKCA /Tender K&C -167/ equipments 2025-26
4. IKCA /Tender K&C -168/ equipments 2025-26
Date of sale & submission of tender: **25.02.2026 to 10.03.2026 upto 05:00 pm**
Download it from: https://www.ikca.in/ and http://sportsauthorityofindia.nic.in
(President-Prashant Kushwaha)

न्यायालय सूचना

IN THE COURT OF MS. NEHA, DJ-08, SOUTH-EAST DISTRICT ROOM NO. 510, SAKET COURTS, NEW DELHI
CITATION UNDER SECTION 278 OF THE INDIAN SUCCESSION ACT, 1925
Whereas an application under section 278 of The Indian Succession Act, 1925, for grant of letter of Administration, in respect of the bank lockers of deceased, Late Smt. Uma Ohri, Wife Late Sh. Kamal Krishan Ohri, Permanent resident of 17, Chichester Gardens, Ilford, Essex, IG1 3 NB, London, United Kingdom, who died on 25.08.2020 at New Royal London Hospital White Chapel, London, United Kingdom, which has been made by his petitioner, in the joint names of testator, before this court.
Notice is hereby given to the general public having any interest in the Letter of Administration of the bank Lockers of Deceased of the above named Petitioner deceased may if he/she desires, appear in this court on 10.04.2026 and participate in the proceedings before the grant of Letter of Administration/Probate of will.
Given under my hand and the seal of this court on this 13th day of February, 2026.
District Judge-08 (South-East) Saket, New Delhi

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Dinesh Garg R/o C-44 Maharana Pratap Enclave Pitampura, Delhi - 110034 have changed my minor son's name from Smayan Garg to Samay Garg.

I, DHARMINDAR SINGH s/o DIPTI SINGH r/o H 132 TILA SHAHBAZPUR GHAZIABAD UTTAR PRADESH -201102 have changed my name to DHARMENDRA MAVI

I, Sudesh Kumar Sharma, R/o Gurugram, Haryana, have changed my name to Sudesh Sharma and shall henceforth be known as Sudesh Sharma.

मैं, रश्मी साहोता, श्री विजय कुमार साहोता की पुत्री, घोषणा करती हूं कि मेरे 10वीं कक्षा के प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम विजय कुमार गलत है। सही नाम विजय कुमार साहोता है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति को संदर्भित करते हैं। मैं सुधार का अनुरोध करती हूं।

I, Kanika Singal D/o Balbir Singh Jabbal R/o B-3/385, 2nd Floor Paschim Vihar New Delhi-110063, have changed my name from Kanika Singal to Kaniika Ssingh for all future purposes.

TO BOOK YOUR SOULMATE ADS PLEASE CALL AMIT : 9811790649 TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

TIMES interact — TIMES SPACE CENTRES
CENTRAL: Ramnivas Advtg. 9810145472 | AD Arena 9818323111 | SV Classifieds 9811118534
SOUTH: A & M Media Advtg. 9811602901 | A to Z Advertisers 9891381789 | AB & C. Comm. 9811633191 | AD MAX 9810292725 | RLT AD Services 9818578964
FOR MORE DETAILS PLEASE CONTACT BELOW MOBILE NOS. 99994-99496 / 99998-56480 98117 90649

निविदाएं (टेंडर्स)

THE DELHI GOLF CLUB
Dr. Zakir Hussain Road, New Delhi-03
Quotations are invited for purchase of 03 Nos. Utility Vehicles (Loader) Detailed RFP can be download from DGC Website http://delhigolfclub.org/tendernotice/ Sealed forms mentioning word **"Tenders for purchase of 03 Nos. Utility Vehicles (Loader)"** in capital letters on the top of the envelope must reach us before **4:00 PM on 05th March 2026**. Tender Box is placed in the Main Office of DGC.
Lt. Col. Rohit Singh (Retd) Secretary The Delhi Golf Club

TO BOOK YOUR VEHICLE ADS PLEASE CALL AMAN : 9312633518 TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

BOOK YOUR VEHICLE ADS — TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com | SCAN QR CODE

GALLERIA — TIMES interact

उत्तम क्वालिटी की मजबूत फूल झाड़ू
SURAJ BRAND® BROOMS
झाड़ू लगाने की आदत, हो हर इंसान को, झुकना जहां जब आ गया, मिल गया वो राम को।
सफाई है वहीं..... हरी राम गुलाब राय ....की सूरज ब्राण्ड फूल झाड़ू है जहां
रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क "सूरज ब्राण्ड" देखकर ही झाड़ू खरीदें
For wholesale Enquiry Contact - 011- 45545686

HEALTH & WELLNESS — TIMES interact

Since 1928 भरपूर शक्ति एवं सुखी विवाहित जीवन के लिए सलाह लें सबलोक फार्मेसी
हकीम श्री हरि किशन लाल जी द्वारा स्थापित 1928 से आपकी सेवा में
2266, आर्य समाज रोड, करोल बाग दिल्ली 9810041410

TO BOOK YOUR RECRUITMENT ADS PLEASE CALL AMIT : 9811790649 TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE | SCAN QR CODE

BUSINESS CONNECT — TIMES interact

future cities — CAPEX | MUNICIPALIKA | PWX
25, 26 & 27 FEBRUARY 2026
Hall - 5, Bharat Mandapam, New Delhi
INAUGURATION TODAY
India's Leading Exhibition and Conference on
Safe, Smart and Sustainable City Solutions • Innovative Building Design, Materials and Technologies • Public Works and Infrastructure
Join thousands of urban and housing policy makers, city leaders, urban utilities, engineers, architects, planners, innovators and solution providers shaping India's urban future. The only 360 degree platform where policy meets execution to create business opportunities !!
B2B and B2G Platform | Time: 10:00 am - 6:00 pm
www.municipalika.com | contact@fairfest.in
*Municipalika is a B2B and B2G show, visitors below 15 years are not allowed. Right of Entry Reserved. Terms and Conditions Apply. municipalika.com/entry-tnc
FAIRFEST | Good Governance India Foundation | urbanBuzz

GET NOTICED — TIMES interact

⚠ BEWARE OF PIRATED COPIES
Orient BlackSwan
It has come to our notice that unscrupulous sellers on online platforms are selling pirated copies of Orient BlackSwan's popular mainline school series:
* GUL MOHAR * BUZZWORD * MAGNOLIA
* MATHS AHEAD * GETTING AHEAD IN SOCIAL STUDIES
* NEPTUNE WORLD AROUND US * NEPTUNE MATHS
* NEPTUNE SCIENCE * NEPTUNE SOCIAL SCIENCE
These fake copies are poorly printed, use substandard paper, and have incomplete content.
In addition, students purchasing these pirated copies will have no access to the **FREE digital resources** on the Orient BlackSwan Smart App.
Only genuine books have the unique access code.
Buy authentic copies from authorised distributors or contact us at
Email ID: customercare@orientblackswan.com
WhatsApp number: +91 9391025353
Website: www.orientblackswan.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विभिन्न हैवी मशीनरी सप्लाई के लिए ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-GSD, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
1. निविदा सूचना क्रमांक: NIT/26/FEB/31255094B/14 दिनांक: 05.02.2026
आइटम का संक्षिप्त विवरण: ओपन टाइप इलेक्ट्रिक करोस ट्रैवर्सर का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग व टेस्टिंग, क्षमता 60 टन, 5 साल के लिए पोस्ट वॉरंटी CAMC के साथ। मात्रा: 01 नग।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 2,53,98,253/- ईएमडी: ₹ 5,07,970/-
देय तिथि: दिनांक 05.03.2026, देय समय: सुबह 10:30 बजे।
2. निविदा सूचना क्रमांक: NIT/26/FEB/31265001/15 दिनांक: 14.02.2026
आइटम का संक्षिप्त विवरण: 25/5 टन क्षमता वाले क्रेन, गैन्ट्री का डिजाइन, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग व टेस्टिंग। मात्रा: 02 नग।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,41,20,000/- ईएमडी: ₹ 2,82,400/-
देय तिथि: दिनांक 09.03.2026, देय समय: सुबह 10:30 बजे।
नोट: सभी निविदाकर्ता अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। अधिक जानकारी हेतु IREPS वेबसाइट पर जाएं।
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-GSD, द.पू.म. रेलवे, नागपुर
A/08/74/327
स्वच्छ भारत अभियान

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली निविदा नोटिस का प्रथम संशोधन
खुली निविदा सूचना सं. EPC-PSI-MUR-GKC-NER दिनांक: 30.01.2026, कार्य का नाम 'ईपीसी मोड पर विद्युत कर्षण बिजली आपूर्ति प्रतिष्ठानों की क्षमता उन्नयन कार्य के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के मनकापुर-गोरखपुर कैंट खण्ड में 2x25 kV AT कर्षण फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित स्विचिंग पोस्ट के साथ कर्षण उप स्टेशनों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग' का कार्य में निम्नलिखित संशोधन किये गये है- क्र.सं.:- 1. मापदंड:- पहली प्री-बिड संबंधी पूछताछ के बाद विशिष्ट ईपीसी निविदा दस्तावेज खंडों में परिवर्तन। पहले प्रकाशित संशोधित:- नया दस्तावेज अपलोड किया गया। प्री-बिड प्रश्नों का उत्तर। अतिरिक्त सूचना रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
मुख्य विद्युत अभियन्ता (परियोजना)/ लखनऊ
मुजवि/विद्यु-288
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

IDBI BANK आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400005
CIN No: L65190MH2004GOI148838
(1) एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस मैनेजमेंट (एपीआईएम) प्लेटफ़ॉर्म की सप्लाई, इम्प्लीमेंटेशन, सपोर्ट और मेंटेनेंस के लिए आरएफपी
(2) हैकाथॉन आयोजित करने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को शामिल करने के लिए आरएफपी
आईडीबीआई बैंक उपरोक्त समाधान हेतु पात्र बोलीदाताओं से सीलबंद बोली आमंत्रित करता है। विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.idbi.bank.in (नोटिस और टेंडर) देखें।
नोट: उपरोक्त आरएफपी के संबंध में कोई और परिशिष्ट / सुधार / तारीखों का विस्तार / स्पष्टीकरण / बोलीदाताओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे। समाचार पत्रों में इस हेतु कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अतः बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध में स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखते रहें।

फटाफट खबरें

जुबिन के नाम-फोटो इस्तेमाल पर रोक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने सिंगर जुबिन नौटियाल की निजी पहचान और प्रचार के अधिकारों की सुरक्षा के लिए अंतरिम आदेश पारित किया है। 19 फरवरी को पारित आदेश में जस्टिस तुषार राव गेडेला ने कई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) प्लैटफॉर्म, वेबसाइट और ई-कॉमर्स पोर्टल को उनके नाम, आवाज/वोकल स्टाइल, गाने के तरीके, तस्वीरों और एकरूपता का बिना इजाजत इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी।

'कांतारा' विवाद में रणवीर को फटकार

■ भाषा, बेंगलुरु : कर्नाटक हाई कोर्ट ने बॉलिवुड अभिनेता रणवीर सिंह को राहत देते हुए मंगलवार को पुलिस को निर्देश दिया कि एक स्थानीय देवी का कथित रूप से मजाक उड़ाने के मामले में उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। केस को रद्द करने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की पीठ ने बेंगलुरु पुलिस को यह निर्देश दिए। कोर्ट ने अभिनेता को भी उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई।

मॉब लिंचिंग निर्देश पर सुनवाई नहीं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने उस अवमानना याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें आरोप था कि राज्यों ने 2018 के तहसीन पूनावाला बनाम केंद्र मामले में फैसले के निर्देशों का पालन नहीं किया है। इस फैसले में मॉब लिंचिंग और घृणा अपराधों पर रोक लगाने के लिए निर्देश जारी किए गए थे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच समस्त केरल जमीयत उल उलेमा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

उदय भानु चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में किया जोरदार प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को युवा कांग्रेस ने दिल्ली में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी मुख्यालय से रायसीना रोड की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक दिया और कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया। युवा कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए केंद्र सरकार पर तानाशाही रवैये का आरोप लगाया।

प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, सचिव और कई राज्यों के अध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट उतारकर विरोध जताया और डेमोक्रेसी इन डेड जैसे नारे लगाए। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हरपाल बुदुरशय ने कहा, क्या शांतिपूर्ण विरोध करना गलत है? किसानों, युवाओं और उद्योग के हितों से समझौता कर सच्चाई को दबाया नहीं जा सकता। युवा कांग्रेस ने इस सच्चाई को उजागर किया है। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने आरोप लगाया कि जब भी मोदी सरकार को खतरा महसूस होता है, वह पुलिस का सहारा लेती है।

उधर, चिब को पुलिस ने ज्यूडिशल मैजिस्ट्रेट रवि के सामने पेश किया और सात दिन की रिमांड मांगी। जज ने चिब को 28 फरवरी तक रिमांड में भेज दिया। कोर्ट ने कहा कि रिमांड पूरी होने पर जांच अधिकारी आरोपी को एक डिटेल्ड रिमांड रिपोर्ट के साथ संबंधित कोर्ट या संबंधित ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के सामने पेश करेगा। अदालत के आदेश के मुताबिक, पुलिस कस्टडी के दौरान, जांच अधिकारी को सभी कानूनी सुरक्षा उपायों का पालन करना होगा। इसमें मेडिकल जांच, केस डायरी रखना और आरोपी को तय समय के अंदर कोर्ट में पेश करना शामिल है। चिब को BNSS के सेक्शन-38 के अनुसार पूछताछ के दौरान अपने वकील से मिलने का अधिकार होगा।

IT की स्टैंडिंग कमिटी में शर्टलेस प्रदर्शन की निंदा

शर्टलेस प्रदर्शन की आईटी मामलों की स्टैंडिंग कमेटी ने निंदा कर प्रस्ताव पारित किया। समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे के मुताबिक, बैठक शुरू होते ही बीजेपी के वरिष्ठ नेता असरपाल मौर्य ने कहा कि इस घटना पर चर्चा होनी चाहिए। इसका दूसरे सांसदों ने समर्थन किया। विपक्षी सांसद भी समर्थन में थे, जिसके बाद यह प्रस्ताव पारित हुआ। समिट में पूरी दुनिया आई थी। इसका जश्न मनाया जाना चाहिए था, लेकिन यूथ कांग्रेस ने जो किया, दुर्भाग्यपूर्ण है।

चिब की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली में प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता

'युवा कांग्रेस के बब्बर शेर साथियों पर गर्व'

एआई समिट में विरोध प्रदर्शन के मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी की पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने निंदा की। कहा, सत्ता को सच का आईना दिखाना अपराध नहीं, देशभक्ति है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है। मुझे युवा कांग्रेस के अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है, जिन्होंने 'कम्प्रोमाइज्ड पीएम' के खिलाफ निडर होकर देश के हित में आवाज उठाई है।' उन्होंने कहा, 'हम सच्चाई को देश के सामने रखेंगे। मेरे युवा कांग्रेस अध्यक्ष चिब और अन्य साथियों की गिरफ्तारी तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का प्रमाण है।'

US से डील रद्द कर दिखाएं: राहुल

पीटीआई, भोपाल : राहुल गांधी ने मंगलवार को भोपाल में आरोप लगाया कि एपस्टीन फाइल्स जारी करने की धमकी और गौतम अडाणी के खिलाफ अमेरिका में चल रहे आपराधिक मुकदमे के कारण दबाव में आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को मंजूरी दी है। हिम्मत है तो इसे रद्द कर दिखाएं।

अब तक दिल्ली पुलिस ने इन धाराओं में की है कार्रवाई

- 121(1) : पब्लिक सर्वेंट को ड्यूटी से रोकना और जानबूझकर मामूली चोट पहुंचाना
- 132 : सरकारी कर्मचारी को काम करने से रोकने के लिए ताकत का प्रयोग करना
- 190 : गैरकानूनी सभा कर एक समान मकसद को पूरा करने के लिए अपराध करना
- 195 (1) : गैरकानूनी सभा, दंगा या झगड़े को काबू कर रहे पब्लिक सर्वेंट पर हमला
- 221 : पब्लिक सर्वेंट के सार्वजनिक काम करने के दौरान जानबूझकर बाधा डालना
- 223 (A) : सरकारी आदेश का उल्लंघन करते हुए चोट पहुंचाना या असुविधा करना
- 196 : अलग-अलग समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव को बिगाड़ना
- 197 : राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक दावे करना, झूठे और भ्रामक आरोप लगाना
- 3(5) : कई लोगों का एक समान इरादे से मिलकर एक ही तरह का अपराध करना
- 61(2) : आपराधिक साजिश वाले प्रदर्शन करवाने वाले भी समान जुर्म के आरोपी

हल्द्वानी मामले में SC बोला- पुनर्वास पर फोकस हो

ज़मीन रेलवे की है, कब्ज़ा करने वाले हक नहीं जता सकते : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर बसे लोगों को वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह सार्वजनिक यानी रेलवे की भूमि है और इस पर कब्जा करने वाले लोग इसे अपना अधिकार नहीं बता सकते। अब मुख्य मुद्दा केवल उनके पुनर्वास का है। इस टिप्पणी से साफ है कि प्रस्तावित विस्तार परियोजना के लिए 5,000 से अधिक परिवारों को यह भूमि खाली करनी होगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह विवाद कई अदालतों से होकर गुजर चुका है और इसे अनिश्चितकाल तक नहीं खींचा जा सकता। अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वहां रहने वाले परिवारों की प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के तहत पात्रता तय की जाए। इसके लिए नैनीताल के कलेक्टर, हल्द्वानी के उप-मंडलाधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों को क्षेत्र में शिविर लगाकर लोगों की मदद करने को कहा गया है, ताकि वे योजना के तहत आवेदन कर सकें। कोर्ट ने कहा कि यदि पात्र परिवार 31 मार्च तक पीएमएवाई के लिए आवेदन कर दें तो यह सहायक होगा। साथ ही कलेक्टर और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने दलील दी कि कई परिवार पिछले 40-50 साल से वहां रह रहे हैं और राज्य सरकार ने कभी इलाके को नियमित करने का आश्वासन भी दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे को विस्तार के लिए पूरी जमीन की जरूरत नहीं है। लेकिन कोर्ट ने साफ किया कि यह रेलवे को परियोजना स्थानांतरित करने का आदेश नहीं दे सकती। जस्टिस बागची ने टिप्पणी की कि यह निर्विवाद है कि जमीन रेलवे की है। यदि अधिकारियों ने वर्षों तक कार्रवाई नहीं की, तो इसका मतलब यह नहीं कि वहां रहने वालों को स्थायी अधिकार मिल गया।

'परिवारों की पात्रता तय करे सरकार'

कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रभावित परिवारों की आजीविका पर असर न पड़े, इसलिए उन्हें पुनर्वास का अवसर दिया जाना चाहिए। अधिकतर लोग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) में आते हैं, इसलिए वे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर पाने के पात्र हो सकते हैं। केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि जरूरत पड़ने पर पात्र परिवारों को छह महीने तक हर माह 2,000 रुपये की सहायता भी दी जा सकती है। गौरतलब है कि दिसंबर 2022 में नैनीताल हाई कोर्ट ने बनभूलपुरा क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद 4,000 से अधिक परिवार बेदखली के खतरे में आ गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2023 में उस आदेश पर रोक लगाते हुए पुनर्वास पर जोर दिया था। मंगलवार को भी राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह शिविर लगाकर हर परिवार की पात्रता तय करे।

HC पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : नाबालिग के यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों में केस दर्ज होने के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मंगलवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। प्रयागराज के झूंसी थाने में अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ एक नाबालिग सहित दो लोगों के यौन शोषण के आरोपों में पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

नक्सलियों के टॉप लीडर समेत 4 ने डाले हथियार

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : देश को 31 मार्च तक नक्सल फ्री करने के अभियान के तहत मंगलवार को नक्सलियों के टॉप-4 लीडरों में नंबर-1 देवजी उर्फ तिप्परी तिरुपति (62) और संग्राम उर्फ मल्ला राजी रेड्डी (76) ने अपने दो अन्य वरिष्ठ साथियों के साथ सरेंडर कर दिया। देवजी और संग्राम 21 फरवरी को तेलंगाना पुलिस के संपर्क में आ गए थे। मंगलवार को तेलंगाना के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी के सामने इनका आधिकारिक रूप से सरेंडर हुआ। आने वाले समय में 50 और नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने की बात सामने आ रही है।

सूत्रों का कहना है कि पुलिस अधिकारी नक्सलियों के इस ग्रुप के संपर्क में हैं। यह एनकाउंटर की जगह जल्द ही आत्मसमर्पण करने को तैयार हो रहा है। तेलंगाना पुलिस के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी ने एनबीटी को बताया कि देवजी और संग्राम के अलावा बड़े चोक्का राव उर्फ दामोदर उर्फ जगन और मूले नरसिम्हा रेड्डी उर्फ नरसिम्हा ने भी सरकार के सामने हथियार डाल दिए। देवजी को इससे पहले कभी नहीं पकड़ा गया। वह 44 साल से अंडरग्राउंड था। देवजी को पार्टी के पोलित ब्यूरो की केंद्रीय समिति की बैठक में भाकपा (माओवादी) का सचिव चुना जाना था, लेकिन यह बैठक कभी नहीं हुई। चारों नक्सलियों को पुलिस अधिकारियों के साथ ही मंच पर बैठने का मौका मिला।

देवजी उर्फ तिप्परी तिरुपति

हत्या कर शव नीले ड्रम में डालने वाले ने कहा- पापा को मारना नहीं चाहता था

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

आशियाना निवासी वर्धमान पैथोलजी के मालिक मानवेंद्र सिंह की हत्या उनके बेटे ने गुस्से में आकर की थी। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को साथ लेकर मकान में सीन रीक्रिएट किया। अक्षत ने रीक्रिएशन के दौरान पुलिस के सामने कहा, 'मैं पापा को जान से मारना नहीं चाहता था। मुझे यह नहीं मालूम था कि राइफल लोड है। गुस्से में राइफल तानी और ट्रिगर दबते ही फायर हो गया था।'

33 मिनट तक चले रीक्रिएशन में सामने आया कि घटना वाली रात मानवेंद्र ने बेटे अक्षत को उसकी हरकतों के लिए डांटा। राइफल उठाकर धमकाया कि अगर वह नहीं सुधरा तो गोली मार देंगे। इसके बाद राइफल बगल में रख दी और बड़बड़ाते हुए बिस्तर पर लेट गए। कुछ देर बाद गुस्से से आग बबूला अक्षत ने उसी राइफल से पिता के सिर में गोली मार दी थी। घटना के रीक्रिएशन के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। मानवेंद्र सिंह की 20 फरवरी को उनके बेटे अक्षत (21) ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद शव को आरी से काटकर कुछ टुकड़े फेंक दिए थे और कुछ टुकड़ों को घर में नीले ड्रम में भर दिया था। मानवेंद्र का पता न चलने और पड़ोसियों के दबाव पर उसने आशियाना थाने में पिता की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। शक होने पर पुलिस ने छानबीन की और सोमवार को अक्षत को गिरफ्तार कर उसके घर से मानवेंद्र के शव के टुकड़े ड्रम से बरामद कर लिए थे।

■ लखनऊ का है मामला, पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल पर लेजाकर किया सीन रीक्रिएशन

मृतक पिता और आरोपी बेटा

शव जलाने के लिए लाया था तारपीन

हत्यारोपित अक्षत ने पिता को गोली मारी थी तो गोली चलने की आवाज सुनकर उसकी छोटी बहन भी आ गई थी, लेकिन उसने धमकाकर उसकी जुबान बंद कर दी। अगले दिन वह आरी, तारपीन का तेल और रूम स्प्रे लेकर आया। बाथरूम में उसने शव के टुकड़े किए। हाथ व पैर को पॉलीथिन में रखकर कार में रखा। वहां से शव ग्राउंड फ्लोर पर ले जाकर उसके बाकी हिस्से को ड्रम में डाल दिया था। रात में मौका पाकर वह शव के टुकड़ों को घर से करीब 21 किमी दूर सदरौना इलाके में ले गया और फेंक दिया था। पुलिस ने शव के टुकड़ों को बरामद कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि उसका इरादा शव को घर में जला डालने का था। इसीलिए वह तारपीन का तेल भी लाया था। दुर्गंध रोकने के लिए रूम स्प्रे भी छिड़क रहा था।

पुलिस ने दर्ज करवाई एफआईआर : मानवेंद्र की हत्या के बाद उनके परिवारीजन घर पहुंच गए, लेकिन कोई भी हत्या की एफआईआर दर्ज करवाने थाने नहीं पहुंचा। पुलिस ने बुलाया, लेकिन किसी ने दिलचस्पी नहीं ली। लिहाजा आशियाना थाने के उपनिरीक्षक अग्रधारी यादव ने गुमशुदगी के प्रार्थना पत्र के आधार पर खुद वादी बनकर अक्षय प्रताप के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। उधर, मानवेंद्र के शव का पोस्टमार्टम हो गया, लेकिन शाम हो जाने की वजह से घर वाले उनका शव अंतिम संस्कार के लिए नहीं ले गए। बुधवार को उनके शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

ESIC मेंबर्स की सालाना होगी फ्री मेडिकल जांच

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को एंप्लॉयीज स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (ESIC) के उन सदस्यों के लिए मुफ्त सालाना मेडिकल चेक-अप सुविधा की शुरुआत की, जिनकी उम्र 40 साल से ज्यादा है। ESIC के 75वें स्थापना दिवस के मौके पर मांडविया ने यह ऐलान करते हुए कहा कि इससे वर्कर्स को बहुत फायदा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि ESIC को बेहतर सेवा देने पर जोर देना चाहिए। मांडविया ने कहा, कहा कि नए लेबर कोड्स से कर्मचारियों के लिए हेल्थकेयर से जुड़े प्रावधान मजबूत हुए हैं। श्रम मंत्री ने ESIC के दायरे में आने वाले सभी अस्पतालों में दवाओं, उपकरणों और डॉक्टरों की उपलब्धता पर जोर देते हुए कहा कि इनमें सुविधाएं बेहतर करते हुए दूसरे अस्पतालों में मरीज रेफर करने का कदम कम से कम उठाया जाए। अभी ESIC के नेटवर्क में 166 अस्पताल, 17 मेडिकल कॉलेज और करीब 1600 डिस्पेंसरी हैं। ESIC की हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम में 3.8 करोड़ मेंबर हैं और इनमें लगभग 1 करोड़ की उम्र 40 साल से ज्यादा है। इस मौके पर ESIC और नैशनल हेल्थ अथॉरिटी के बीच एक एग्रीमेंट भी हुआ, जिसके तहत ESI स्कीम को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से मिलाया जाएगा। ESIC ने नैशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेटरीज से भी करार किया।

श्रम मंत्री मांडविया ने ESIC के स्थापना दिवस पर की शुरुआत

नदियों के प्रदूषण का मामला SC ने बंद किया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नदियों के प्रदूषण के मुद्दे पर जनवरी 2021 में स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) से शुरू की गई कार्यवाही को बंद कर दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि जब से अदालत ने इस मामले का संज्ञान लिया था, तब से बहुत कम प्रगति हुई है, और इस विषय की प्राथमिक जिम्मेदारी राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) पर होनी चाहिए। चीफ जस्टिस ने कार्यवाही समाप्त करते हुए कहा कि नदी प्रदूषण से संबंधित मामलों को एनजीटी के समक्ष आगे बढ़ाया जाना चाहिए। अनेक मंचों पर समानांतर कार्यवाही से निर्देशों की निरंतरता और एकरूपता प्रभावित होती है।

कहा- इस विषय पर एनजीटी की जिम्मेदारी

भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
स्कोप कॉम्प्लेक्स, कोर 8, छठा तल, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

निविदा सूचना

भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (आईटीडीसी) द्वारा इच्छुक और योग्य एजेंसियों को दिल्ली एनसीआर में निम्नलिखित श्रेणियों के लिए गैर-विशिष्ट, किराये आधार पर ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर सहित पैनल में सम्मिलित करने का अनुरोध (आरएफई) आमंत्रित करता है।

1. कैब किराए पर लेना (हैचबैक, सेडान, प्रीमियम सेडान, एमपीवी, एसयूवी, प्रीमियम एसयूवी, लग्जरी सेडान)।
2. कोच किराए पर लेना (कम्यूटर वैन, लग्जरी वैन, टेम्पो ट्रैवलर, कोस्टर-टाइप कोच, मिड साइज कोच (एसी), मिड साइज कोच (नॉन-एसी), बड़े कोच (एसी), बड़े कोच (नॉन-एसी), प्रीमियम / लग्जरी कोच, प्रीमियम / लग्जरी कोच मैक्सी)।
3. ईवी कैब किराए पर लेना (हैचबैक, सेडान, कॉम्पैक्ट एसयूवी, प्रीमियम एसयूवी)।
4. लग्जरी कैब किराए पर लेना।
5. गोल्फ कार्ट किराए पर लेना।
6. पिंक कैब किराए पर लेना (सेडान)।
7. कारवां / वैनिटी वैन किराए पर लेना।
8. डबल डेकर किराए पर लेना।
9. बख्तरबंद (आर्मर्ड) वाहन किराए पर लेना।
10. सामान ढोने वाली गाड़ी (बैगेज वैन)।

इस पैनल में सम्मिलित होने की प्रारंभिक अवधि दो (2) वर्ष की होगी, जिसे आपसी सहमति और संतोषजनक प्रदर्शन की शर्त के साथ, समान शर्तों पर एक (1) वर्ष और बढ़ाया जा सकता है।

- विस्तृत आरएफई दस्तावेज और निविदा भरने के निर्देश 25/02/2026, 0900 बजे से 18/03/2026, 1500 बजे तक https://etenders.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय 18/03/2026 को 1500 बजे तक है।
- हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी। केवल उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से डिजिटल हस्ताक्षर वाले ऑनलाइन प्रविष्टि ही मान्य होंगी।

नोट : इस आरएफई से संबंधित सभी शुद्धि, अतिरिक्त जानकारी, संशोधन और विस्तार केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे। इच्छुक पार्टियों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर विजिट करें।
किसी भी जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें :
कार्यालय प्रभागाध्यक्ष (एटीटी प्रभाग), आईटीडीसी
फोन : 8848680275
प्रभागाध्यक्ष (एटीटी प्रभाग)
भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड / नई दिल्ली।
www.itdc.co.in

पोखरण में एक्सरसाइज अग्निवर्षा

इंडियन आर्मी ने परखी इंटिग्रेटेड कॉम्बैट पावर

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : भारतीय सेना की सदर्न कमांड ने रेगिस्तानी इलाके में अपनी इंटिग्रेटेड कॉम्बैट पावर (युद्ध क्षमता) को परखा। सैनिकों ने पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में 'एक्सरसाइज अग्नि वर्षा' की। अपनी तैयारी को परखा और 25 अलग अलग देशों के पत्रकारों के जरिए दुनिया को भी अपनी ताकत दिखाई। इस एक्सरसाइज में सैनिकों ने रेगिस्तान में अपनी ऑपरेशनल तैयारी और संयुक्त युद्ध कौशल को दिखाया। वास्तविक युद्ध जैसे माहौल में विभिन्न वेपन सिस्टम का इस्तेमाल किया गया और सटीक लंबी दूरी की मारक क्षमता और नेटवर्क आधारित कमांड और कंट्रोल सिस्टम की प्रभावशीलता को भी परखा गया। इस इंटिग्रेटेड फायर और मैन्यूवर एक्सरसाइज में अलग-अलग डोमेन में ऑपरेट कर रही मैकेनाइज्ड फोर्स की युद्ध क्षमता को दिखाया गया। पहली बार 25 देशों के पत्रकारों की मौजूदगी में इस तरह की एक्सरसाइज की गई है। भारतीय सेना ने दुनिया को थार के रेगिस्तान में अपनी स्पीड, सटीकता और कोऑर्डिनेशन को भी दिखाया। आधुनिक युद्धक्षेत्र की कई नई तकनीकों का इस्तेमाल किया गया। इसमें ड्रोन, एंटी-ड्रोन तरीके, सटीक निशाना लगाने वाले रॉकेट सिस्टम, आधुनिक तोपखाना प्लेटफॉर्म और नेटवर्क से जुड़ी निगरानी सिस्टम शामिल थे। इंटिग्रेटेड मैन्यूवर फोर्स में T-90 मेन बैटल टैंक, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल, K-9 वज्र सेल्फ प्रोपेल्ड होवित्जर, सारंग और बोफोर्स तोप प्रणाली, रॉकेट प्लैटफॉर्म, स्वदेशी अडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर, अपाचे और निगरानी और हमले वाले कई तरह के ड्रोन शामिल थे।

वायुशक्ति की रिहर्सल में नहीं उड़ा तेजस

इंडियन एयरफोर्स 27 फरवरी को राजस्थान के जैसलमेर में वायुशक्ति एक्सरसाइज करेगा। मंगलवार को इसकी फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। इसमें फाइटर जेट तेजस को भी शामिल होना था, लेकिन फुल ड्रेस रिहर्सल में तेजस नहीं उड़ा। दरअसल, हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लि. पूरे तेजस बेड़े की विस्तृत मेंटिनेंस जांच कर रहा है। इस महीने की शुरुआत में एक तेजस में तकनीकी दिक्कत आई थी।

पूर्वोत्तर रेलवे
नीलामी सूचना सं.-24/2025-26

माह मार्च -2026 का ई-नीलामी कार्यक्रम

सभी संभावित क्रेताओं को ऑन लाइन पब्लिक आक्शन के द्वारा रद्दी सामग्रियों के बिक्री में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है :-

ई-नीलामी तिथियाँ	अधीनस्थ लॉट	संपर्क फोन नं.
10, 18, 25 & 30 मार्च - 2026	उपमुसाप्र/डिपो/गोरखपुर	0551-2283558
03, 13, 19 & 24 मार्च - 2026	उपमुसाप्र/डिपो/इज्जतनगर	0581-2518138
02, 12, 17 & 25 मार्च - 2026	वमंसाप्र/लखनऊ	0522-2233113
03, 11, 19 & 27 मार्च - 2026	वमंसाप्र/वाराणसी	0542-2224819
02, 09, 17 & 25 मार्च - 2026	वमंसाप्र/इज्जतनगर	0581-2518104

सामग्री का प्रकार : स्क्रैप रेल, कास्ट आयरन, मैल्टिंग, एच.एम.एस., निराकृत वैगन, कोच एवं लोकोमोटिव, टर्निंग, बोरिंग, फेरस, नॉन फेरस, कॉपर, एल्युमीनियम, बैटरीज आदि। नीलामी प्रक्रिया उसी दिन पूर्ण नहीं होने पर नीलामी प्रक्रिया अगले दिन भी जारी रहेगी। नीलामी कैटलाग, प्रक्रिया एवं बिक्री शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। यह सूचना पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट www.ner.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
मुजसं/एस- 85
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर (उ०प्र०)
Website: www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों / ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट देखते रहें।
(क)
1. 19 / महा०प्र०(वि० / यां०) / वरि०प्र०-(वि० / यां०-4) / 2025-26. नौएडा-ग्रेटर नौएडा एक्सप्रेस वे चैनेज 16.90 कि.मी. पर निर्माणाधीन अण्डरपास के रूट में आ रही 33 केवी एवं 11 केवी विद्युत लाईनों एवं स्ट्रीट खम्भों के स्थानान्तरण का कार्य। लागत रू0 654.00 लाख।
2. 21 / महा०प्र०(वि० / यां०) / वरि०प्र०-(वि० / यां०-4) / 2025-26. सैक्टर-155 में 33 / 11 केवी विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण कार्य। (विद्युत कार्य) लागत रू0 1102.92 लाख।

जिन्हें दिनांक- 03.03.2026 को सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक- 05.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेंगी।
महाप्रबन्धक (वि० / यां०)
नौएडा
स्वच्छ, हरित, सघुराज, सुरक्षित नौएडा

पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका नाम: राजू पुत्र: रामेश्वर दयाल, निवासी: म० नं० ए-1, ताजपुर पहाड़ी जैतपुर मोड़ बदरपुर, नई दिल्ली, जो कि दिनांक 10.02.2026 को जैतपुर मोड़, बदरपुर, नई दिल्ली क्षेत्र में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में DD No.: 12A, Dated 10.02.2026, पुलिस स्टेशन बदरपुर, दक्षिण-पूर्व जिला, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है।
नीचे मृत पुरुष की पहचान दी गई है:
लिंग: पुरुष, उम्र: लगभग 46 वर्ष, कद: लगभग 5'2", रंग: गेंहुआ, चेहरा: गोल, शरीर: मध्यम, पहनावा: पीले चेक वाला स्वेटर, नीली पैंट और पैरों में चप्पल पहने हुए है। मृतक के शव को पहचान के लिए सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली के शवगृह में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।
अगर किसी को इस मृत पुरुष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।
थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन बदरपुर,
दक्षिण-पूर्व जिला, नई दिल्ली
DP/2416/SE/2026
फोन: 8750870933, 9213891187

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त राकेश, पता: डायरेक्टर, मैसर्स आरएसएच इंफ्रा हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड, 207-208, सेकंड फ्लोर, दशमेश प्लाजा, अजरौंदा चौक, सेक्टर-20बी, फरीदाबाद ने FIR No. 6438/2017, U/s 200/156(3) CRPC, पुलिस थाना गोविंद पुरी, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त राकेश मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त राकेश फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 6438/2017, U/s 200/156(3) CRPC, पुलिस थाना गोविंद पुरी, नई दिल्ली के अभियुक्त राकेश से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 20.07.2026 को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार - देवांशी जनमेजा
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-04, दक्षिण-पूर्व जिला
DP/2198/SE/2026
कमरा नं. 10, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्र अज्ञात पता अज्ञात जिसकी उम्र लगभग 31 वर्ष, कद: 5'6", रंग: गहरा, चेहरा: अण्डाकार, शरीर: सामान्य, बाल: लम्बे व काले, आँखें: काली, पहचान: चेहरे पर तिल है, जिसने प्रिंटेड कमीज, काले रंग का पजामा पहना है। जो कि 22.02.2026 को संजय पार्क, जे.जे. कॉलोनी, वजीरपुर, दिल्ली में बेहोशी की अवस्था में मिला और जिसे दीप चंद बंधु अस्पताल में पीसीआर वैन द्वारा दिनांक 22.02.2026 को एमएलसी नं. M18001612601020 पर भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत लाया घोषित कर दिया। जिसके मृत शरीर को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल के शवगृह में पहचान के लिए सुरक्षित रखा है। इस संदर्भ में DD No.0045A दिनांक: 22.02.2026 धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता थाना भारत नगर, दिल्ली में दर्ज है।
इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।
थानाध्यक्ष
थाना: भारत नगर, दिल्ली
फोन. नं. 011-27301200, 27303222
मो.: 8750870222
DP/2351/NW/2026

नवभारत टाइम्स • विचार
नवभारत टाइम्स | नई दिल्ली | बुधवार, 25 फरवरी 2026

आधुनिक महत्वाकांक्षा के दबाव से कोई भी पूरी तरह मुक्त नहीं है।
- एलेन डी बॉटन, ब्रिटिश लेखक

किसकी विफलता

नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो का डेटा बताता है कि 2013 से 2023 के बीच, एक दशक में स्टूडेंट्स के आत्महत्या करने की दर 65% बढ़ गई। इन सुसाइड के पीछे मुख्य वजहें रहीं पढ़ाई का प्रेशर और सामाजिक-पारिवारिक-आर्थिक दबाव। लेकिन, लखनऊ में जिस तरह का अपराध हुआ है, उसके पीछे केवल पढ़ाई का दबाव नहीं। यह परिवारों में बढ़ती संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की विफलता का संकेत है।

AI Image

पिता की हत्या

दबा हुआ गुस्सा | पुलिस जांच के मुताबिक, पैथोलॉजी लैब संचालक पिता चाहते थे कि उनका बेटा डॉक्टर बने। वह उस पर NEET क्लियर करने का दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों में बहस हुई। 21 साल के बेटे ने पिता को गोली मारी और फिर शव को छुपाने के लिए उसके कई टुकड़े किए। कुछ टुकड़ों को बाहर ले जाकर फेंका, कुछ को घर में ड्रम में छिपाया। छोटी बहन को डरा-धमकाकर चुप रखना और पुलिस के सामने पहले पिता के लापता होने और फिर खुदकुशी की कहानी पेश करना बताता है कि यह केवल आवेश में उठाया गया कदम नहीं था।

करियर का दबाव | कैसे एक बेटे के भीतर इतनी नफरत भर सकती है कि वह अपने पिता के साथ इतनी नृशंस वारदात को अंजाम दे? क्या 'कुछ बनने' का दबाव इतना भारी हो सकता है कि उसके आगे रिश्ते दरक जाएं? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान करियर में अच्छा करे, लेकिन कई बार इसकी वजह से ऐसा अनदेखा दबाव पनपता है, जिसका अंदाजा समय रहते नहीं लग पाता। इस मामले में कई और वजहें भी होंगी, जो धीरे-धीरे जुड़ती चली गईं और इस भयावह वारदात का कारण बनीं - जिनका पता जांच में चलेगा।

टूटते सपने | भारत में NEET और JEE जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के लिए उम्मीद का रास्ता हैं। लेकिन, यह भी सच है कि इन परीक्षाओं के साथ असाधारण दबाव जुड़ा होता है। NEET में पिछले साल 23 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जबकि JEE मेन 2026 सेशन-1 में 13.55 लाख रजिस्ट्रेशन थे। इनमें से बहुत थोड़े होते हैं, जिन्हें अच्छे संस्थानों में प्रवेश मिल पाता है। हर साल कोटा जैसे कोचिंग हब से स्टूडेंट्स के खुदकुशी की खबरें आती हैं।

सामाजिक संवाद | इस घटना का दूसरा बड़ा पहलू सामाजिक है। आरोपी स्टूडेंट की मां का निधन हो चुका है। हालांकि घर में चाचा-चाची भी हैं। अगर घर में लगातार संवाद होता, युवक की मनोस्थिति को समझने की कोशिश की जाती, तो हो सकता है कि बात यहां तक न पहुंचती।

नाभि में तीर

'जय हो' रोड!

हरि मृदुल

आज सुबह ही दूर के एक रिश्तेदार का फोन आया कि इसी हफ्ते मुंबई पहुंच रहा हूं। न गेटवे ऑफ इंडिया देखना है, न जुहू बीच जाना है, न फिल्मसिटी में लाइव शूटिंग देखने की लालसा है, न गिरगांव चौपाटी की रौनक में शामिल होना है, न बांद्रा सीलिंक से गुजरकर कोई थ्रिल महसूस करना है, बस एक ही मनोकामना है- 'जय हो' रोड में अस्सी की स्पीड में गाड़ी भगानी है। मैं एकबारगी चौंका- यह 'जय हो' रोड क्या है और कहां पर स्थित है? दिमाग पर जोर डालने पर ध्यान आया कि हां, कुछ दिन पहले इसकी बड़ी चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुद कोस्टल रोड पहुंच टेस्ट ड्राइविंग की थी। रिश्तेदार इस रोड के बारे में कितनी ही जिज्ञासाएं व्यक्त कर रहा था, मैंने पीछा छुड़ाने की गरज से कहा- मुंबई पहुंच जाओ, फिर देखते हैं...।

सचमुच कुछ काम ऐसे हैं, जिन्हें मुंबई ही कर सकती है या मुंबई में ही किया जा सकता है। ऐसी ही यह 'जय हो' रोड है। आखिरकार मुंबई ने हंगेरियन तकनीक की मदद से एक सड़क को ही गवैया बना दिया। असल में कोस्टल रोड पर 500 मीटर का यह एक ऐसा जादुई टुकड़ा है, जहां अगर 70-80 की स्पीड में गाड़ी भगाई जाती है, तो सड़क खुद ऑस्कर विनिंग फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' का गीत 'जय हो' गुनगुनाने लगती है। कमाल की म्यूजिकल रोड। दुनिया की पांचवीं। भारत की पहली। गर्व है जी। बहुत गर्व है। लेकिन सच यह है कि कोस्टल रोड का यह 500 मीटर का टुकड़ा वह 'रेशम' है, जिसे सैकड़ों किलोमीटर लंबी, हॉर्न के शोर से भरी, ट्रैफिक जाम और छोटे-बड़े गड्ढों वाली टाट जैसी सड़कों के बीच पैबंद की तरह जोड़ दिया गया है। यह एक उलटबांसी है। अक्सर गड्ढे बोलते हैं। हॉर्न बजते हैं। ट्रैफिक जाम में फंसा आदमी चिल्लाता है। सो, सरकार ने सोचा कि एक सड़क ऐसी बना दी जाए, जो गाना गाए। लेकिन मैं चार महीने बाद होनेवाली बरसात के बारे में सोच रहा हूं, जब मुंबई गड्ढों से पट जाया करती है। तब तो इस रोड को 'जय हो' की तर्ज पर सिर्फ 'भय हो' गाना चाहिए।

एकदा

संकलन : रेनू सैनी

गुलाबी रंग बना ब्रैंड

अमेरिका के टेक्सस की रहने वाली Mary Kay Ash अत्यंत मेहनती और महत्वाकांक्षी महिला थीं। एक कंपनी में उन्होंने वर्षों तक निष्ठा से काम किया, लेकिन जब उनसे जूनियर एक पुरुष कर्मचारी को प्रमोशन देकर उसके वेतन को दोगुना कर दिया गया, तो उन्हें गहरा धक्का लगा। इससे पहले भी उन्हें कार्यस्थलों पर लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ा था। 45 वर्ष की आयु में उन्होंने नौकरी छोड़ दी। पहले उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने की सलाह देने के लिए पुस्तक लिखने का विचार किया, पर जल्दी ही समझ गईं कि केवल शब्द काफी नहीं, उदाहरण बनना होगा। 1963 में उन्होंने अपनी बचत से Mary Kay Cosmetics की स्थापना की। शुरुआत में नौ महिलाओं के साथ एक छोटे स्टोर से काम शुरू हुआ। उन्होंने गुलाबी रंग को ब्रैंड बनाया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को 'गुलाबी कैडिलैक' कार से सम्मानित किया। कुछ ही वर्षों में कंपनी 30 से अधिक देशों में फैल गई और लाखों महिला सेल्सकर्मियों को मंच मिला। मैरी ने सिद्ध कर दिया कि संकल्प और साहस से महिला केवल सफलता ही नहीं, नई राह भी बना सकती है।

Subrata Dhar

प्राइवेट यूनिवर्सिटी से स्टूडेंट्स के लिए मौक़े तो बने पर शिक्षा में गुणवत्ता नहीं मिली

क्वॉलिटी एजुकेशन की है ज़रूरत

मनोज झा

Adobe Stock


नई दिल्ली में हुए AI इम्पैक्ट समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी से जुड़े विवाद ने दिखाया कि भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था के अंदर कई खामियां हैं, जिन्हें हम अक्सर बड़ी-बड़ी घोषणाओं और चमकदार कार्यक्रमों के पीछे छिपा देते हैं। गलगोटिया मामले पर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिली, उसे देखते हुए लगता है कि समाज को आज भी यूनिवर्सिटी से गंभीरता और भरोसे की उम्मीद है। लेकिन, सवाल है कि यह घटना अचानक हुई या यह भी उसी बदलती व्यवस्था का नतीजा है, जहां दिखावा धीरे-धीरे गुणवत्ता की जगह ले लेता है।

भरोसा नहीं बना पाए | गलगोटिया यूनिवर्सिटी की इस घटना को महज निजी संस्थान की गलती मान लेना सही नहीं होगा। इसे भारत की उच्च शिक्षा में हो रहे बदलावों के संकेत के तौर पर देखना चाहिए। पिछले 30 बरसों में प्राइवेट यूनिवर्सिटी तेजी से बढ़ी हैं। कहा गया है कि इससे छात्रों के लिए अवसर बढ़ेंगे। कहीं न कहीं यह बात सही भी है, क्योंकि सरकारी यूनिवर्सिटी सीमित संसाधनों के कारण सभी की जरूरतें पूरी करने में सक्षम नहीं थीं। हालांकि, जिस तेजी से यूनिवर्सिटी बढ़ीं, उस लिहाज से नियम और शैक्षणिक व्यवस्था विकसित नहीं हो सकी। नतीजतन, कई संस्थानों के पास कागज पर मान्यता तो है, लेकिन उनकी शिक्षा पर भरोसा नहीं।

कागजी नियम | समस्या महज निजी क्षेत्र की नहीं है। इसमें सरकार और नियामक संस्थाओं की भी भूमिका रही है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) और अन्य संस्थाएं अक्सर गुणवत्ता पर ध्यान देने की जगह कागजी नियम पूरे करने पर जोर देती हैं। कई राज्य सरकारों ने तो संख्या बढ़ाने को उपलब्धि मानकर कम संसाधनों में ही यूनिवर्सिटी खोल दिए। नए कैंपस, बड़ी इमारतें और विदेशी सहयोग के दावे विकास की तस्वीर दिखाते हैं, जबकि असल में शोध और अकादमिक मजबूती अब भी शुरुआती स्तर पर ही होती है।

दिखावा पसंद | इसके राजनीतिक मायने भी हैं। मौजूदा राजनीति में आधुनिकता और तकनीक का संगम आकर्षक माना जाता है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) जैसे क्षेत्रों में कार्यक्रम कर संस्थान खुद को भविष्य के लिए तैयार दिखाते हैं, लेकिन असल इनोवेशन धीरे-धीरे होता है। इसके लिए अच्छे शिक्षक, शोध में निवेश, विषयों के बीच संवाद और अकादमिक स्वतंत्रता जरूरी है। इनके बगैर सम्मेलन महज छवि सुधारने का साधन बन जाता है।

ब्रैंड बनने की चाह | पूरी दुनिया में यूनिवर्सिटी के बढ़ते बाजारीकरण पर चिंता जताई जा रही है। ब्रिटिश लेखक पीटर फ्लेमिंग ने अपनी किताब 'Academia : How Universities Die' में ऐसे संस्थानों को जॉम्बी यूनिवर्सिटी कहा है, जो भीतर से खोखले होते हैं, मगर बाहर से सक्रिय दिखते हैं। भारत में स्थिति और जटिल है, क्योंकि यहां बाजार, सरकार और समाज की उम्मीदों के साथ काम करता है। अब यूनिवर्सिटी केवल ज्ञान के केंद्र नहीं, ब्रैंड और पहचान बनाने के स्थान भी बनते जा रहे हैं।

मीडिया की भूमिका | मीडिया भी इसे बढ़ावा देता है। बड़ी घोषणाएं, उद्घाटन समारोह और तकनीकी उपलब्धियों की खबरें ज्यादा दिखती हैं, जबकि शोध पर चर्चा काफी कम नजर आती है। फीस पर निर्भर रहने वाली प्राइवेट यूनिवर्सिटी इस प्रकार में ज्यादा सक्रिय हैं। इससे शिक्षा और मार्केटिंग के बीच फासला कम हो जाता है। रैंकिंग, प्लेसमेंट और बड़ी इमारतें ही गुणवत्ता के पैमाने बन जाते हैं। कम बजट, शोध के लिए संसाधनों की कमी, शिक्षकों के रिक्त पद जैसी कई समस्याओं से सरकारी यूनिवर्सिटी भी जूझ रही हैं। इस कमी को निजी संस्थानों ने पाटा है, मगर उनकी गुणवत्ता वैसी नहीं है।

गुणवत्ता जरूरी | मौजूदा संकट किसी एक की गलती नहीं, बल्कि नीतियों का संयुक्त नतीजा है। इस विवाद को छोटी घटना मानकर भूला जा सकता है, पर चेतावनी के तौर पर लिया जाए तो सुधार का मौका भी है। विश्वविद्यालयों की साख अच्छे काम से बनती है। इसके लिए अच्छे शिक्षकों और शोध में निवेश, साफ-सुथरा प्रशासन और अकादमिक स्वतंत्रता जैसी तीन जरूरी बातों पर ध्यान देना होगा। संख्या के बजाय गुणवत्ता पर ध्यान देना जरूरी है। असल सवाल यह नहीं कि घटना क्यों हुई, बल्कि अब यह देखना है कि क्या हमारी यूनिवर्सिटी समाज को सोचने और सीखने की मजबूत नींव दे पा रही हैं। अगर मूल काम से ऊपर दिखावा रहा, तो उनकी चमक तो रहेगी, पर ज्ञान और लोकतंत्र के लिए वे असल भूमिका खो देंगी।

(लेखक RJD के राज्यसभा सांसद हैं)

चिंता की बात
- प्राइवेट यूनिवर्सिटी में इमारतों और ब्रैंडिंग पर ही जोर
- रिसर्च और पढ़ाई में सरकारी से पिछड़ रहे हैं निजी संस्थान
- दिखावे के बजाय अच्छे शिक्षकों और प्रशासन पर हो ध्यान

सोशल मीडिया के बारे में सच कहने का समय


उमेश चतुर्वेदी

सोशल मीडिया के दुरुपयोग और उससे समाज, खासकर बच्चों पर पड़ने वाले नकारात्मक असर को लेकर बातें होती रहती हैं, लेकिन अमेरिका में पिछले दिनों इसी के चलते फेसबुक संस्थापक मार्क जकरबर्ग को एक अदालत में पेश होना पड़ा। अमेरिका में सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा केस चल रहे हैं। आरोप है कि सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म अपना एल्गोरिदम ऐसा बनाते हैं, जिससे उनकी लत लग जाए।

ईमेल बने सबूत | लॉस एंजिल्स के जिस मुकदमे में जकरबर्ग की पेशी हुई, उसे 20 साल की एक लड़की केली ने दायर किया है। उसका आरोप है कि 6 साल की उम्र से ही वह सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रही है। इससे वह नुकसानदेह कंटेंट के संपर्क में आई और उसकी जिंदगी प्रभावित हुई। जिरह के दौरान जकरबर्ग के सामने उनकी कंपनी के 10 साल पुराने ईमेल पेश किए गए। इसमें कहा गया था कि यूजर्स का 12% वक्त बढ़ाने के लिए एल्गोरिदम तैयार किया जाए। मार्क ने कहा कि पहले हम वक्त बढ़ाने का लक्ष्य रखते थे, लेकिन अब कंपनी को इस अंदाज में नहीं चलाया जा रहा। उन्होंने तर्क दिया कि जब लोगों को कोई चीज अहम लगती है तो वे ज्यादा इस्तेमाल करने लगते हैं।

मूल्यों को लेकर चिंता | जकरबर्ग जितना इनकार करें, लेकिन सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वाले जानते हैं कि जिस तरह के कंटेंट को वे ज्यादा देखते हैं, वही बार-बार उनके सामने आता है। इसी वजह से भारत में अर्धनग्न और ऊल-जलूल डांस और

कॉमन रूम

AI Image

हरकतों वाली रील्स की बाढ़ आई हुई है। इसकी वजह से नैतिक मूल्यों में आ रहे बदलाव को लेकर चिंतित तो बहुत लोग हैं, लेकिन दकियानूस न ठहरा दिए जाएं, इस डर से सार्वजनिक रूप से सवाल उठाने से हिचक रहे।

पाबंदी की कोशिश | सोशल मीडिया की खोज को मानव विकास की यात्रा में बेहद क्रांतिकारी माना गया था। साल 2010 में शुरू हुई अरब क्रांति सोशल मीडिया की ही देन बताई गई। लेकिन, अब पश्चिमी देशों में सोशल मीडिया को सीमित और कुछ अर्थों में पाबंद करने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। फ्रांस, डेनमार्क और नॉर्वे में 15 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर रोक है। स्पेन में यह सीमा 16 साल है। ऑस्ट्रेलिया ने भी बीते दिसंबर में ऐसा ही कदम उठाया।

रेगुलेशन जरूरी | ऐसा नहीं कि भारत में सब कुछ अच्छा ही चल रहा है। यहां रील्स के चक्कर में हो रहे हादसों और जान गंवाने वालों की कहानियां आए दिन आती रहती हैं। लेकिन, लगता नहीं कि अभी इसकी गंभीरता के बारे में अमेरिका या यूरोप जैसा सोचा जा रहा। सोशल मीडिया को रेगुलेट करने का वक्त आ गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

कांटे की बात

हमारे राज्य का नाम संविधान की प्रथम अनुसूची में 'केरल' दर्ज है। संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत इसे संशोधित कर 'केरलम' किया जाए और 8वीं अनुसूची में उल्लिखित सभी भाषाओं में राज्य का नाम 'केरलम' ही किया जाए।

पिनाराई विजयन, केरल के मुख्यमंत्री

छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

बच्चों की टोली ने 48 गांवों को किया प्लास्टिक फ्री

कन्याकुमारी में हिंद महासागर के तट पर बसे 48 गांवों को वहां रहने वाले मछुआरों के बच्चों ने प्लास्टिक फ्री कर दिया है। इसमें न सरकार और न ही किसी NGO की भूमिका है। 'नेगिजी इल्ला नेथल पडई' (प्लास्टिक मुक्त तटीय ब्रिगेड) की टीम ने इसका बीड़ा उठाया है।

बन गया पर्यटन स्थल

इन गांव वालों के लिए आय का सिर्फ एक जरिया था, मछली पकड़ना। लेकिन, 850 स्कूली बच्चों और 500 वॉलंटियर ने मिलकर ऐसा कायापलट किया कि अब यहां रोजाना 300 से ज्यादा पर्यटक पहुंच रहे हैं। बच्चों की टीम ने मिलकर यहां 6 बीच भी तैयार किए हैं, जिनकी साफ-सफाई हर हफ्ते टीम के सदस्य ही करते हैं।

प्लास्टिक देने पर साइकल

बच्चों की ब्रिगेड ने 'डोर-टु-डोर' दूध के पैकेट कलेक्शन की भी शुरुआत की है। जो परिवार सबसे ज्यादा प्लास्टिक रीसाइकल करता है, उसे साइकल या अन्य घरेलू सामान पुरस्कार के तौर पर दिया जाता है। इकट्ठा किए गए प्लास्टिक बेचकर टीम अपना खर्च निकालती है।

प्रस्तुति : अभिषेक मिश्र

जनसंख्या नियंत्रण या ज़्यादा बच्चे, क्या है मंशा

पूनम पाण्डे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने एक बार फिर हिंदुओं की घटती आबादी पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए। देश में एक तरफ जनसंख्या नियंत्रण कानून पर चर्चा हो रही है, तो दूसरी तरफ संघ प्रमुख का बयान इसके नैतिक और सामाजिक असर को लेकर चर्चा में है।

बदलती डेमोग्राफी पर चिंता

हालांकि, संघ परिवार के दूसरे संगठन जनसंख्या नियंत्रण कानून की वकालत करते रहे हैं। वे जनसंख्या विस्फोट के साथ बदलती डेमोग्राफी पर भी चिंता जता चुके हैं। संघ के राजनीतिक संगठन BJP भी कई राज्यों में डेमोग्राफी में बदलाव को लेकर सचेत कर रही है। अब सवाल है कि क्या जनसंख्या नियंत्रण होना चाहिए और दो से अधिक बच्चे नहीं करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए या हिंदुओं को तीन बच्चों की सलाह देनी चाहिए।

संघ खुद को सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन कहता है। संघ प्रमुख भी कई बार कह चुके हैं हम समाज जागरण का काम करते हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या संघ समाज जागरण जनसंख्या नियंत्रण के लिए करेगा या फिर हिंदुओं के तीन बच्चों के लिए। ऐसी बातों से ही जनसंख्या नियंत्रण की मांग के पीछे ये सवाल भी रहे हैं कि ये एक वैचारिक पहलू से जुड़ा है। खास विचारधारा के लोगों का मानना है कि मुसलमानों की आबादी हिंदुओं से ज्यादा बढ़ेगी, तो हिंदू खतरे में आ जाएगा।

संघ भी जनसंख्या नीति लाने की बात कह चुका है। पिछले साल संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में संघ ने जनसंख्या असंतुलन का मुद्दा उठाया था और जल्द जनसंख्या नीति आने की अपील की थी। तब संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा था कि घुसपैठ, धर्मांतरण और कुछ समुदायों की बढ़ती जनसंख्या ही जनसांख्यिकीय असंतुलन



विशुद्ध राजनीति
कसौटी

का कारण है। देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून की जरूरत पर चर्चा के बीच 25 जुलाई, 2022 को सरकार ने संसद में कहा कि फिलहाल ऐसा कोई कानून बनाने की योजना नहीं है। सरकार ने बताया कि वह नैशनल पॉपुलेशन पॉलिसी 2020 और नैशनल हेल्थ पॉलिसी 2017 के तहत 2045 तक आबादी स्थिर करने का लक्ष्य रखती है।

बदलते रहते हैं प्रयास

दो-बच्चों की नीति 1990 के दशक में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बनाई गई थी। 1991 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर, 1992 में राष्ट्रीय विकास परिषद ने केरल के मुख्यमंत्री के. करुणाकरण की अध्यक्षता में एक समिति बनाई। इस समिति ने 1993 में सिफारिश की कि संसद ऐसा कानून बनाए जिसमें दो से अधिक बच्चों वाले लोग पंचायत से लेकर संसद तक किसी भी निर्वाचित पद पर न रह सकें। यह नीति राष्ट्रीय स्तर पर लागू नहीं हुई, लेकिन कई राज्यों ने इसे अपनाया। बाद में उत्तराखंड और तेलंगाना जैसे राज्यों ने इसे हटा दिया। मध्यप्रदेश में 2005 में यह नीति स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों पर हटा दी गई, जबकि सरकारी और न्यायिक सेवाओं पर यह नियम अब भी लागू है। 2024 में आंध्र प्रदेश ने स्थानीय निकायों के लिए इसे समाप्त किया, लेकिन संघ के संगठन विश्व हिंदू परिषद ने इसका विरोध किया। यह दिखाता है कि जनसंख्या नियंत्रण पर प्रयास राज्यों में समय और परिस्थिति के अनुसार बदलते रहते हैं।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

अपने ही भीतर बैठे दुश्मनों से लड़ना सिखाता है रमज़ान

देवेन्द्रराज सुथार

पैगंबर मुहम्मद साहब ने एक बार कहा था कि बाहरी शत्रु से लड़ना छोटा जिहाद है और अपने नफ्स से लड़ना बड़ा जिहाद। नफ्स अरबी शब्द है, जिसका मूल अर्थ है - स्व, अंतरात्मा, आत्म-चेतना या मनुष्य का आंतरिक व्यक्तित्व। रमजान इसी बड़े जिहाद का महीना है। यह वह महीना है, जब इंसान अपने सबसे कठिन शत्रु का सामना करता है और वह शत्रु कहीं बाहर नहीं, उसके भीतर बैठा है- इच्छाओं के रूप में, अहंकार के रूप में, लालच के रूप में, असंयम के रूप में। इस शत्रु से लड़ना इसलिए कठिन है क्योंकि यह दिखता नहीं, महसूस होता है और जो दिखता नहीं उससे लड़ना सबसे बड़ी चुनौती है।

आधुनिक उपभोक्तावादी सभ्यता ने इच्छा और आवश्यकता के बीच की रेखा धुंधली कर दी है। बाजार ने सिखाया है कि जो चाहो, तुरंत पा लो। प्रतीक्षा कमजोरी है और संयम पिछड़ापन। रमजान इस मानसिकता के विरुद्ध एक शांत किंतु गहरा प्रतिरोध है। यह केवल धार्मिक साधना नहीं, बल्कि उपभोग-केंद्रित जीवन-दृष्टि पर प्रश्नचिह्न है, जिसने मनुष्य को सुविधाओं से भर दिया है, पर संतोष से खाली कर दिया। मनोविज्ञान भी मानता है कि अधिकांश मानवीय समस्याएं अतृप्त इच्छाओं से जन्म लेती हैं। रमजान इस चाहत को विराम देकर पूछता है- तुम अपनी इच्छाओं के स्वामी हो या दास? यह प्रश्न सरल दिखता है, पर चरित्र की गहराई को परखता है। एक महीना दरअसल शेष 11 महीनों के लिए आत्म-अनुशासन का प्रशिक्षण है।

AI Image


पर्यावरण संकट के संदर्भ में भी रमजान प्रासंगिक है। प्रकृति के संसाधनों पर असीमित अधिकार की प्रवृत्ति ने असंतुलन पैदा किया है। संयम का संदेश कहता है कि जितनी आवश्यकता हो, उतना ही लो। यदि यह दृष्टि जीवन का स्थायी मूल्य बने, तो मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य संभव है। जकात और फितरा आर्थिक न्याय का बोध कराते हैं कि संपत्ति में वंचितों का भी अधिकार है। बढ़ती वैश्विक विषमता के बीच यह विचार सामाजिक संतुलन का आधार बन सकता है। इस प्रकार रमजान आत्मसंयम, सामाजिक न्याय और सामूहिक चेतना का संतुलित पाठ है।

जनता जंक्शन — इरफ़ान

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

युद्ध नहीं समाधान

24 फरवरी का संपादकीय 'बिगड़ते हालात' पढ़ा। अमेरिका और ईरान में तनाव की स्थिति है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप स्वार्थ की नीति अपनाकर ईरान को दबाना चाह रहे हैं। परमाणु कार्यक्रम तो एक बहाना है। दरअसल अमेरिका खामेनेई को सत्ता से हटाना चाहता है। दूसरी बात अमेरिका यह नहीं चाहता कि कोई देश उसके बराबर में खड़ा हो सके। बातचीत के जरिए अगर यह मसला हल हो जाए तो बेहतर होगा, क्योंकि किसी भी हाल में युद्ध समाधान नहीं हो सकता है। युद्ध की स्थिति में पूरी दुनिया को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

वारिस अली खान, ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA13 User: cci Time: 02-24-2026 23:14 Color:

20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

"मुझे अपनी बैटिंग को लेकर ज्यादा नहीं सोचना है। पहले मैं अधिक सोचा करता था। अब कम सोचने की कोशिश कर रहा हूं। मेरा बल्ला बात करेगा और मैं गेंद पर रिएक्शन दूंगा।" -शिमरॉन हेटमायर, वेस्टइंडीज के बैटर

कुल मैच 45 | टोटल रन 13819 | विकेट गिरे 579 | 1139 (4) 572 (6) बाउंड्री मीटर | हाईएस्ट स्कोर: प्लेयर 110 (युवराज सामरा, कनाडा), टीम 254/6 (वेस्टइंडीज Vs जिंबाब्वे) | बैटर नंबर-1 283 एस फरहान (पाकिस्तान) | बोलर नंबर-1 13 शैडली वान (यूएसए)

*आंकड़े मंगलवार को पाकिस्तान vs इंग्लैंड मैच तक

336 छक्के लगाए हैं वेस्टइंडीज ने टी20 वर्ल्ड कप में। वेस्टइंडीज टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सर्वाधिक छक्के लगाने वाली टीम है। दूसरे स्थान पर 314 छक्कों के साथ भारतीय टीम है

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1 न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को कितने टी20I मैच में हराया है?
A) 28 B) 11 C) 9 D) 11

2 टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सर्वाधिक छक्के किस टीम ने लगाए हैं?
A) भारत B) ऑस्ट्रेलिया C) इंग्लैंड D) वेस्टइंडीज

कल के जवाब
1. B) 12 2. B) 3

लकी WINNERS

1 सोनम मित्तल, सुल्तान पुरी, दिल्ली



2 दिनेश वर्मा, जोगेश्वरी, मुंबई

3 ओम प्रकाश, हैदराबाद

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

पूजा पर लगा बैन

■ नई दिल्ली: ऐथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने डोपिंग टेस्ट से बचने का अपराध स्वीकार करने पर भारतीय धाविका पूजा आत्माराम पर तीन साल का बैन लगाया है। AIU के अनुसार, 23 नवंबर 2023 को मुंबई में डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन जीतने के बाद पूजा को टेस्ट के लिए चुना गया, लेकिन उन्होंने डोपिंग कंट्रोल फॉर्म पर हस्ताक्षर किए बिना स्थल छोड़ दिया। अपराध स्वीकारने पर सजा घटाई गई।

पैरा स्विमिंग वर्कशॉप

■ नई दिल्ली: ऑस्ट्रेलियन हाई कमिशन के सहयोग से तीन दिवसीय पैरा स्विमिंग कोचिंग वर्कशॉप सोमवार को शुरू हुई। भारतीय पैरालिंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने उद्घाटन किया। ऑस्ट्रेलियन हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पैरा गेम्स में अपनी विशेषज्ञता भारत से साझा करेगा।

इंडियन ओपन स्क्वैश

■ मुंबई: इंडियन ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट 18 से 22 मार्च तक CCI ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। यह एक पीएसए कॉपर इवेंट है। अनाहत सिंह सहित जोशना चिनप्पा और अभय सिंह भी हिस्सा लेंगे।

जिंबाब्वे के खिलाफ मैच से पहले स्पिन प्रॉब्लम सॉल्व करना चाहेगा भारत

अब नहीं चाहिए ट्विस्ट

चेन्नै से लाइव
Rupesh.singh@timesofindia.com

■ चेन्नै: बीते संडे को अहमदाबाद में बैटिंग ऑर्डर के ढहने का मंजर देखने के बाद से एक अजीब सी घबराहट ने टीम इंडिया को घेर लिया है। जिस भारतीय खेमे में ट्रेनिंग व ड्रिल के वक्त अमूमन मस्ती का माहौल रहता था, मंगलवार को चेपक पर वो 'एक्स्ट्रा एनर्जी' गायब नजर आई। स्काई (सूर्यकुमार यादव) की अगुआई में जिन आसमानी उम्मीदों के साथ टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप में एंट्री ली थी, वो उम्मीदें फिलहाल डगमगा गई है। पिछली चैंपियन भारतीय टीम टूर्नामेंट से बाहर होने से सिर्फ एक हार दूर है। अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की हार ने टीम इंडिया के नेट रन रेट (-3.8) को बुरी तरह झकझोरा है। समीकरण तो इस कदर बिगड़ गए है कि सुपर-8 में बचे बाकी मैचों में सिर्फ जीत से भी शायद सेमीफाइनल की राह न बन पाए।

अभिषेक नहीं तिलक है रडार पर: निगाहें अब चेन्नै के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर टिकी है जहां जिंबाब्वे के खिलाफ गुरुवार को होने वाले अगले मुकाबले में टीम इंडिया का बहुत कुछ दांव पर लगा होगा। यह मुकाबला उसके लिए सिर्फ जीत की पटरी पर लौटने का जरिया नहीं होगा बल्कि उसके लिए अपनी रणनीति, टीम कॉम्बिनेशन और कॉन्फिडेंस को भी फिर से पटरी पर लाने की परीक्षा होगी। टॉप-3 में तीनों लेफ्टी बैटर होना और स्पिन के खिलाफ दो लेफ्टी बैटर्स ईशान किशन व तिलक वर्मा का लगातार फेल होना टीम को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। मंगलवार को प्रैक्टिस सेशन के दौरान इस कमजोरी को सुधारने की कोशिश भी हुई। क्रिकेट फैंस अभिषेक की बिगड़ी लय से चिंतित है, लेकिन टीम मैनेजमेंट को शायद बड़ी दिक्कत तिलक में नजर आ रही है। प्रैक्टिस के दौरान हेड कोच गौतम गंभीर ने तिलक से अलग से कुछ मिनट बात करने के बाद उन्हें नेट्स पर भेजा, जहां उन्होंने अभिषेक सहित टीम के सभी स्पिनर्स के खिलाफ भरपूर बल्लेबाजी की। हालांकि, उनके बल्ले में वह स्विंग नजर नहीं आई।

काली मिट्टी की पिच: अहमदाबाद में काली मिट्टी की पिच पर धराशाई हुई टीम इंडिया के लिए चेपक में भी काली मिट्टी की पिच ही इंतजार कर रही है। पारंपरिक रूप से यहां की पिच धीमी होती है, जो जिंबाब्वे की टीम में शामिल स्पिनर्स सिकंदर रजा, ग्रीम क्रेमर, वेलिंगटन मसाकाद्जा और रेयान बर्ल को फेवर करती।

चेपक पर टी20I में स्पिन Vs पेस

	स्पिन	पेस
ओवर्स	144	198.3
विकेट	38	53
बोलिंग ऐवरेज	30.76	35.05
इकॉनमी	8.11	9.36
स्ट्राइक रेट	22.7	22.4

स्पिन के खिलाफ भारतीय बैटर्स*

	अमेरिका	नामीबिया	पाकिस्तान	नीदरलैंड्स	द. अफ्रीका
कुल विकेट गिरे	9	9	7	6	10
स्पिनर्स	3	5	5	2	4

*इस वर्ल्ड कप के आंकड़े

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

अब सैमसन को मिलेगा मौका?

नंबर तीन पर बैटिंग करते हुए तिलक ने टी20 वर्ल्ड कप में अब तक खेले पांच मैचों में 25, 25, 25, 31 और 1 रन बनाए है। अपनी ज्यादातर पारियों में उन्होंने अच्छी लेकिन धीमी शुरुआत की, जिसे वे मैच जिताऊ पारी में तब्दील नहीं कर सके। तिलक की लगातार नाकामी प्लेइंग इलेवन में संजू के लिए जगह बना सकती है। संजू ने अब तक टी20 वर्ल्ड कप में केवल नामीबिया के खिलाफ एक मैच खेला है। अभिषेक और ईशान की ओपनिंग जोड़ी को देखते हुए संजू को तिलक की जगह इलेवन में शामिल कर नंबर-3 या नंबर-4 पर आजमाया जा सकता है। रिंकू सिंह के पिता की तबीयत नासाज है। ऐसे में तिलक और संजू दोनों प्लेइंग-XI में नजर आ सकते हैं।

ब्रुक की सेंचुरी से इंग्लैंड ने पाक को हराया, सेमी में एंट्री

इंग्लैंड vs पाकिस्तान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक की टी20I करियर की पहली शतकीय पारी (51 गेंदों पर 100 रन, 10 चौके, 4 छक्के) की बदौलत इंग्लैंड ने टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में पाकिस्तान को 2 विकेट से शिकस्त दी। जीत के साथ इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मंगलवार को श्रीलंका के पल्लेकेले में हुए इस मैच में पाकिस्तान ने ओपनर साहिबजादा फरहान की अर्धशतकीय पारी (45 गेंदों में 63 रन, 7 चौके, 2 छक्के) की बदौलत 20 ओवर्स में नौ विकेट के नुकसान पर 164 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। जवाब में इंग्लैंड की टीम को पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी (4/30) ने शुरुआत में ही तगड़े झटके दिए। उन्होंने फिल सॉल्ट (0) को पारी की पहली ही गेंद पर आउट करने के बाद जोस बटलर (2) को भी जल्दी पविलियन की राह दिखाते हुए अंग्रेजों के माथे पर बल ला दिए। इंग्लैंड ने 58 के टीम स्कोर पर चार विकेट खो दिए थे, जिसके बाद कप्तान ब्रुक ने काउंटर अटैक का शानदार नमूना पेश किया। इंग्लैंड ने 19.1 ओवर्स में 8 विकेट पर 166 रन बनाकर जीत हासिल की।

पाकिस्तान की राह हुई कठिन: इस हार के साथ पाकिस्तान के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता बेहद मुश्किल हो गया है। इस ग्रुप में अब न्यूजीलैंड-श्रीलंका, इंग्लैंड-न्यूजीलैंड और पाकिस्तान-श्रीलंका के मैच होने बाकी हैं। ऐसे में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पाकिस्तान को श्रीलंका के खिलाफ अपना मैच जीतना होगा और उम्मीद करनी होगी कि न्यूजीलैंड अपने दोनों मैच हार जाए। जिससे इंग्लैंड 6 पॉइंट्स के साथ शीर्ष पर रहेगा, जबकि पाकिस्तान 3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंचेगा।

ब्रीफ स्कोर

पाकिस्तान: 20 ओवर्स में 9 विकेट पर 164 रन (साहिबजादा फरहान 63, बाबर आजम 25, फखर जमां 25, शादाब खान 23, लियम डॉसन 3/24, जैमी ओवरटन 2/26, जोफ्रा आर्चर 2/32, आदिल राशिद 1/31)
इंग्लैंड: 19.1 ओवर्स में 8 विकेट पर 166 रन (हैरी ब्रुक 100, विल जैक्स 28, शाहीन शाह अफरीदी 4/30, मोहम्मद नवाज 2/26, उस्मान तारिक 2/31)

पारिवारिक वजहों से घर लौटे रिंकू

■ पीटीआई, चेन्नै: बैटर रिंकू सिंह मंगलवार को परिवार में आपात स्थिति के कारण घर लौट आए। रिंकू यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत के ट्रेनिंग सेशन में शामिल नहीं हुए जबकि उनके बाकी साथी प्लेयर्स सेशन के दौरान मौजूद थे। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, 'रिंकू परिवार में आपात स्थिति की वजह से चेन्नै से घर वापस लौट गए है। वह चेपक में भारत के प्रैक्टिस सेशन में शामिल नहीं हुए।' सूत्रों के मुताबिक रिंकू के पिता खानचंद सिंह को गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के एक हॉस्पिटल में भर्ती है और इसलिए खिलाड़ी को वापस जाना पड़ा।

आज का मैच दोनों टीमों के लिए है 'करो या मरो'

श्रीलंका के विकेटकीपर बैटर कुसल मेंडिस

आमना-सामना

28 कुल मैच	11 श्रीलंका	16 न्यूजीलैंड	1 नो रिजल्ट

218 रन बनाए थे श्रीलंका ने 5 विकेट के नुकसान पर 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ नेल्सन टी20I मैच में। यह दोनों के बीच हुए मैच में किसी टीम का हाईएस्ट टोटल है

60 रन पर आउट हो गई थी न्यूजीलैंड की टीम चटगांव टी20I मैच में 2014 में। यह दोनों के बीच हुए टी20I मुकाबलों में किसी टीम का लोएस्ट टोटल है

संभावित प्लेइंग XI

श्रीलंका: पाथुम निसांका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पवन रत्नायके, दुनिथ वेलालगे, कामिंदु मेंडिस, दासुन शनाका (कप्तान), दुशान हेमंथा, दुष्मंथा चमीरा, महीश तीक्षणा, दिलशान मदुशंका

न्यूजीलैंड: टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिचेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), जेम्स नीशम, मैट हेनरी, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्युसन

श्रीलंका vs न्यूजीलैंड

■ एजेंसियां, कोलंबो: टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए श्रीलंका को बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबले में अपनी बल्लेबाजी में बड़े स्तर पर सुधार करना होगा। यह मैच दोनों टीमों के लिए करो या मरो जैसा है, क्योंकि यहां मिली हार टूर्नामेंट में आगे की राह मुश्किल कर सकती है।

धीमी पिच पर फंसा था श्रीलंका: पल्लेकेले की धीमी पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए सुपर-8 के पहले मुकाबले में श्रीलंका के बैटर स्पिन के सामने बुरी तरह संघर्ष करते नजर आए थे। केवल 147 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम टिककर बल्लेबाजी नहीं कर सकी। पहले मैच की हार के बाद श्रीलंकाई बल्लेबाजों के शॉट सिलेक्शन पर सवाल उठे थे। बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ ने भी माना कि ऐसी पिच पर तेज रन बनाने की कोशिश जोखिम भरी हो सकती है और बेहतर विकल्प चुनने की जरूरत है। टीम को अब हालात के मुताबिक खेल दिखाना होगा। पाथुम निसांका लगातार अच्छी फॉर्म में हैं और उनसे एक बार फिर बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड का पाकिस्तान के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। कप्तान मिचेल सैंटनर की अगुआई में उसके स्पिनर भी श्रीलंका की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। फिन एलन और टिम सीफर्ट अच्छी लय में है। रचिन रविंद्र से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इस मुकाबले में बारिश की संभावना नहीं है।

अब हो रहा है हेटमायर का सही इस्तेमाल: होप

■ एजेंसियां, मुंबई: वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा कि शिमरॉन हेटमायर मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए है और इस बात पर अफसोस जताया कि पहले बैटिंग ऑर्डर में नीचे भेजे जाने पर इस बिग हिटर का सही उपयोग नहीं हो पा रहा था। हेटमायर की पारी की बदौलत सुपर-8 में वेस्टइंडीज ने जिंबाब्वे को 107 रनों की हार सौंपी थी।

नीचे भेजना था गलत: होप ने मैच के बाद कहा, 'वह (हेटमायर) जिस तरह से बैटिंग कर रहे है उसको देखकर मुझे लगता है कि बैटिंग ऑर्डर में नीचे भेजे जाने से उनकी प्रतिभा कुछ हद तक बेकार गई। वह इतने अच्छे बैटर है कि किसी भी तरह की स्थिति में बैटिंग कर सकते है फिर चाहे वह स्पिन हो या पेस।' उन्होंने आगे कहा, 'वह तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए है। वह इस नंबर पर पूरी तरह खुलकर खेलते हैं और हम उनसे यही चाहते हैं। हमने उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में यह भूमिका सौंपी थी और उन्होंने इसे अच्छी तरह से निभाया।' हेटमायर अपने करियर में अधिकतर समय तक लोअर ऑर्डर बैटर रहे हैं और फिनिशर के रूप में पांचवें से सातवें नंबर के बीच बैटिंग करते रहे है। लेकिन मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने ऊपरी क्रम में प्रभावशाली बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है।



वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप

वर्ल्ड कप रिऐक्शंस

भारत का तरीका भी वैसा ही होगा: जस्टिन: जिंबाब्वे के हेड कोच जस्टिन सैमंस का मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम भारत के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी। जस्टिन ने कहा, "हम जानते है कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया।' जस्टिन ने यह भी कहा, 'पिछले मैच से हमें अच्छी सीख मिलेगी।'

मूनी ने दिलाई ऑस्ट्रेलिया को बढ़त

भारत Vs ऑस्ट्रेलिया
विमिंस ODI सीरीज, पहला मैच

■ एजेंसियां, ब्रिसबेन: एश्ले गार्डनर (3/33) की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन तथा बेथ मूनी (76 रन, 79 बॉल) और कप्तान एलिसा हीली (50 रन, 70 बॉल) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज के पहले विमिंस वनडे मैच में भारत को 70 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हरा दिया। मेजबान टीम ने इसके साथ ही तीन मैचों की सीरीज में शुरुआती बढ़त हासिल की। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर (84 गेंदों में 53 रन) और उप-कप्तान स्मृति मंधाना (68 गेंदों में 58 रन) के अर्धशतकों के बावजूद टीम 48.3 ओवर्स में 214 रन पर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उसने केवल 38.2 ओवर्स में चार विकेट पर 217 रन बनाकर जीत हासिल की।

प्लेयर ऑफ द मैच बेथ मूनी

ब्रीफ स्कोर

भारत: 48.3 ओवर्स में 214 रन (स्मृति मंधाना 58, हरमनप्रीत कौर 53, काशवी गौतम 43, एश्ले गार्डनर 3/33, मेगन शट 2/42)
ऑस्ट्रेलिया: 38.2 ओवर्स में 217/4 (बेथ मूनी 76, एलिसा हीली 50, एनाबेल सदरलैंड 48*, श्री चरणी 2/41, क्रांति गौड़ 1/32)

भारत की पहली भिड़ंत पाकिस्तान से

■ एजेंसियां, दुबई: इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने मंगलवार को विमिंस टी20 वर्ल्ड कप-2026 का फाइनल शेड्यूल जारी किया। यह टूर्नामेंट 12 जून से इंग्लैंड में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबला 5 जुलाई को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट में 12 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। भारत को छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स के साथ ग्रुप-1 में रखा गया है। ग्रुप-2 में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें शामिल हैं।

विमिंस टी20 वर्ल्ड कप 2026

एजबेस्टन में होगा मुकाबला: टीम इंडिया अपना पहला मैच 14 जून को एजबेस्टन में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी, जिसके बाद 17 जून को उसका सामना नीदरलैंड्स से होगा। फिर 21 जून को टीम इंडिया के सामने साउथ अफ्रीका की टीम होगी, जबकि 25 जून को उसका सामना बांग्लादेश से होगा। भारतीय टीम के सामने 28 जून को ऑस्ट्रेलिया की टीम होगी। ICC के CEO संजोग गुप्ता ने कहा, 'विमिंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल जारी होना, इस ग्लोबल, प्रीमियर स्पोर्टिंग इवेंट की तैयारी में एक अहम पड़ाव है। यह इवेंट ICC के विमिंस क्रिकेट में लगातार निवेश का हिस्सा है।

12 जून से इंग्लैंड में खेला जाएगा टूर्नामेंट

शुभम की सेंचुरी से J&K मज़बूत

जम्मू-कश्मीर Vs कर्नाटक

■ एजेंसियां, हुबली: रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन जम्मू-कश्मीर (J&K) ने आठ बार की चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच पर शुरुआती पकड़ बना ली। बाएं हाथ के बल्लेबाज शुभम पुंडीर के नाबाद शतक और युवा यावर हसन की जुझारू पारी के दम पर जम्मू-कश्मीर ने दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 284 रन बना लिए। 27 वर्षीय पुंडीर 117 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि यावर ने बड़े मंच पर आत्मविश्वास से भरी 88 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन की अहम साझेदारी कर मजबूत नींव रखी। कप्तान पारस डोगरा के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद अब्दुल समद (52* रन, 67 बॉल) ने पुंडीर के साथ तीसरे विकेट के लिए 105 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

रणजी ट्रॉफी फाइनल मैच

संभलकर की शुरुआत: इससे पूर्व, पहले बैटिंग करने उतरी जम्मू-कश्मीर को कामरान इकबाल के रूप में शुरुआती झटका लगा। कामरान केवल 6 रन जुटाकर पविलियन लौट गए। यहां से शुभम और यावर ने टीम को संभाला और धैर्य के साथ नई गेंद का सामना किया। दोनों ने कर्नाटक के अनुभवी आक्रमण को विकेट के लिए तरसाए रखा। टीम को दोनों सफलताएं प्रसिद्ध कृष्णा ने दिलाई। कृष्णा ने कामरान को आउट करने के बाद सेंचुरी की ओर बढ़ रहे यावर को आउट किया। हालांकि, इसका असर पुंडीर पर नहीं पड़ा और उन्होंने सिक्स के साथ शतक पूरा किया।

ब्रीफ स्कोर

जम्मू-कश्मीर (पहली पारी): 87 ओवर्स में 2 विकेट पर 284* रन (शुभम पुंडीर 117*, यावर हसन 88, अब्दुल समद 52*, प्रसिद्ध कृष्णा 2/36)



शुभम पुंडीर ने लगाई फाइनल्स में सेंचुरी

भारतीय चुनौती पेश करेंगे गुकेश, अरविंद

■ एजेंसियां, प्राग (चेक रिपब्लिक): वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश वर्ल्ड कप से जल्दी बाहर होने और टाटा स्टील मास्टर्स में निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर यहां प्राग इंटरनैशनल चेस फेस्टिवल में साल का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। प्रतियोगिता में मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त गुकेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी विंसेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिनका हाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं।

प्राग चेस फेस्टिवल

डी गुकेश

सचिन के खिलाफ फैसला

यह एक गलती थी: बकनर को 22 साल बाद पछतावा

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर के खिलाफ खराब फैसला देने के दो दशक से अधिक समय बाद दिग्गज अंपायर स्टीव बकनर को आखिरकार पछतावा है। वर्ष 2009 में संन्यास लेने वाले बकनर दुनिया के सबसे सम्मानित अंपायरों में से एक थे। हालांकि, उन्होंने सचिन से जुड़े कुछ विवादित फैसले दिए जिनमें सबसे चौंकाने वाला फैसला 22 साल पहले गाबा में भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के दौरान एलबीडब्ल्यू आउट देना था। एक इंटरव्यू में बकनर ने अंपायर के तौर पर सबसे मुश्किल फैसलों का जिक्र करते हुए कहा, 'सचिन को एलबीडब्ल्यू आउट देना। यह एक गलती थी लेकिन आज भी हर दिन लोग इसके बारे में बात करते हैं। मैंने उन्हें आउट क्यों दिया? क्या वह आउट था, वगैरह-वगैरह? लेकिन जिंदगी में गलतियां होती रहती हैं। मैंने मान लिया है कि यह एक गलती थी और जिंदगी चलती रहती है।'

स्टीव बकनर और सचिन

सितंबर में साउथ अफ्रीका का दौरा करेगा ऑस्ट्रेलिया

■ एपी, मेलबर्न: ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट मैच और इतने ही वनडे इंटरनैशनल मैच खेलने के लिए इस साल सितंबर अक्टूबर में साउथ अफ्रीका का दौरा करेगा। पिछले साल जून में साउथ अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जीत के बाद दोनों टीम पहली बार टेस्ट खेलेंगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को बताया कि वनडे 24 सितंबर को डरबन में, 27 सितंबर को जोहानिसबर्ग में और 30 सितंबर को पोटचेफस्ट्रूम में खेले जाएंगे। इसके बाद 3-4 अक्टूबर को पोचेफ्स्ट्रूम में अभ्यास होंगे। पहला टेस्ट मैच नौ अक्टूबर को डरबन में शुरू होगा। दूसरा टेस्ट मैच 18 अक्टूबर से केपटाउन में तथा अंतिम टेस्ट मैच 27 अक्टूबर से न्यूलैंड्स में खेला जाएगा।

दौरे में होंगे 3 टेस्ट और 3 वनडे

शुरुआती बढ़त के बाद शूटआउट में हारा भारत

मैच के दौरान ऐक्शन में खिलाड़ी

■ एजेंसियां, होबार्ट: FIH मेंस प्रो-लीग हॉकी के होबार्ट राउंड में भारतीय टीम को एक बार फिर करीबी मैच में निराशा हाथ लगी। निर्धारित समय तक 1-1 की बराबरी के बाद भारत को स्पेन के खिलाफ शूटआउट में 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने 59वें मिनट तक बढ़त बनाए रखी थी, लेकिन अंतिम क्षणों में गोल गंवाना महंगा साबित हुआ। भारत को सफलता 19वें मिनट में मिली। मनिंदर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद खेल के 59वें मिनट में ब्रूनो फोंट ने सर्कल के भीतर से गोल कर स्कोर बराबर कर दिया।

प्रो-लीग हॉकी
150वां इंटरनैशनल मैच सीनियर लेवल पर खेलने उतरे भारत के जरमनप्रीत सिंह

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA14 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 02-24-2026 22:38 Color:

नवभारत टाइम्स NBT Delhi Times OF INDIA masala mix
WEDNESDAY, FEBRUARY 25, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE

विजय देवरकोंडा ने पूल की यह तस्वीर फैंस से शेयर की

लंदन फैशन वीक के एक इवेंट में स्टाइलिश अवतार में दिखीं कृति सेनन

File Photo

VIROSH के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू

उदयपुर में रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी के फंक्शन शुरू हो चुके हैं। दोनों सितारों ने अपने करीबी दोस्तों के लिए 23 फरवरी को ही सेलिब्रेशन शुरू कर दिया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर होटल से तस्वीरें भी शेयर कीं। वहीं 24 तारीख को उनका परिवार और कई मेहमान उदयपुर पहुंचे। विजय-रश्मिका (VIROSH) के प्री-वेडिंग फंक्शंस में मेहंदी, हल्दी और संगीत शामिल हैं जबकि 26 तारीख को यह कपल सात फेरे लेकर शादी के बंधन में बंध जाएगा।

पूल में मस्ती, थीम डेकोरेशन

विजय और रश्मिका ने होटल से जो फोटोज शेयर की हैं, उनमें थीम डेकोरेशन तो झलक ही रही है, साथ ही दोस्तों के साथ उनकी मस्ती की झलकियां भी सामने आ रही हैं। विजय ने इंस्टा स्टोरी में दो फोटोज पोस्ट कीं जो पूल की हैं। एक फोटो में स्विमिंग पूल में फ्लोटर नजर आ रहा है जिसमें काफी सारे ग्लासेज रखे हैं, तो वहीं एक अन्य फोटो में कुछ लोग पूल में वॉलीबॉल खेलते दिख रहे हैं। हालांकि फोटो को इस तरह खींचा गया है कि पता साफ नहीं दिख रहा कि कौन लोग मस्ती कर रहे हैं। मगर अंदाजा लगाया जा रहा है कि फोटो में विजय अपने दोस्तों के साथ एंजॉय कर रहे हैं। दूसरी ओर रश्मिका मंदाना ने भी फोटोज पोस्ट की जिसमें टेबल पर सजावट और हरे सेब और अंगूर भी दिख रहे हैं।

चर्चा है कि शादी से जुड़े कार्यक्रमों की कोई फोटो या विडियो बाहर ना आ सके, इसके लिए वेन्यू पर नो फोन पॉलिसी लागू की गई है।

रश्मिका ने होटल रूम से यह फोटो साझा की

मेन्यू में जापानी डिशेज, केले के पत्ते पर खाना

रश्मिका मंदाना ने जो अन्य फोटो पोस्ट की है, उसमें जापानी मेन्यू की झलक दिख रही है। इस फोटो पर फूल और एक फूड मेन्यू कार्ड नजर आ रहा है जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि उनके प्री-वेडिंग फंक्शन में कुछ जापानी डिशेज भी परोसी जा रही हैं। वहीं सूत्र यह भी बताते हैं कि फूड मेन्यू को साउथ इंडियन टच देने के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। डिशेज में साउथ इंडियन खाना रहेगा जिसे केले के पत्ते पर ट्रडिशनल अंदाज में परोसा जाएगा। इसके साथ ही शादी में शरीक होने वाले मेहमानों के लिए खास तौर पर नारियल पानी का इंतजाम भी किया गया है।

खबरों के मुताबिक, शादी में किसी बड़े सितारे के आने की खबर नहीं है। लेकिन कुछ बड़े राजनेता और डायरेक्टर्स को शादी के लिए इनवाइट किया गया है

कल्कि 2 के सेट पर मिले अमिताभ व कमल हासन



@srbachchan

अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म कल्कि 2898 एडी के सीक्वल की शूटिंग शुरू हो गई है। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर इसके सेट से कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में वह जहां एक ओर सेट पर कमल हासन से मिलते नजर आ रहे हैं तो वहीं कुछ फोटोज में सेट दिख रहे हैं। एक फोटो में तो वह और कमल हासन गले भी लग रहे हैं। गौरतलब है कि कमल और अमिताभ लगभग चार दशक बाद एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इसके साथ बिग बी ने अपने घर के बाहर आए फैंस की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने लिखा, 'उन्हें बता दिया गया था कि मैं इस रविवार उनसे मुलाकात नहीं कर पाऊंगा क्योंकि मैं हैदराबाद में शूटिंग कर रहा हूं। मगर फिर भी वह आए। मैं माफी चाहता हूं क्योंकि काम पहले आता है।'

BAFTA ने मांगी माफी

ब्रिटिश अकैडमी ऑफ फिल्म एंड टेलिविजन आर्ट्स (BAFTA) ने नस्लवादी कमेंट की जिम्मेदारी लेते हुए माइकल बी जॉर्डन और डेलरॉय लिंडो से माफी मांगी है। यह दोनों कलाकार जब बाफ्टा में अवॉर्ड प्रेजेंट कर रहे थे, तब फिल्ममेकर जॉन डेविडसन ने उन पर नस्लवादी टिप्पणी की थी। बाफ्टा ने अपने बयान में कहा, 'बीती रात हमारे मेहमानों ने कुछ ऐसी आपत्तिजनक भाषा सुनी जिससे कई लोगों को तकलीफ हुई। इसके लिए हम अपने मेहमानों से माफी मांगते हैं।' जॉन डेविडसन टॉरेट सिंड्रोम से पीड़ित हैं।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

नीति आयोग का कार्यभार निधि को

पीटीआई, नई दिल्ली: निधि छिब्बर को मंगलवार को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। छत्तीसगढ़ कैडर की 1994 बैच की IAS अधिकारी निधि फिलहाल नीति आयोग के डिवेलपमेंट मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिस (DMEO) में महानिदेशक (DG) के पद पर तैनात हैं। मौजूदा सीईओ बी. वी. आर. सुब्रमण्यम का कार्यकाल मंगलवार को पूरा हो गया।

चीन की शिकायत पर बनाया पैनल

पीटीआई, नई दिल्ली: विश्व व्यापार संगठन (WTO) की विवाद निपटान संस्था ने एक पैनल गठित किया है। यह पैनल भारत के ऑटोमोबाइल और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर से जुड़े कुछ नियमों के खिलाफ चीन द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत की जांच करेगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले साल अक्टूबर में चीन ने आरोप लगाया था कि भारत की PLI स्कीम की कुछ शर्तें वैश्विक व्यापार नियमों के खिलाफ हैं। भारत और चीन दोनों ही WTO के सदस्य हैं। अगर किसी सदस्य देश को लगता है कि दूसरे देश की कोई नीति उसके निर्यात को नुकसान पहुंचा रही है, तो वह WTO के विवाद निपटान तंत्र में शिकायत दर्ज करा सकता है।

IRFC के OFS में कल रिटेल को मौका

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन में सरकार ऑफर फॉर सेल रूट से हिस्सेदारी बेचने जा रही है। नॉन रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए OFS बुधवार को खुलेगा। गुरुवार को रिटेल बिडिंग कर सकते हैं। डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक असेट मैनेजमेंट के सेक्रेटरी अरुणीश चावला ने यह जानकारी दी। सरकार OFS में 2% इक्विटी ऑफर कर रही है। इसके अलावा 2% का ग्रीन शू ऑप्शन भी है।

IT स्टॉक्स में बिकवाली से बाज़ार धड़ाम

AI का डर, ट्रंप के टैरिफ और US-ईरान टेंशन से सेंसेक्स-निफ्टी में 1% की गिरावट

NBT रिपोर्ट, मुंबई: आईटी शेयरों में भारी बिकवाली और अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से मंगलवार को सेंसेक्स 1,000 अंक से ज्यादा टूट गया। शेयर बाजार के प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में 1 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसकी सबसे बड़ी वजह आईटी (IT) शेयरों में हुई जबरदस्त बिकवाली रही। निवेशकों के बीच इस बात की चिंता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आने से आईटी कंपनियों के कारोबार पर बुरा असर पड़ सकता है।

पिछले दो दिनों से बाजार में जारी बढ़त पर ब्रेक लग गया और 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,068.74 अंक (1.28%) गिरकर 82,225.92 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला NSE निफ्टी 288.35 अंक (1.12%) लुढ़ककर 25,424.65 पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान यह 385.4 अंक तक गिर गया था। गिरावट वाले शेयरों में टेक महिंद्रा 6.6% तक टूट गया। इसके अलावा HCL टेक, इन्फोसिस, TCS, L&T, ट्रेंट, भारती एयरटेल, HDFC बैंक और ICICI बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। स्मॉलकैप और मिडकैप के इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए।



AI Image

फरवरी में IT 21% गिरा, अब क्या करें?

- निफ्टी IT इंडेक्स फरवरी महीने में ही 21% से ज्यादा टूट चुका है। साल 2008 के वैश्विक आर्थिक संकट के बाद यह आईटी सेक्टर की सबसे खराब मासिक गिरावट है। निफ्टी आईटी इंडेक्स अब निफ्टी 500 के मुकाबले 8 साल के सबसे निचले स्तर पर ट्रेड कर रहा है।
- इस बार गिरावट की वजह AI को लेकर सेक्टर में संभावित बदलाव है। क्या लंबी अवधि के लिए निवेश करने का यह सही समय है?
- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी के एस नरेन का कहना है कि इस सेक्टर में बदलाव का दौर है और डर का माहौल बना हुआ है। अगर आगे चलकर कमाई पर खतरा नहीं आता है, तभी अच्छे रिटर्न की उम्मीद की जा सकती है। फिलहाल सिर्फ शेयरों का सस्ता होना काफी नहीं है।
- एल्केमी कैपिटल मैनेजमेंट के आलोक अग्रवाल का कहना है कि आईटी सेक्टर की कमजोरी AI के आने से पहले की है। पिछले 3, 5 और 10 सालों में कमाई की रफ्तार बहुत धीमी रही है। अब एआई (AI) के आने से यह और भी कमजोर हो सकती है। जब तक ये कंपनियां एआई (AI) को अपनाने या खर्चों को कम करने की कोई ठोस योजना नहीं दिखातीं, निवेश जोखिम भरा हो सकता है।

कितनी गिरावट?

- सेंसेक्स: 1,068.74 अंक (1.28%)
- निफ्टी: 288.35 अंक (1.12%)
- टेक महिंद्रा (6.6%): सबसे अधिक गिरा
- Focused IT: 4.80%
- IT: 4.53%
- रियल्टी: 2.61%
- टेलिकम्युनिकेशन: 1.79%
- कंज्यूमर: 1.12%

कहां होगा असर?

मंगलवार को रियल एस्टेट शेयरों पर भी दबाव देखा गया। जानकारों का मानना है कि अगर आईटी सेक्टर में मंदी आती है, तो प्रॉपर्टी की मांग और उनकी कीमतों पर असर पड़ सकता है। सोमवार को अमेरिकी बाजार भी करीब 2% गिरकर बंद हुआ था। कच्चा तेल (ब्रेंट क्रूड) मामूली बढ़त के साथ 71.66 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सोमवार को FIIs ने 3,483.70 करोड़ के शेयर खरीदे थे।

ज़रूरत से ज़्यादा चिंता : HCLTech CEO

HCLTech के सीईओ सी विजयकुमार का कहना है कि एआई को लेकर मौजूदा बदलाव का यह समय 'दर्दनाक' होगा। क्योंकि इसका असर आम इंसानों पर पड़ रहा है। उनके मुताबिक, सॉफ्टवेयर बनाने में कोडिंग एक छोटा हिस्सा है, एआई पूरी तरह से इंसानों की जगह नहीं ले सकता। आईटी शेयरों को लेकर निवेशकों की चिंताएं जरूरत से ज्यादा हैं।

रणनीति बदलनी होगी : जेफरीज

आईटी सेक्टर में एआई (AI) की वजह से एक बदलाव आ रहा है, जिससे कंपनियों के पुराने बिजनेस मॉडल पर खतरा मंडराने लगा है। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने चेतावनी दी है कि पारंपरिक मैनेज्ड सर्विसेज का कारोबार कम हो जाएगा और कंपनियों को अपनी पूरी रणनीति बदलनी होगी। हालांकि, HSBC का मानना है कि एआई सॉफ्टवेयर की जगह नहीं ले सकता और बाजार का डर थोड़ा ज्यादा है।

ड्रोन-AI रोबॉट मिलकर करेंगे घर-घर डिलिवरी

NBT

Skye Air ने गुरुग्राम में शुरू की सर्विस, डिलिवरी मॉडल ऑटोमेटिक

NBT न्यूज, गुड़गांव: भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए दुनिया का पहला पब्लिक ऑटोमैटिक फिजिकल AI डिलिवरी नेटवर्क शुरू कर दिया है। यह सिस्टम अब गुड़गांव में व्यावसायिक रूप से काम कर रहा है। जहां ड्रोन और रोबॉट बिना इंसानी हस्तक्षेप के सामान सीधे ग्राहकों के दरवाजे तक पहुंचा रहे हैं। इस पहल को गुड़गांव सेक्टर-102 में चार आधुनिक AI स्काई पोर्ट, स्काई शिप अराइव पॉइंट ऑटोबोट्स एक साथ मिलकर कर रहे हैं। हाल ही में आयोजित AI इम्पैक्ट समिट -2026 में इस तकनीक का प्रदर्शन किया गया था।

स्काई एयर (Skye Air) मोबिलिटी के सीईओ अंकित कुमार ने कहा कि हमने अपने लोकल डिलिवरी पोर्ट 'स्काई पोर्ट' को एआई (AI) सिस्टम से जोड़ दिया है। Arrive AI के सीईओ डैन ओटोल ने बताया कि अराइव पॉइंट हवा और जमीन के बीच पुल का काम करते हैं जो तय करते हैं कि ड्रोन और रोबोट के बीच सामान का लेनदेन ठीक हो। ऑटोनोमी के सीईओ रितुकर विजय ने कहा कि ऑटोबोट्स आसानी से चल सकते हैं।

कैसे काम करता है?

स्काई पोर्ट से ड्रोन स्काई शिप उड़ान भरते हैं। ड्रोन हवा के रास्ते पैकेज को अराइव पॉइंट तक पहुंचाते हैं, जो एक सुरक्षित स्मार्ट बॉक्स है। इसके बाद ऑटोबोट्स सामान को ग्राहक के दरवाजे तक ले जाते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में मानव सहायता की आवश्यकता नहीं होती। इससे डिलिवरी अधिक कुशल बनती है।

एन चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल पर टाटा संस बोर्ड ने फैसला टाला

पीटीआई, मुंबई: टाटा संस के बोर्ड ने मंगलवार को नटराजन चंद्रशेखरन को चेयरमैन के रूप में तीसरा कार्यकाल देने के फैसले को फिलहाल टाल दिया है। सूत्रों के मुताबिक, यह इस बात का संकेत है कि कंपनी के अंदर कुछ मतभेद चल रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि मुंबई में हुई बोर्ड मीटिंग में चंद्रशेखरन का कार्यकाल बढ़ाने पर कोई फैसला नहीं लिया गया। उनका मौजूदा कार्यकाल फरवरी 2027 में खत्म हो रहा है। हालांकि, मीटिंग के बाद कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

फरवरी 2027 तक चंद्रशेखरन का है कार्यकाल

नोएल टाटा की शर्तों से फंसा पेच!

सूत्रों का कहना है कि टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति के लिए कई शर्तें रख दीं। इसकी वजह से आखिरी समय पर फैसला टालना पड़ा। बता दें कि टाटा ट्रस्ट की टाटा संस में दो-तिहाई (करीब 66%) हिस्सेदारी है। सूत्रों ने बताया कि नोएल टाटा ने ग्रुप की कुछ कंपनियों में हो रहे घाटे पर चिंता जताई है। उनकी शर्तों में यह भी शामिल है कि टाटा संस पर और कर्ज न बढ़ाया जाए। दरअसल, कर्ज बढ़ने से ऐसी स्थिति बन सकती है जहां नियमों के मुताबिक कंपनी को मजबूरी में शेयर बाजार में लिस्ट होना पड़ सकता है। नोएल टाटा, टाटा संस की लिस्टिंग (IPO) के सख्त खिलाफ हैं। सूत्रों के अनुसार, चंद्रशेखरन ने बोर्ड को समझाया कि इस बात का पक्का वादा करना बहुत मुश्किल है कि कंपनी कभी लिस्ट होगी ही नहीं। उन्होंने कहा कि सरकारी नियमों और कायदों के हिसाब से चीजें बदलती रहती हैं और कंपनियों को उन नियमों का पालन करना ही पड़ता है।

यह बैठक ग्रुप के मुख्यालय 'बॉम्बे हाउस' में हुई और काफी लंबी चली। सूत्रों का कहना है कि टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति के लिए कई शर्तें रख दीं। सूत्रों के मुताबिक, बोर्ड के बाकी चार डायरेक्टरों वेणु श्रीनिवासन, हरीश मनवानी, अनीता जॉर्ज और सौरभ अग्रवाल को चंद्रशेखरन का कार्यकाल बढ़ाने से कोई आपत्ति नहीं थी।

8 फीसदी से अधिक रहेगी ग्रोथ : SBI रिपोर्ट

AI Image

NBT रिपोर्ट, मुंबई: साल 2022-23 को नया आधार वर्ष (बेस ईयर) मानकर की गई गणना में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर (जीडीपी ग्रोथ) 8.1 फीसदी के करीब रह सकती है। SBI की एक रिपोर्ट में ये बातें कही गई हैं। मार्च 2026 में खत्म होने वाले मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में देश की ग्रोथ रेट 8 फीसदी दर्ज की गई थी। भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल के आंकड़े बताते हैं कि आर्थिक गतिविधियां काफी मजबूत हैं। गांवों में मांग अच्छी बनी हुई है।

EPFO बदलेगा निवेश का तरीका, जोखिम को कम करने की तैयारी

NBT रिपोर्ट: कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) अपने निवेश के तरीके में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब अपनी पांच अलग-अलग स्कीमों के पैसे को अलग-अलग लगाने के बजाय, एक ही साझा फंड (पूल) बनाकर बाजार में निवेश किया जाएगा। साथ ही, बाजार के उतार-चढ़ाव से बचने के लिए अब हर महीने के बजाय साल में एक बार ही बड़ा निवेश किया जाएगा। ET के मुताबिक, इन बदलावों पर 2 मार्च की बैठक में मुहर लग सकती है। हालांकि इस बैठक में नई ब्याज दरों के ऐलान की उम्मीद कम है।

साल 2015 से EPFO अपनी नई कमाई का 5 से 15 फीसदी हिस्सा ETFs में लगाता रहा है। अंदर की खबरों के अनुसार, EPFO अपनी सभी योजनाओं के लिए ETF निवेश का एक समान और साझा सिस्टम शुरू करेगा। पुराने नियमों के हिसाब से, EPFO अपनी हर योजना के लिए अलग-अलग निवेश करता था और उन्हें एक साथ नहीं मिलाता था। भविष्य में EPFO ने साल में एक बार निवेश करने का फैसला किया है।

AI Image

मीटिंग में होगा फैसला

EPFO की निवेश समिति ने इन प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी है। अब इन्हें 2 मार्च को होने वाली सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (CBT) की बैठक में अंतिम मंजूरी के लिए रखा जाएगा। हालांकि, मीटिंग के अजेंडे में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ब्याज दरों की घोषणा का जिक्र नहीं है, जिसका काफी समय से इंतजार किया जा रहा है।

क्या है अजेंडा?

- EPFO अपनी 5 अलग-अलग योजनाओं के फंड को एक साथ मिलाकर ETF में निवेश करेगा।
- निवेश का चक्र अब महीने-दर-महीने के बजाय सालाना होगा।
- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के बॉन्ड्स को बायबैक में बेचकर मुनाफा कमाने की तैयारी।
- 2 मार्च को सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में इन प्रस्तावों पर फैसला होगा।
- 2025-26 के लिए ब्याज दरों की घोषणा फिलहाल एजेंडे में शामिल नहीं है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA15 User: cci Time: 02-24-2026 21:08 Color:

डर को कमजोर करती मुस्कान

विज्ञान के अनुसार, मुस्कुराने से दिमाग का 'अमिगडाला' (डर का केंद्र) शांत होता है। यह छोटी सी क्रिया तनाव और घबराहट को कम कर मन में साहस और नई उम्मीद जगाती है।

विचार

सफलता कोई जादुई चीज नहीं है। यह अनुशासन के साथ और खुश होकर लगातार मेहनत करने का फल है। नियम से काम करने पर ही कामयाबी मिलती है।
- जिम रॉन (Jim Rohn)

ज़रा हंस लें

चिंटू: पापा मुझे बाजा दिला दीजिए। पापा: नहीं, तुम सबको परेशान करोगे। चिंटू: नहीं करूंगा, पक्का, जब सब सो जाएंगे, तभी बजाऊंगा।

कविता

एक इम्तिहान

AI Image



आज गम की बरसात है,
तो कल खुशियों की सौगात है,
वक्त कभी एक-सा नहीं रहता,
आज चांदनी मिला,
तो कल काली रात है।
कितनी अजीब ये बात है,
जिंदगी गम और खुशी का नाम है,
पल में सुबह, पल में शाम है।
कोई ना जाने कब, कहां, कैसे
जिंदगी का अंतिम विराम है।
हर पल को जी भर जियो,
अगले पल क्या होगा यहां
इससे हर कोई अंजान है,
क्योंकि जिंदगी खुद
एक इम्तिहान है....

- लक्ष्मी गुप्ता रुदौली, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

नींद से जागो, बीट्स पर झूमो दिन शुरू होने से पहले जी लो

Shruti.Sonal@timesofindia.com

भोर की हल्की रोशनी जब आसमान पर दूधिया रंग घोलती है, हवा में ठंडक घुली होती है और शहर अभी पूरी तरह जागा भी नहीं होता, तभी कहीं कॉफी की खुशबू उठती है, कहीं म्यूजिक की बीट्स धड़कती हैं और लोग रनिंग शूज पहनकर डांस फ्लोर की तरफ बढ़ने लगते हैं। रेव पार्टी, जिसे कभी देर रात, शराब और क्लब कल्चर से जोड़कर देखा जाता था, अब हेल्दी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन रही है। मॉर्निंग रेव नाम का यह ट्रेंड सुबह 6 से 9 बजे के बीच शुरू होता है और ऑफिस या रोजमर्रा के काम से पहले ही खत्म हो जाता है। यहां कॉकटेल नहीं, माचा, कोम्बुचा, कॉफी और ताजे जूस मिलते हैं। भारी स्नैक्स की जगह मूसली बाउल और हल्का नाश्ता। टेक्नो, हाउस और पॉप रीमिक्स पर लोग खुलकर झूमते हैं। बेंगलुरु से लेकर इंदौर तक कई रन क्लब अब अपनी रनिंग सेशन के बाद रेव होस्ट कर रहे हैं। लोग पहले दौड़ लगाते हैं, फिर उसी जोश में डांस करते हैं।

चेन्नै से नोएडा तक भोर बनी नया हैप्पी आवर

मुंबई की इंटिग्रेटिव हेल्थ कोच प्रार्थना शाह का कहना है कि हेल्थ और वेलनेस को मनोरंजक तरीके से पेश करना जरूरी है। फिटनेस कम्युनिटी जैसे स्ट्राइड रन क्लब, दिल्ली रन कलेक्टिव और भाग क्लब वीकेंड पर आफ्टर रन रेव रेगुलर करा रहे हैं। कई एथलीजर और एनर्जी ड्रिंक ब्रैंड भी जुड़ रहे हैं।

चेन्नै में मद्रास ड्रिवेन ने एक कार एंड कोको रेव रखी, जिसमें करीब 400 लोग पहुंचे। यहां म्यूजिक, कार शो और ब्रेकफास्ट का कॉम्बो देखने को मिला। कम्युनिटी के कोफाउंडर मुदित के मुताबिक, इसमें कॉलेज जाने वाली नई पीढ़ी भी जुड़ी। कुछ जगहों पर तो साइलेंट रेव और जिम रेव जैसे एक्सपेरिमेंट भी हो रहे हैं।

नोएडा के 25 साल के सचिन टंडन कहते हैं कि इन इवेंट्स की वजह से वीकेंड पर सुबह जल्दी उठने का मोटिवेशन मिल जाता है। दीप्ति नायरबताती हैं कि यूएस बेस्ड क्लाइंट्स के साथ काम करने की वजह से वह रात में बाहर नहीं जा पाती, इसलिए सुबह का यह ऑप्शन उनके लिए परफेक्ट है। दीप्ति भी इस ट्रेंड से खुश है। गुरुग्राम के दीपे कांटेक्ट का कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक अब सिर्फ नाइट क्लब तक सीमित नहीं है। कैफे, बैकयार्ड या छोटे स्पेस में भी अच्छा माहौल बन सकता है, और सुबह की रेव ज्यादा पर्सनल और एक्सपेरिमेंटल होती है।

रंगों की मदद से खेल-खेल में लिखना सीख रहे हैं बच्चे

Meghdoot.Sharon@timesofindia.com



TOI

गांधीनगर: उत्तर गुजरात के एक सरकारी स्कूल में पढ़ाई का अनोखा तरीका अपनाया गया है। छाव-थराड क्षेत्र के सेदव सरकारी प्राथमिक स्कूल के प्रिंसिपल बी. जी. पटेल ने रंगों के जरिए छोटे बच्चों को अंक और अक्षर लिखना सिखाने की पद्धति विकसित की है। इस तरीके में अंकों और अक्षरों की सीधी रेखाओं और घुमावदार हिस्सों को अलग-अलग रंगों से समझाया जाता है। पहले चार्ट पर समझाया जाता है, फिर ब्लैकबोर्ड पर रंगीन चॉक से अभ्यास कराया जाता है।



जो बच्चे पहले संख्या का आकार समझने में हफ्तों लगा देते थे, वे अब कम समय में साफ और सुंदर लिखने लगे हैं। -प्रिंसिपल बी. जी. पटेल

पटेल का कहना है कि रंगों से आकार समझना आसान होता है। जो बच्चे पहले एक-दो महीने में सीखते थे, वे अब कम समय में साफ और सुंदर लिखने लगे हैं। शिक्षा विशेषज्ञों ने भी इस पहल को प्रभावी बताया है। यह मॉडल राज्य सरकार को भी भेजा गया है और जिले के कई स्कूलों में अपनाया जा चुका है।

इतिहास का सफर... लोग खुद देख सकेंगे लाइव खुदाई और विरासतें

Shruti.Sonal@timesofindia.com

5,000 साल पुरानी सिंधु घाटी सभ्यता अब किताबों में नहीं, बल्कि आंखों के सामने जी उठी है। राखीगढ़ी, धोलावीरा और लोथल जैसे ऐतिहासिक स्थल अब बड़े 'आर्कियोलॉजिकल टूरिज्म' केंद्र बन रहे हैं। आर्कियोलॉजिस्ट नकुल छाबड़ा जैसे विशेषज्ञों की 'हैरिटेज वॉक' ने लोगों को धूल भरे मार्गों में छिपे हमारे अनमोल गौरव से दोबारा जोड़ दिया है। हालिया यूनियन बजट में इन स्थलों को वर्ल्ड-क्लास सुविधाओं और ऑन-साइट म्यूजियम के साथ संवारने का फैसला लिया गया है।

हरियाणा के राखीगढ़ी से लेकर गुजरात के धोलावीरा तक, अब पर्यटक सिर्फ खंडहर नहीं देखते, बल्कि टेराकोटा वर्कशॉप और लग्जरी टेंट स्टे के जरिए उस प्राचीन दौर को महसूस करते हैं। सोशल मीडिया और व्लॉगर्स ने भी नई पीढ़ी में अपनी विरासत को जानने का एक सुखद उत्साह भर दिया है। लोथल का समुद्री इतिहास हो या तमिलनाडु के आदिचनल्लूर की लाइव खुदाई, भारत अपनी प्राचीन इंजीनियरिंग और संस्कृति को शान से दुनिया के सामने रख रहा है। हालांकि, इस बढ़ती लोकप्रियता के बीच सुरक्षा और स्थानीय जागरूकता को बढ़ाना भी जरूरी है, ताकि हमारी यह अनमोल विरासत आने वाली सदियों तक सुरक्षित रहे।

राखीगढ़ी जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर अब वॉक और वर्कशॉप के साथ लोग 5000 साल पुरानी सभ्यता को करीब से देख और महसूस कर रहे हैं

बढ़ती लोकप्रियता के साथ चिंता भी है। कुछ जगहों पर सुरक्षा बढ़ाना जरूरी है, ताकि पर्यटक गलती से या जानबूझकर पुरानी चीजों को नुकसान न पहुंचाएं। -नकुल छाबड़ा

हफ्ते में सिर्फ एक बार सिंचाई से 350 से ज्यादा पौधे रहते हैं तरोताजा

नीलकंठ गौड़ा नारियल के फेंके हुए बाहरी छिलकों का करते हैं इस्तेमाल, प्लांटर्स को वर्टिकल गार्डन की तरह लगाया है

नारियल के छिलकों से खिला बगीचा, पानी बचाने का खास तरीका

NBT रिपोर्ट, बेंगलुरु : नर्सकेरी में नीलकंठ गौड़ा का बगीचा गर्मियों में भी हरा-भरा रहता है। गौड़ा आम गमलों की जगह नारियल के फेंके हुए बाहरी छिलकों का इस्तेमाल करते हैं। श्रीनगर के रहने वाले 68 साल के गौड़ा कहते हैं, 'प्लांटर्स को वर्टिकल गार्डन की तरह लगाया है। इसका फायदा यह है कि ऊपर वाले प्लांटर्स से पानी नीचे वालों में बह जाता है। इससे पानी की बर्बादी कम होती है।' खास बात यह है कि वह हफ्ते में सिर्फ एक बार, करीब पांच बाल्टी पानी से लगभग 45 मिनट में 350 से ज्यादा पौधों को सींचते हैं।

छिलकों में मौजूद नेचुरल गैप फायदेमंद

गौड़ा अपने प्लांटर्स खुद बनाते हैं और इसमें उन्हें मजा भी आता है। इसकी पूरी प्रक्रिया बताते हुए वह कहता है, 'पहले नारियल के छिलकों को काटते हैं, अंदर का हिस्सा निकालते हैं, फिर उसे वापस जोड़कर लटकाने लायक तैयार करते हैं।' छिलकों में मौजूद नेचुरल गैप और कुछ अतिरिक्त छेद पानी की निकासी का काम करते हैं। इनमें कोकोपीट भरा जाता है, जो उगाने के लिए मीडियम या खाद की तरह इस्तेमाल होता है। कोकोपीट पानी को अच्छी तरह सोखकर रखता है। इसी वजह से पौधों को हफ्ते में सिर्फ एक बार पानी देना पड़ता है। बारिश के मौसम में तो इससे भी कम जरूरत होती है।

नैशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरी में रहे वैज्ञानिक

नैशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरी से बतौर वैज्ञानिक रिटायर्ड होने के बाद गौड़ा ने खुद प्रयोग करके यह तरीका विकसित किया। उनका दावा है कि नारियल की भूसी से बने ये प्लांटर्स हल्के, सस्ते, बायोडिग्रेडेबल, फेंकने में आसान, टिकाऊ और जड़ों व पौधों के लिए फायदेमंद होते हैं। हालांकि, ये प्लांटर ज्यादातर सजावटी और इनडोर पौधों के लिए उपयुक्त हैं। गुलाब जैसे कुछ पौधे इनमें अच्छे से नहीं उगते।

MARUTI SUZUKI ARENA

WHY CHOOSE DIESEL?
RUN ON THE SMARTER FUEL

VICTORIS S-CNG
WITH SEGMENT-FIRST UNDERBODY CNG TANK

PARAMETER	VICTORIS S-CNG	COMPETITION MID SUV DIESEL	BENEFIT OF VICTORIS S-CNG OVER DIESEL CARS
Running Cost/km	₹4	~ ₹6.1	✓ More savings per km
Lower Maintenance Cost	✓	✗	✓ Easy on pocket
Reduced Emission	✓	✗	✓ Good for environment
Recovery Period#	~3.8 Yrs	~11.1 Yrs	✓ Faster recovery

LOYALTY REWARD OF UP TO ₹30 000 ON EXCHANGE OF MARUTI SUZUKI CARS**

SCAN AND CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM

CONTACT US AT 1800-102-1800

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the Owner's Manual. #Considered average daily drive of 35 km. Fuel Cost calculation done basis fuel prices in Delhi as of 11th Feb 2026 and considered 70% delivery of ARAI tested Mileage. **The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. For more details visit authorised dealership. The offer is valid only on Victoris. *As certified by Test Agency under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989.

VICTORIS



NBT AI टाइम मशीन

ब्रैडमैन ने ली थी आज आखिरी सांस

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज सर डॉन ब्रैडमैन ने आज ही के दिन 2001 में 92 साल की उम्र में अंतिम सांस ली थी। उन्हें निमोनिया के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद वे घर वापस आ गए थे। डॉन ब्रैडमैन को उनके 99.94 के टेस्ट बल्लेबाजी औसत के लिए जाना जाता है, जो क्रिकेट के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ है। माना जाता है कि उन्होंने बल्लेबाजी की तकनीक खुद से ही सीखी थी।

AI, सेंसर तकनीक का दिखेगा कमाल

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में क्रिकेट पूरी तरह AI और सेंसर तकनीक पर आधारित होगा। गेंद और खिलाड़ियों में माइक्रोचिप्स रियल-टाइम डेटा देंगे, निर्णय तुरत 3D होलोग्राम से होंगे और अंपायर लगभग खत्म हो जाएंगे। क्लाइमेट-कंट्रोल्ड डोम स्टेडियम और स्मार्ट पिच सामान्य होंगे। दर्शक VR और होलोग्राम से मैच अनुभव करेंगे। फॉर्मेट छोटे और तेज होंगे, जबकि टेस्ट हेरिटेज रूप में बचेगा। इंसान बनाम AI मैच संभव होंगे।



AI Images

एक को नई ज़िंदगी देने चले थे, 7 की जान गई...क्रैश ने उजाड़े कई परिवार

क़र्ज़ से 8 लाख में बुक की थी एयर एंबुलेंस

SPEED News

अमेरिका में सिख की अगवा करके हत्या

कैलिफॉर्निया के ट्रेसी में 57 साल के अवतार सिंह को गुरुद्वारे के बाहर 17 फरवरी को अगवा किया गया था। फिर तीन दिन बाद शव मिला।

इलाज के बाद फिर जेल पहुंचे इमरान

पाक में जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान को आंखों के इलाज के लिए अस्पताल ले गए और फिर वापस जेल भेजा गया।

एपस्टीन फाइल्स: पूर्व राजदूत को ज़मानत

US में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडलसन को यौन अपराधी एपस्टीन से रिश्तों से जुड़ी जांच में गिरफ्तारी के बाद जमानत मिल गई है।



थाइलैंड में बाघों की मौत की जांच शुरू

टाइगर किंगडम चियांग माई में दो हफ्ते से भी कम समय में 72 बाघों की मौत हो गई। अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है और पार्क को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

विश्वेंदु जयपुरियार (टीएनएन)

■ **चतरा:** झारखंड के चतरा जिले के जंगलों में सोमवार शाम हुए एयर एंबुलेंस क्रैश ने कई परिवारों को उजाड़ दिया। लातेहार जिले के चंदवा में आग से झुलसे होटल संचालक संजय कुमार को बचाने के लिए परिवार ने 8 लाख रुपये खर्च कर यह एयर एंबुलेंस बुक की थी। इसके लिए दो लाख रुपये कर्ज लिया था। बाकी रुपये रिश्तेदारों और बचत से जुटाए थे। जिस एयर एंबुलेंस के सफर से परिवार नई जिंदगी की उम्मीद कर रहा था। उसका क्रैश 7 लोगों की मौत की वजह बन गया।

रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड का यह बीचक्राफ्ट C90 एयर एंबुलेंस सोमवार शाम रांची से दिल्ली आ रही थी, तभी क्रैश हो गई। मरने वालों में दोनों पायलट (कैप्टन विवेक, कैप्टन सबराजदीप), मरीज संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना देवी, भांजा ध्रुव कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, पैरामेडिक सचिन कुमार मिश्रा हैं।

संजय के बड़े भाई विजय ने बताया कि 16 फरवरी को शॉर्ट सर्किट से लगी आग में संजय 65% झुलस गए थे। रांची के हॉस्पिटल ने दिल्ली रेफर किया था। कंडीशन सीरियस थी, इसलिए सड़क के रास्ते नहीं ले जा सकते थे। बड़ी मुश्किल से 8 लाख रुपये जमा किए थे। रांची से निकले ही थे कि हादसे की खबर आई। इसमें भाई (संजय), उनकी पत्नी और भांजे की मौत हो गई। संजय के दोनों बेटे शुभम (17) और शिवम (13) अनाथ हो गए हैं। परिवार पहले से ही कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा था और अब यह हादसा उनके लिए सबसे बड़ा झटका बन गया है।

चश्मदीद ने कहा, जोर का धमाका सुना था: स्थानीय युवक ने बताया कि मैं छत पर खड़ा था, तभी जोरदार धमाके जैसी आवाज आई। हमें लगा कि कोई विमान क्रैश हुआ होगा। जब घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि विमान गिर चुका था। शुरुआती रिपोर्ट में खराब मौसम को क्रैश का कारण माना जा रहा है। सोमवार को देर शाम अचानक झारखंड का मौसम बदल गया था। तेज हवा और झमाझम बारिश होने लगी थी। गांववालों ने बताया कि सोमवार रात करीब 7.45 पर जंगल से अचानक धमाके की जोरदार आवाज सुनाई दी। इससे गांववाले सहम गए।

मरीज, पायलट, डॉक्टर...कोई नहीं बचा

सोमवार को बर्न मरीज को रांची से दिल्ली ला रहे थे

- **7:11 PM** पर रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी।
- **7:34 PM** कोलकाता ATC से इस एयर एंबुलेंस का संपर्क टूट गया।
- **7:45 PM** झारखंड के चतरा में स्थानीय लोगों ने धमाके की आवाज सुनी।
- **8:05 PM** रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर सक्रिय, फिर क्रैश की खबर मिली।

1. झारखंड के चतरा में जंगलों में सोमवार को एयर एंबुलेंस क्रैश हुई।
2. हादसे में होटल कारोबारी संजय कुमार की पत्नी समेत मौत हो गई। साथ में भांजा ध्रुव कुमार भी था।
3. कैप्टन विवेक विकास भगत ने 2022 के सितंबर में एयर एंबुलेंस के पायलट के तौर पर करियर शुरू किया था।

खराब मौसम में उड़ान कैसे, जांच होगी — झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार जांच करेगी कि खराब मौसम में विमान को उड़ान भरने की अनुमति कैसे दी गई। मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। परिजनों से मिलकर स्वास्थ्य मंत्री अंसारी ने कहा कि झारखंड में अस्पताल की बेहतर व्यवस्था नहीं है।

रांची से उड़ा तो 4,500 मी. से अधिक थी विजिबिलिटी

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com



हादसे की जगह से जांच के लिए मलबा जुटाया गया।

■ **नई दिल्ली:** झारखंड के चतरा में सोमवार को हुए एयर एंबुलेंस क्रैश के 24 घंटे बाद तक भी नागर विमानन मंत्रालय और एयरलाइंस के रेगुलेटर डीजीसीए की तरफ से ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की गई, जिससे क्रैश के संभावित कारणों का पता चल पाता। 27 दिनों के अंदर देश में यह दूसरा क्रैश है। इस मामले में AAIB ने जांच शुरू कर दी है। क्रैश हुई एयर एंबुलेंस बीचक्राफ्ट सी-90 विमान था, जिसे रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड ऑपरेट करती है।

AAIB ने शुरू की जांच, 27 दिन में दूसरा क्रैश

खराब मौसम या कुछ और... इस क्रैश से कई सवाल खड़े हुए हैं। संभावित कारणों में खराब मौसम की वजह बताई जा रही है। रांची एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने एनबीटी को बताया कि बाद का तो पता नहीं, लेकिन सोमवार शाम जिस वक्त एयर एंबुलेंस ने यहां से टेक ऑफ किया था। उस वक्त यहां विजिबिलिटी 4500 मीटर से अधिक थी। आगे क्या हुआ, यह जांच में पता चलेगा।

उड़ान के 23 मिनट बाद टूटा था संपर्क

एयर एंबुलेंस ने रांची एयरपोर्ट से सोमवार शाम 7:11 बजे उड़ान भरी थी। अंतिम बार कोलकाता एयरपोर्ट ATC के रेडार से संपर्क 7:34 बजे हुआ था। उड़ान के 23 मिनट बाद यह एयर एंबुलेंस एटीसी रेडार से गायब हो गया था। कोलकाता के बाद इसे वाराणसी एयरपोर्ट ATC के हवाले किया जाना था। लेकिन इससे पहले ही यह रेडार से गायब हो गया।

रेस्क्यू टीम को क्रैश की जगह पहुंचने में 5 Km चलना पड़ा

नई दिल्ली: झारखंड के चतरा जिले में एयर एंबुलेंस क्रैश के बाद पुलिस और रेस्क्यू टीम को वहां पहुंचने में करीब पांच किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। रेस्क्यू ऑपरेशन इतना मुश्किल था कि यह मंगलवार सुबह करीब 5 बजे तक चला। तब जाकर मौके से सभी शवों को निकाल सके। चतरा के एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि प्लेन क्रैश के बारे में सोमवार रात 9:15 बजे के आसपास गांव वालों से पता लगा था। रेस्क्यू के लिए तुरंत टीम रवाना हुई। लेकिन आगे जंगल इतना घना और रास्ता इतना उबड़-खाबड़ था कि गाड़ियां नहीं चल सकती थीं। टीम को करीब पांच किमी. पैदल चलना पड़ा।

गुस्साई भीड़ ने कोलंबो में कई वाहनों को निशाना बनाया है।

दिल्ली-लेह: इमरजेंसी लैंडिंग

दिल्ली से लेह जाने वाली फ्लाइट की मंगलवार सुबह इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। स्पाइसजेट की फ्लाइट ने दिल्ली के IGI से उड़ान भरी, लेकिन आसमान में पता लगा कि इंजन में गड़बड़ी है। इसके बाद IGI पर ही 6:45 बजे इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। विमान में करीब 150 यात्री थे। सूत्रों के मुताबिक, विमान का इंजन-2 फेल हो गया था। उड़ान भरते ही इस तकनीकी गड़बड़ी का पता क्रू को चला था।

ईरान में हेलिकॉप्टर गिरा, 4 मौतें

ईरान के इस्फहान प्रांत में मंगलवार को मिलिट्री हेलिकॉप्टर फल और सब्जी मार्केट पर गिर गया। डोर्चेह शहर में हुए इस हादसे में पायलट और को-पायलट समेत चार लोगों की मौत हो गई। सेना का यह हेलिकॉप्टर ट्रेनिंग पर था। क्रैश के बाद बाजार से धुआं उठता दिखा। घटनास्थल पर हादसे के बाद चारों तरफ मलबा बिखर गया। बाजार में मौजूद दो लोगों की भी मौत हुई। एक हफ्ते में यह दूसरा सैन्य विमान हादसा है।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. केंद्रीय कैबिनेट ने केरल का नाम बदलकर क्या करने को मंजूरी दी है?
   A. केरला B. केरलम् C. कुरल
2. सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ओडिशा, झारखंड के सिविल जज किस राज्य में SIR में करेंगे मदद?
   A. प. बंगाल B. यूपी C. तमिलनाडु
3. रूस-यूक्रेन जंग कितने वर्षों से जारी है?
   A. 2 साल B. 3 साल C. 4 साल
4. AI समिट के हंगामे में पुलिस रिमांड में भेजे गए इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन है?
   A. उदय भानु चिब B. विनोद जाखड़ C. मल्लिकार्जुन खरगे
5. सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए देशभर में 14 वर्षीय किशोरियों को कौन-सी वैक्सीन लगेगी?
   A. हेपेटाइटिस बी B. एचपीवी C. फ्लू

कल के जवाब
A1 B. एल. मेंचो A2 A. मणिपुर A3 A. एम मैनुर रहमान A4 C. TMC A5 C. सी. राजगोपालाचारी

लकी विनर्स



1. सुषमा शर्मा, दिल्ली
2. दक्षित प्रियंकर, गाजियाबाद
3. विजया आदित्य, फरीदाबाद

ऐसे भेजें अपने जवाब
अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

रूस-यूक्रेन जंग को चार साल, हर रोज मिसाइल ड्रोन से हो रहे अटैक...

AP
यूक्रेन के कीव में शहीद यूक्रेनी सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

■ एपी, कीव/लंदन

24 फरवरी 2022... इस तारीख को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'स्पेशल ऑपरेशन' बताकर यूक्रेन के खिलाफ जो जंग छेड़ी थी, मंगलवार को उसे चार साल हो गए। लेकिन अब भी शांति समझौते के कोई संकेत दूर-दूर तक नहीं हैं। इस मौके पर यूक्रेन के प्रति एकजुटता दिखाते कई यूरोपीय नेता मंगलवार को इसकी राजधानी कीव पहुंचे। ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर ने कहा कि कठिन हालात के बावजूद यूक्रेन ने रूस का मजबूती से मुकाबला किया। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि इस जंग में रूस सैनिक, आर्थिक और रणनीतिक रूप से नाकाम साबित हुआ है।

रूसी सैनिकों का दावा, आदेश न मानने पर अपनों को ही मारी गोली: यूक्रेन जंग में शामिल रूसी सैनिकों से बातचीत में BBC ने दावा किया कि बहुत खराब हालात में जंग लड़ने को मजबूर किया गया। कई बार पर्याप्त हथियार, सुरक्षा या जरूरी संसाधन नहीं दिए गए। जो सैनिक डर या खतरे के कारण आगे बढ़ने से मना कर देते थे, उन्हें धमकाया जाता था और कुछ मामलों में गोली मार दी जाती थी। कई मौके आए जब आदेश मानने से इनकार करने वाले सैनिकों को उनके कमांडरों ने ही गोली मार दी।

1461 दिन में...
- **18 लाख** लोग हताहत हुए, इनमें 12.5 लाख रूसी सैनिक हैं
- **6 लाख** यूक्रेनी सैनिक हताहत, 2 लाख के करीब मौतें, यूक्रेन ने 55 हजार बताईं मौतें
- **15 हजार** से ज्यादा आम यूक्रेनी मारे गए, यूएन के मुताबिक
- *सबसे ज्यादा मौतें अब ड्रोन हमलों से, सबसे ज्यादा लैंड माइंस वाले देशों में यूक्रेन*
- **19%** से ज्यादा यूक्रेन के हिस्से पर रूस का कब्जा हो चुका है
- **1 करोड़** से ज्यादा यूक्रेनी आबादी सहायता पर निर्भर
- **10 साल** में 590 अरब डॉलर खर्च होंगे यूक्रेन के पुनर्निर्माण में

रूस अपने सभी लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया है, सैन्य अभियान जारी रहेगा। -दिमित्री पेस्कोव, रूसी प्रवक्ता

यूक्रेन ने रूस के बड़े हमले के बावजूद अपनी आजादी और संप्रभुता बचाई है। हमने अपना देश नहीं खोया और पुतिन लक्ष्य हासिल नहीं कर सके। -जेलेंस्की, यूक्रेन

मॉस्को में पुलिस अफसर की जान गई

रूस की राजधानी मॉस्को के प्रमुख रेलवे स्टेशन Savyolovsky के पास मंगलवार आधी रात के बाद हुए ब्लास्ट में एक पुलिस अफसर की मौत हो गई। दो अन्य घायल हो गए। हमलावर ने ट्रैफिक पुलिस की पट्रोलिंग कार में यह धमाका किया। मौके पर हमलावर की भी जान चली गई। (एएफपी)

ड्रग माफिया एल मेंचो तक गर्लफ्रेंड से पहुंची सेना

■ **एएफपी, मेक्सिको सिटी:** मेक्सिको के रक्षा मंत्री रिकार्डो ट्रेविला ने बताया कि रविवार को मार गिराए गए ड्रग माफिया एल. मेंचो की लोकेशन का पता उसकी गर्लफ्रेंड से चला था। खुफिया एजेंसियों ने गर्लफ्रेंड से जुड़े भरोसेमंद साथी की पहचान की थी। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। इसी व्यक्ति ने प्रेमिका को जालिस्को के पास उस कंपाउंड में पहुंचाया था, जहां एल मेंचो कंपाउंड के अंदर था। एल मेंचो की मौत के बाद सोमवार को 20 से ज्यादा राज्यों में हिंसक प्रदर्शन हुए। हालात को काबू में करने के लिए सरकार ने 10 हजार से ज्यादा सैनिक और नैशनल गार्ड्स उतारे हैं। सबसे ज्यादा हिंसा जालिस्को में हुई। यह वर्ल्ड कप फुटबॉल के मेजबान शहरों में है।

कोरिया के जेजू द्वीप में भारतीय से बदसलूकी, जारी हुई अडवाइजरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

साउथ कोरिया के सोल स्थित भारतीय दूतावास ने जेजू आइलैंड (Jeju Island) की यात्रा करने वाले भारतीयों के लिए अडवाइजरी जारी की है। यह सलाह उस आइलैंड में पहुंचे एक भारतीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और ट्रैवलर के दावे के बाद सामने आई है, जिन्होंने कहा कि जेजू द्वीप पहुंचने पर उन्हें पत्नी समेत हिरासत में लिया गया।

दूतावास ने कहा कि ऐसे हालात से बचने के लिए जरूरी है कि यात्री इस द्वीप की एंट्री से जुड़ी चीजें नोट कर लें। सलाह में कहा गया है कि जेजू की वीजा-फ्री स्कीम सीमित है। यह शॉर्ट टर्म टूरिज्म के लिए है। इस स्कीम के तहत सिर्फ जेजू द्वीप तक की ही यात्रा की इजाजत है। इसमें साउथ कोरिया के मेनलैंड की गारंटी नहीं मिलती। रिपब्लिक ऑफ कोरिया में प्रवेश का फैसला जेजू इंटरनैशनल एयरपोर्ट के इमिग्रेशन अधिकारी लेते हैं यानी वे चाहें तो किसी को एंट्री दें या इनकार कर दें।



जेजू आइलैंड साउथ कोरिया के दक्षिण में खूबसूरत ज्वालामुखी द्वीप है।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने बताया था अनुभव

सचिन अवस्थी नाम के शख्स ने हाल में दावा किया कि वह पत्नी के साथ छुट्टियां मनाने जेजू द्वीप गए थे, लेकिन उन्हें 38 घंटे के लिए डिटेन कर लिया गया और द्वीप में प्रवेश नहीं दिया गया। इस दौरान डिटेंशन सेंटर में रहना पड़ा, जो कि जेल जैसा था और उसमें सूर्य की रोशनी तक नहीं थी। उन्हें क्यों रोका गया है, नहीं बताया। बाद में कहा गया कि भारत लौटना होगा। हमें महंगा रिटर्न टिकट खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ा।

सचिन अवस्थी

NBT इरा

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।

IRA 2026
बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।

सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।

हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें।

वॉट्सऐप नंबर - 7003890071

पवार के प्लेन क्रैश में खामियों पर सवाल

VSR वेंचर्स के प्लेन के मेंटिनेंस से जुड़े रेकॉर्ड गायब

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार से जुड़े विमान हादसे के बाद वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की विशेष सुरक्षा ऑडिट में गंभीर खामियां सामने आई हैं। DGCA को कंपनी के कुछ विमानों के मेंटिनेंस रेकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराए गए। ऑडिट के बाद पंजीकरण संख्या वीटी-वीआरए, वीटी-वीआरएम, वीटी-वीआरवी और वीटी-टीआरआई वाले लीयरजेट 40/45 विमानों को ग्राउंड कर दिया गया है। माना जा रहा है कि अजित पवार के विमान का मेंटिनेंस नहीं हुआ था।

सूत्रों के अनुसार, रेकॉर्ड न मिलने से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि विमानों को कितने घंटे उड़ाया गया और उनकी समय पर सर्विसिंग हुई या नहीं। यह भी जांच का विषय है कि खराब पुर्जों को नियमानुसार बदला गया था या नहीं। आशंका जताई जा रही है कि जिस विमान में अजित पवार सवार थे, उसकी मेंटिनेंस में भी लापरवाही बरती गई हो सकती है। बताया जा रहा है कि जब तक सभी कमियां दूर कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते, तब तक इन विमानों को उड़ान की अनुमति नहीं दी जाएगी। अन्य छोटी एयरलाइंस के ऑडिट में भी अनियमितताएं मिलने की जानकारी है।

File
28 जनवरी को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम की हादसे में गई थी जान

DGCA ने कहा, दोषी पर होगा सख्त ऐक्शन

DGCA ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। 28 जनवरी को महाराष्ट्र के बारामती में वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड का लीयरजेट 45 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह वही कंपनी है, जिसके एक विमान का उपयोग महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी करते रहे हैं। हादसे के बाद डीजीसीए ने मामले का संज्ञान लेते हुए एयरलाइंस का विशेष सुरक्षा ऑडिट शुरू किया। प्रारंभिक जांच में विमान की उड़ान योग्यता, रखरखाव और संचालन प्रक्रियाओं को लेकर सवाल उठे। कंपनी के बेड़े में शामिल अन्य लीयरजेट विमानों की भी जांच की गई।

नीदरलैंड्स के युवा PM को मोदी ने दी बधाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को नीदरलैंड्स (Netherlands) के नवनियुक्त पीएम रॉब जेटेन (Rob Jetten) को पद संभालने की बधाई दी। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि भारत और नीदरलैंड्स विविध क्षेत्रों में विस्तारित संबंध साझा करते हैं। मैं आपके साथ मिलकर काम करने, हमारे दोनों देशों और लोगों के बीच बढ़ते संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। 38 वर्षीय पीएम रॉब जेटेन तीन दलों के गठबंधन की अगुआई कर रहे हैं। वह नीदरलैंड्स के पहले Gay (समलैंगिक) पीएम हैं। बीते साल अक्टूबर में हुए चुनाव में उन्होंने जीत हासिल की है। वह नीदरलैंड्स में लिबरल चेहरा हैं।

इस यूरोपीय देश के पहले Gay पीएम हैं रॉब जेटेन

रॉब जेटेन ने पद संभालते ही लिखा- अब काम करने का वक्त है।

मोदी इस साल जाएंगे नीदरलैंड्स

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस साल नीदरलैंड्स जाएंगे। दो दिन पहले ही दिल्ली स्थित नीदरलैंड्स की राजदूत Marisa Gerards ने दी। उन्होंने यह भी कहा कि ईयू के तहत नीदरलैंड्स में भारत का सबसे बड़ा डायस्पोरा (भारतवंशी समुदाय) है। इनमें छात्र और तकनीकी प्रोफेशनल्स हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 02-24-2026 23:18 Color:

गुरुग्राम तक पहुंचेगा नजफगढ़ ड्रेन कॉरिडोर

नजफगढ़ ड्रेन पर बनेगी 61km लंबी सड़क

453.95 करोड़ से बनेगा कॉरिडोर, मिली मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नजफगढ़ ड्रेन के दोनों किनारों पर 61 किलोमीटर लंबी सड़क होगी। दिल्ली से शुरू होकर यह कॉरिडोर गुरुग्राम तक पहुंचेगा। इसके निर्माण पर 455 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिसे दिल्ली सरकार के फाइनेंशल एक्सपेंडिचर कमिटी की बैठक में मंजूर कर लिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस परियोजना का मकसद मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक दबाव कम करना, ट्रैवल टाइम बचाना और ईंधन खपत में कमी लाना है। यह परियोजना दिल्ली के परिवहन ढांचे को नई दिशा देगी और राजधानी में एक वैकल्पिक इंट्रा-सिटी कॉरिडोर विकसित करेगी। दिल्ली सचिवालय में आयोजित बैठक में सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी उपस्थित रहे।

यह परियोजना दिल्ली के परिवहन ढांचे को नई दिशा देगी: CM

रेखा गुप्ता ने कहा कि इंदिरा ब्रिज से छावला ब्रिज तक बाएं किनारे पर 5.94 किलोमीटर लंबी टू-लेन सड़क बनेगी, जबकि छावला से बसईदारापुर तक ड्रेन के दोनों किनारों पर 27.415 किलोमीटर लंबाई में सड़क का निर्माण किया जाएगा, जो दोनों किनारों पर मिलाकर 54.83 किलोमीटर होगा। कुल विकसित लंबाई 60.77 किलोमीटर होगी। यह मार्ग आउटर रिंग रोड, इनर रिंग रोड, शिवाजी मार्ग, पंखा रोड, यूईआर-2 (एनएच-9 रोहतक रोड से कनेक्टिविटी), नजफगढ़ रोड और अन्य प्रमुख सड़कों से इंटर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। बसईदारापुर में इनर रिंग रोड, केशोपुर में आउटर रिंग रोड, विकासपुरी में पंखा रोड, ककरोला में नजफगढ़ रोड और धूलसिरस में यूईआर-2 के माध्यम से एयरपोर्ट और द्वारका एक्सप्रेसवे से सीधा संपर्क स्थापित होगा। CM ने बताया कि इस योजना के तहत नजफगढ़ ड्रेन के किनारे करीब 61 किलोमीटर लंबी और 7 मीटर चौड़ी पक्की सड़क बनाई जाएगी।

इन इलाकों का संपर्क हो जाएगा बेहतर

सीएम ने कहा कि इस परियोजना से छावला से लेकर बसईदारापुर तक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को जोड़ते हुए उत्तम नगर, विकासपुरी, नजफगढ़, बिजवासन, छावला, गोयला डेयरी, द्वारका, बापरोला, निलोठी, पश्चिम विहार, राजौरी गार्डन और आईजीआई एयरपोर्ट सहित अनेक क्षेत्रों को फायदा मिलेगा। साथ ही गुरुग्राम सेक्टर-104 और सेक्टर-110 तक संपर्क बेहतर होगा, जिससे दिल्ली और हरियाणा के बीच कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी।

नवंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना को पहले ही संबंधित तकनीकी समिति और बाढ़ नियंत्रण बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी है। अब समिति की स्वीकृति के बाद आगे की औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक जरूरी प्रशासनिक मंजूरी दी जाए, अप्रैल 2026 तक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो और मई 2026 तक काम शुरू कर दिया जाए। पूरी परियोजना को नवंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

विधवा, दिव्यांगों को भी मिलेगा 'आयुष्मान' का हेल्थ कवच

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में CM ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

3.96 लाख विधवाएं और करीब 1.31 लाख दिव्यांग दायरे में आएंगे

दिल्ली सरकार ने आयुष्मान स्कीम योजना का दायरा बढ़ा दिया है। अब इस योजना का फायदा विधवा महिलाओं और दिव्यांगजनों को मिलेगा। मंगलवार को दिल्ली सरकार की कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह फैसला लाखों जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सीधा बदलाव लाएगा, उन्हें फ्री में बेहतर इलाज मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य साफ है कि कोई भी पात्र नागरिक अच्छी और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित नहीं रहेगा।

मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि विधवा पेंशन की करीब 3 लाख 96 हजार 615 लाभार्थी महिलाओं और दिव्यांग पेंशन के लगभग 1 लाख 31 हजार 515 लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निर्णय के बाद लगभग 5.5 लाख अतिरिक्त परिवार स्वास्थ्य सुरक्षा की छतरी के नीचे आ जाएंगे। ये परिवार पहले से योजना का लाभ ले रहे अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) और प्राथमिकता (पीआरएस) श्रेणी के परिवारों, 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और हेल्पर्स के अतिरिक्त होंगे। उन्होंने कहा कि अब तक दिल्ली में 7 लाख 23 हजार 707 आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 2 लाख 74 हजार 620 कार्ड वरिष्ठ नागरिकों को दिए गए हैं। राजधानी में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 208 अस्पतालों का व्यापक नेटवर्क सूचीबद्ध किया गया है, जिनमें 156 प्राइवेट और 53 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एसएचए) दिल्ली के माध्यम से अब तक 29,120 से अधिक लाभार्थी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज मिल चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि दिल्ली के हर जरूरतमंद परिवार के स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़ा संकल्प है।

सीएम का दावा, दिल्ली के गावों को मिलेंगी शहर जैसी सुविधाएं

246 करोड़ के 49 प्रोजेक्ट का किया शिलान्यास

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मुंडका विधानसभा क्षेत्र को CM ने मंगलवार को दी सौगात

1600 करोड़ के विकास के काम ग्रामीण क्षेत्र में एक साल में शुरू हुए: CM

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को मुंडका विधानसभा क्षेत्र में करीब 264 करोड़ रुपये की 49 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। सीएम ने कहा कि ये सभी योजनाएं ग्रामीण दिल्ली को शहर जैसी सुविधाएं देने की दिशा में बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पिछले एक वर्ष में लगभग 1600 करोड़ रुपये के विकास के काम की शुरुआत की जा चुकी है। कार्यक्रम के दौरान उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजकुमार चौहान भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ 365 दिनों में ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 1600 करोड़ रुपये के विकास के काम शुरू किए जा चुके हैं। पिछली सरकारों ने गांव-देहात की उपेक्षा की, जिसके कारण राजधानी के ग्रामीण क्षेत्रों में टूटी सड़कों, जर्जर नालों, स्कूलों, अस्पतालों और कॉलेजों की कमी जैसी बुनियादी समस्याएं बनी रहीं। लेकिन अब ग्रामीण दिल्ली भी विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बीते एक वर्ष में सरकार ने अंत्योदय के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण दिल्ली में सड़क, पेयजल, सीवरेज, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया है। सरकार ने गांवों के विकास के लिए 1,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाबद्ध और तेज विकास सुनिश्चित किया जा सके। रेखा गुप्ता ने कहा कि लगभग 500-600 करोड़ रुपये की लागत से पेरिफेरल सड़कों और नालों के निर्माण के काम भी पूरे ग्रामीण क्षेत्र में कराए जा रहे हैं। इसके अलावा, नए मास्टरप्लान के जरिए किसानों को भी सीधा लाभ मिलेगा, चकबंदी से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा और 900 बीघा भूमि पर प्रस्तावित ग्रोथ सेंटर को विकसित किया जाएगा।

इस मौके पर दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि पिछली सरकारों में दिल्ली ने वह दौर देखा है जब ग्राम विकास बोर्ड ठप हो गया था, जब एक-एक, दो-दो करोड़ रुपये की परियोजनाएं भी पास नहीं होती थीं। गांवों में सड़क, पानी, सीवर के लिए लोगों को धक्के खाने पड़ते थे और मुख्यमंत्री कार्यालय के दरवाजे नहीं खुलते थे। लेकिन आज तस्वीर बदल चुकी है। पूरी दिल्ली में ऐसा कोई इलाका नहीं, जहां विकास का काम शुरू न हुआ हो।

महानगर में आज

गोपी गवैया...
इंडिया हैबिटेट सेंटर में नाटक 'गोपी गवैया बाजा बजैया', स्टाइन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। इप्सेरियो इंडिया की ओर से 'उड़ान्क' ग्रुप के साथ स्रोतस्विनी ट्रस्ट के स्टूडेंट्स के साथ एक खूबसूरत नाटक दर्शकों के बीच होगा।

दिव्यता की ओर
ओशो धाम में आर्ट एग्जिबिशन 'डिवाइन इंटरवेंशन', ओशो धाम, झटिकरा मार्ग, नजफगढ़ के पास, सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक। इस आर्ट एग्जिबिशन के साथ हीरल सिंघल की एक्रेलिक और मिक्स्ड मीडिया एग्जिबिशन उस भावना को दर्शाती है - जहां कला तकनीक से नहीं बल्कि मौन, ध्यान और आतंरिक विश्वास से पैदा होती है।

आजादी के धागे
अकरव आर्ट्स फाउंडेशन और फोरम ऑफ इंजिनियरिंग एक्सपर्ट्स की एग्जिबिशन 'थ्रेड्स ऑफ फ्रीडम', गांधी दर्शन आर्ट गैलरी, गांधी दर्शन, राजघाट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक।

अकेला सफर
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'सॉलिटरी रीपर्स : लोनली जर्नीज ऑफ लोनसम सोल्स', श्रीधरनी गैलरी, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। विलियम वड्सवर्थ के 'द सॉलिटरी रीपर' से प्रेरित इस शो में जिंदगी के भावों को महसूस किया जा सकता है। शो के क्यूरेटर जॉनी एमएल है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

मर्डर में ज़मानत पर आए युवक को दौड़ाकर मारीं गोलियां, मौत

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा



वायरल विडियो में हमलावर नितिन (दाएं) की पत्नी पर भी गोली चलाते दिखे

ग्रेटर नोएडा में इकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र क्षेत्र के लुक्सर गांव में मंगलवार दोपहर दिनदहाड़े पुरानी रंजिश के चलते आरओ प्लांट संचालक को उसके घर के सामने ही हथियारबंद हमलावरों ने दौड़ा-दौड़ा कर गोलियां मारी। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। उसे बचाने के लिए दौड़ी पत्नी पर भी हमलावरों ने गोली चलाई। हत्या की लाइव फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया है। हत्या रंजिश के कारण की गई। एक आरोपी के भाई की हत्या का आरोप प्लांट संचालक पर था। कुछ माह पहले ही वह इस मामले में जेल से जमानत पर घर आया था। पुलिस ने 7 नामजद समेत 10 लोगों के खिलाफ शिकायत दी है।

दुकान से घर आते वक्त गली में किया हमला

लुक्सर गांव निवासी नितिन नागर (27) पानी का प्लांट चलाता था। मंगलवार की दोपहर वह घर से कुछ दूरी पर स्थित एक दुकान पर कुछ सामान लेने गया था। जब वह वहां से अकेले पैदल लौट रहा था तो इस दौरान पहले से ही रेकी कर रहे घर से कुछ दूरी पर गांव के ही रहने वाले सचिन समेत तीन हथियारबंद हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली चलने के दौरान वह भागता रहा, लेकिन आरोपी उसका पीछा करते रहे। आरोपियों ने नितिन के घर के सामने उसके जमीन पर गिर जाने के बाद ताबड़तोड़ कई राउंड गोलियां चला दी। परिजनों का आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने चाकू से भी उसके गले पर हमला किया। गांव के कुछ लोग भी शोर मचाते हुए बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हथियार तान दिया। बाद में आरोपी हथियारों को लहराते हुए गांव की गलियों से भागकर निकल गए। घायल अवस्था में नितिन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

हमलावरों के आगे गिड़गिड़ाती रही पत्नी

घर के बाहर हुई फायरिंग के वक्त नितिन घर के सामने गली में जान बचाने के लिए भागता हुआ चिल्ला रहा था। गोलियों की आवाज सुनकर उसकी पत्नी श्वेता घर के गेट तक पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जब श्वेता गेट खोलकर बाहर निकलने लगी तो एक हमलावर ने उन पर भी गोली चला दी। हालांकि गोली गेट में जा लगी और वह बाल-बाल बच गई। श्वेता हमलावरों के सामने गिड़गिड़ाती रही और पति की जान की भीख मांगती रही, लेकिन आरोपियों ने कोई रहम नहीं दिखाया।

नोएडा एयरपोर्ट पर पैसेंजरों के लिए वर्ल्ड क्लास किचन

■ **NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को विमानन सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एआई सैट्स (SISATS) के साथ एमओयू किया है। कंपनी जेवर में नोएडा एयरपोर्ट पर दो प्रमुख प्रोजेक्ट लगाएगी। इसमें अत्याधुनिक कार्गो परिसर और विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचन (विमान यात्रियों के लिए भोजन उपलब्ध कराने वाली रसोई) शामिल है। इन पर एआई सैट्स 4,458 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। एमओयू के अनुसार, नोएडा एयरपोर्ट परिसर में एक अत्याधुनिक कार्गो परिसर का निर्माण होगा। यह न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए हवाई मार्ग से ढुलाई और लॉजिस्टिक्स का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे निर्यात-आयात गतिविधियों को गति मिलेगी, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों को बड़ा लाभ होगा। एयरपोर्ट को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के साथ विकसित किया जा रहा है जिससे यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में उभरेगा। दूसरा प्रमुख निवेश एयरपोर्ट पर अत्याधुनिक विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचन की स्थापना पर किया जाएगा।

SISATS के साथ एमओयू किया साइन

इस बार 10-12 दिन पहले ही दिल्ली से ठंड ने ले ली विदाई

30° डिग्री के करीब बना रहेगा तापमान

आज और कल चलेंगी तेज हवाएं, दो दिन बाद तेजी से बढ़ेगी गर्मी

PTI

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** राजधानी में सर्दियां करीब 10-12 दिन पहले ही खत्म हो गई हैं। अब मौसम के यू टर्न लेने की कोई संभावना नहीं है। आज और कल तेज सतही हवाएं चलेंगी। इसकी वजह से तापमान 30 डिग्री के आसपास बना रहेगा। इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि हो सकती है। न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 14 से 17 डिग्री पहुंच सकता है। राजधानी में सर्दियां लगभग खत्म हो गई हैं। दिन काफी गर्म होने लगे हैं। सुबह शाम सुहावना मौसम है, लेकिन ठंडक नहीं है। न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री से ऊपर ही बना हुआ है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4.4 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.6 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी का स्तर 33 से 93 प्रतिशत तक रहा। पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को आसमान साफ रहेगा। हवाओं की गति 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे के आसपास रहेगी। अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम 13 डिग्री के आसपास रह सकता है। गुरुवार को भी तेज हवाएं चलेंगी।

मार्च की शुरुआत भी गर्म रहेगी

मार्च की शुरुआत भी सामान्य से गर्म रहेगी।। और 2 मार्च को आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री और न्यूनतम 15 से 17 डिग्री तक रह सकता है। मार्च के शुरुआत में ही होली पड़ रही है। ऐसे में इस बार होली पर मौसम में हल्की गर्माहट रहेगी। मौसम में हुए इस बदलाव और सर्दी के जल्दी खत्म होने से तापमान लगातार बढ़ेगा। इस बार फरवरी का महीना काफी सूखा रहा है।

अगले तीन दिनों तक प्रदूषण रहेगा खराब

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : प्रदूषण का स्तर इस बार फरवरी के अंत तक सुधर नहीं रहा है। ऐसे में संभावना है कि राजधानी अब मार्च में ही GRAP मुक्त होगी। प्रदूषण का स्तर खराब बना हुआ है। इसके अगले तीन दिन खराब रहने की संभावना है। राजधानी से 18 फरवरी को GRAP-2 हटा था। राजधानी को GRAP मुक्त करने के लिए प्रदूषण का सामान्य स्तर पर आना जरूरी है। राजधानी का AQI जब 201 से नीचे रहे तो उसे प्रदूषण का सामान्य स्तर माना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार दिल्ली का AQI 239 रहा। फरीदाबाद का AQI 196, गाजियाबाद का 267, ग्रेटर नोएडा का 264, गुरुग्राम का 307 और नोएडा का 247 रहा। पूर्वानुमान के अनुसार 25 से 27 फरवरी तक प्रदूषण का स्तर खराब रहेगा। इसके बाद अगले सात दिनों तक यह खराब से सामान्य स्तर पर रह सकता है।

50 फुट गहरी खाई में गिरी थार, एक की मौत

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद



अरावली की पहाड़ियों में तीन दोस्त आए थे घूमने, दो की हालत है गंभीर

धौज थानाक्षेत्र में अरावली की पहाड़ियों के बीच स्थित सिरोही गांव में दोस्तों के साथ थार से घूमने गए तीनों दोस्त की गाड़ी गहरी खाई में गिर गई, जिससे एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर हैं। बताया जा रहा है कि सिरोही गांव के कुछ लोग हादसे के समय इसी पगडंडी से जा रहे थे। उन्होंने ही थार गाड़ी को खाई में गिरते देखा और पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही गांव के लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। वे तुरंत नीचे खाई में उतरे और गाड़ी में बुरी तरह से घायल पड़े सोहन, विकास और हिम्मत को बाहर निकाला। ग्रामीणों की मानें तो थार सवार युवक ऊंची नीची पगडंडी पर स्टंट करते हुए रील बनाने का प्रयास कर रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

पुलिस ने तीनों घायलों को अलफलाह मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद किशोर सोहन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। धौज थाना प्रभारी दर्पण कुमार का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। घायलों के बयान दर्ज करने के बाद ही घटना के सही कारणों का पता चल पाएगा।

पुलिस के मुताबिक, थार गाड़ी चलाने वाला विकास कुमार और हिम्मत की हालत गंभीर बनी हुई है। इसके चौथे साथी विक्रम को मामूली चोटें आई हैं। लेकिन वो अभी पुलिस के सामने नहीं आया है। पुलिस के मुताबिक वेदांग बाबू उर्फ सोहन के पिता प्रमोद एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। वह मूलरूप से बिहार के सिवान जिले के रहने वाले हैं। यहां जसाना गांव के बालाजी कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। बताया जाता है कि मृतक सोहन नौवीं क्लास की पढ़ाई करता था। पुलिस क्रेन के जरिए गाड़ी को बाहर निकालने के प्रयास में जुटी रही। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि घायल विकास कुमार अपना खुद का काम करता है। विकास देवरिया का रहने वाला बताया जा रहा है।

सिरोही में घूमने दूर-दूर से आते हैं युवा

फरीदाबाद का सिरोही गांव मुख्यालय से करीब 18 से 20 किलोमीटर दूर बल्लभगढ़ सोहना रोड पर स्थित है। यह गांव अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए फेमस है। यहां छिपी हुई झील, जिसे पानीकोट लेक या सिरोही झील के नाम से जाना जाता है, के लिए प्रसिद्ध है। इसे लोग हमिंग लद्दाख भी कहते हैं। क्योंकि यहां की पथरीली पहाड़ियां और नीला पानी लद्दाख जैसा दृश्य प्रस्तुत करते हैं। दिल्ली-एनसीआर के लोगों भी यहां पिकनिक मनाने आते हैं। वर्षों पहले पहाड़ी की हुई खुदाई के कारण यहां कई झील बन गई हैं। अरावली पहाड़ों के बीच बनी झील के कारण लोग यहां फोटोग्राफी और रील बनाने आते हैं।

CPCB नेटवर्क से जुड़ेंगे 6 नए मॉनिटरिंग स्टेशन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** राजधानी में लगे 6 नए मॉनिटरिंग स्टेशन जल्द ही केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के नेटवर्क से इंटिग्रेट हो जाएंगे। अभी यह 6 स्टेशन दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमिटी (डीपीसीसी) के नेटवर्क से जुड़े हैं और रियल टाइम डेटा दिखा रहे हैं। राजधानी में इन 6 नए मॉनिटरिंग स्टेशनों के साथ इन स्टेशनों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। यह पूरे देश में सबसे अधिक है। यह स्टेशन जेएनयू, इग्नू, इसरो अर्थ स्टेशन, दिल्ली कैंट, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के वेस्ट कैंपस में लगाए गए हैं। अधिकारी इन स्टेशनों की रीडिंग पर नजर रखे हुए हैं। एक हफ्ते में इनका पूरा डेटा सीपीसीबी नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ये नए स्टेशन प्रदूषण के खिलाफ डेटा आधारित कार्रवाई को मजबूत करेंगे। लाइव डेटा से तुरंत और सही कदम उठाए जा सकते हैं। सीपीसीबी से जुड़ने के बाद पूरे शहर की एक साथ जानकारी मिलेगी। इन स्टेशनों से अलग अलग इलाकों में प्रदूषण के स्तर की जानकारी मिल रही है।

रियल टाइम डेटा से प्रदूषण पर रखी जा सकेगी सटीक नजर। -पर्यावरण मंत्री

DPCC पर लगाया 50 हजार जुर्माना

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पर्यावरण मुआवजा ट्रांसफर करने में देरी करने पर NGT ने दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमिटी (DPCC) पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। NGT की प्रिंसिपल बेंच ने पर्यावरण मुआवजे की राशि को ट्रांसफर करने के आदेश का गंभीरता से पालन न करने पर एक्शन लिया है। NGT ने नोट किया कि निलोठी गांव में पौधरोपण के लिए निर्धारित आठ लाख रुपये की राशि वन और वन्यजीव विभाग को एक साल से ज्यादा देरी के साथ ट्रांसफर की गई। NGT अधिनियम, 2010 की धारा 26 के तहत यह ट्रांसफर समय था, लेकिन NGT ने सहनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए और DPCC पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

पर्यावरण मुआवजा ट्रांसफर करने में देरी करने पर NGT ने लगाया जुर्माना

नस्लीय टिप्पणी मामले में आरोपी से हुई पूछताछ

मालवीय नगर में दंपती ने नॉर्थ-ईस्ट की युवतियों पर की थी नस्लीय टिप्पणी, इसके बाद बढ़ा विवाद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मालवीय नगर में एक दंपती के नॉर्थ ईस्ट की युवतियों पर नस्लीय टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नामजद हर्ष सिंह जांच में शामिल हो रहे हैं। पुलिस ने घटना को लेकर उनसे पूछताछ की। इसके अलावा सोमवार को पुलिस ने पीड़ित युवतियों के 164 के बयान करवाए। सूत्रों की मानें तो पुलिस पूरे मामले में साक्ष्य इकट्ठ कर केस को मजबूत करने में लगी है। अभी तक पुलिस ने तीनों पीड़ित युवतियों के अलावा घटना के दौरान खड़े लोगों के भी बयान दर्ज किए हैं। पुलिस अधिकारी के अनुसार सोमवार को हर्ष सिंह से लंबी पूछताछ की गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारी के अनुसार घटना 20 फरवरी दोपहर करीब 3:30 बजे की है। युवतियां अपने फ्लैट में एसी इंस्टॉल करा रही थीं। इसके लिए ड्रिलिंग मशीन से दीवार में छेद किया जा रहा था। इस वजह से कुछ मलबा और धूल नीचे फ्लोर पर गिर रही थी। इसे लेकर उस फ्लोर पर रहने वाले हर्ष सिंह और उनकी पत्नी रूबी जैन ने ऊपर आकर युवतियों से इस बात को लेकर आपत्ति जताई। आरोप है कि इस दौरान दंपती ने युवतियों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी करते हुए उन्हें काफी भला बुरा कहा था।

> पुलिस मामले में साक्ष्य इकट्ठा कर केस मजबूत करने में लगी है

AAP ने जताई नाराजगी: उधर, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को मालवीय नगर थाने का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नस्लवाद की घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए पुलिस से तीनों युवतियों का उत्पीड़न करने वाले दंपती को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि BJP का तंत्र ऐसे ही नस्लवाद को सामान्य बना रहा है। ये पहले गाली देते हैं, फिर अपनी पहुंच का रौब झाड़ते हैं।

वायरल हुआ 4 मिनट 39 सेकंड का विडियो

सुर्खियों में मामला: सोशल मीडिया पर इस घटना का विडियो वायरल होने के बाद इसने तूल पकड़ लिया है

इस पूरे मामले को लेकर 4 मिनट 39 सेकंड का विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें एक पुलिसकर्मी भी नजर आ रहे हैं। पुलिसकर्मी के सामने ही दोनों पक्ष एक दूसरे से बहस करते दिख रहे हैं। पुलिसकर्मी दोनों पक्षों को शांत कराने की कोशिश करते दिख रहे हैं। इस दौरान महिला युवतियों के बारे में आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करती हुई दिखाई दे रही है।

'पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने का दिया है भरोसा'

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर में रहने वाली अरुणाचल प्रदेश की हमारी तीन युवा बहनों के साथ हुई नस्ली दुर्व्यवहार की शर्मनाक घटना की हम कड़ी निंदा करते हैं। ऐसा व्यवहार बिल्कुल अस्वीकार्य है और हमारे समाज में इसकी कोई जगह नहीं है। कल इस मामले में मैंने दिल्ली पुलिस आयुक्त से त्वरित कार्रवाई की मांग की। पुलिस आयुक्त व्यक्तिगत रूप से मेरे संपर्क में हैं। मुझे आश्वासन दिया गया है कि उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

-पेमा खांडू, CM अरुणाचल प्रदेश

'पूर्वोत्तर के लोगों से अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'

मालवीय नगर में अरुणाचल प्रदेश की तीन युवतियों के साथ नस्लीय उत्पीड़न की घटना से अत्यंत व्याकुल हूं। मैंने अरुणाचल प्रदेश के CM पेमा खांडू से बात की। मामले को दिल्ली पुलिस आयुक्त के समक्ष उठाया है। मैंने तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मुझे आश्वासन दिया गया है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पूर्वोत्तर के लोगों से किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

तिलक नगर में नाबालिग की हत्या, थाने पहुंचे परिवार पर 'लाठीचार्ज'

परिवार का कहना- FIR की कॉपी मांगने गए, प्रदर्शन करने के दौरान पीटा

■ NBT न्यूज, तिलक नगर

देश में T- 20 वर्ल्ड कप के खुमार के बीच राजधानी दिल्ली में क्रिकेट के खेल में हुए विवाद के बाद निशांत नाम के एक लड़के की हत्या कर दी गई। इस मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने सोमवार रात तिलक नगर थाने में विरोध प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज करने और पिटाई करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस के स्थानीय अधिकारी लाठी चार्ज से इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि थाने के अंदर और बाहर हो रहे हंगामे को खत्म करने के लिए लोगों को हटाया गया था।

पुलिस वालो पर लगाया धमकाने का भी आरोप

निशांत के चाचा रिंकू ने कमर, गर्दन, चेहरे पर चोट का निशान दिखाते हुए बताया कि पुलिसकर्मियों ने थाने के अंदर उनको पकड़कर पीटा। हमारा यही कसूर था, अपने बच्चे की हत्या के मामले में केवल FIR की कॉपी मांगने गए थे। पुलिस वाले FIR की कॉपी नहीं दे रहे थे और वापस जाने के लिए धमका रहे थे।

मुख्य आरोपी को छोड़ने का लगाया आरोप

परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मुख्य आरोपी को छोड़ दिया है। इसी बात को लेकर वे भड़क गए थे और प्रदर्शन करने लगे। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर लाठी चार्ज करने का भी आरोप लगाया है। महिला ज्योति ने बताया कि पुलिस ने महिलाओं के बाल पकड़कर घसीटकर मारा। निशांत की चाची के चेहरे पर चोट लगी है। उनका कहना है कि मारपीट का विडियो भी है। इसमें पुलिसकर्मी डंडा लेकर लोगों को थाने से बाहर निकालते हुए दिख रहे हैं।

परिवार वालों का कहना है कि पुलिस की ओर से की गई मारपीट का उनके पास विडियो भी है

- क्रिकेट के खेल में दो बच्चों के बीच में शुरू हुआ था झगड़ा
- आरोपी पक्ष के लोगों ने घर आकर लड़के को बुरी तरह पीटा
- मारपीट के बाद लड़के की हुई मौत, मरने वाले की उम्र 14 साल

पिता ने कहा, पुलिस हमारी नहीं सुन रही

निशांत की मौत के बाद पिता का रो-रोकर बुरा हाल है



मारपीट के निशान दिखाते निशांत के चाचा

बच्चे के पिता प्रमोद का कहना है कि ये हमारे साथ कैसा इंसाफ है ? एक तो मेरे बेटे को पीट-पीटकर मार दिया। ऊपर से पुलिस वालों ने थाने में हम लोगों को पीटा। मेरे बेटे की उम्र 15 साल थी, उसे 12- 13 साल के लड़के कैसे मार सकते हैं। किसी बड़े ने बच्चों का सहारा लेकर मारा है, लेकिन पुलिस हमारी नहीं सुन रही है। मृतक की चाची सनीता ने बताया कि आरोपी निशांत को बुलाने पहले घर पर आए थे। वह नहीं मिला तो उसे दुकान से बुलाकर ले गए। रात में 8 बजे पता चला कि उसकी हत्या हो गई है।

क्या है पूरा मामला

डीसीपी वेस्ट दराडे शरद भास्कर ने बताया कि सोमवार देर शाम 7:22 पर तिलक नगर पुलिस को एक कॉल मिली थी। इसमें निशांत नाम के एक लड़के के साथ मारपीट की बात थी। गर्दन पर मुक्का लगने के कारण पीड़ित लड़का बेहोश होकर गिर गया था। उसे हरी नगर के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में तिलक नगर थाने में FIR दर्ज की गई और पुलिस ने तीन आरोपी नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया है। पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि कुटलैंड पार्क में दो लड़कों के बीच में क्रिकेट खेलने के दौरान किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। कुछ देर बाद पीड़ित लड़का निशांत (14) अपने घर चला गया, लेकिन दूसरा नाबालिग लड़का अपने चचेरे भाई और दूसरे दोस्त के साथ मिलकर फिर निशांत के घर का पता लगाकर वहां पहुंचा और उसके साथ झगड़ा शुरू कर दिया। इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने मंगलवार को निशांत के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिवार को सौंप दिया है।

> क्रिकेट खेलने के दौरान हुए झगड़े के बाद हुई थी मारपीट

तमिलनाडु के तिरुपुर को LeT बना रहा है अपना नया बेस

स्पेशल सेल को दिल्ली में है एक बांग्लादेशी की तलाश

Vishal.sharma3@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के शिकंजे में आए लश्कर-ए-तैयबा (LeT) नेटवर्क के बांग्लादेशी मॉड्यूल में दिल्ली बेस्ड स्लीपर सेल की तलाश है। इंटेलिजेंस ऐजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक यह स्लीपर सेल बांग्लादेशी नागरिक है और सीधे LeT हैंडलर शब्बीर अहमद लोन के संपर्क में है। एजेंसियों को शक है कि उसकी गिरफ्तारी के बाद बाकी लोकल लिंक का पता चल सकेगा। शब्बीर अहमद लोन भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को स्लीपर सेल के तौर पर खड़ा करने की तैयारी में है। सूत्रों ने बताया कि लोन अक्सर भारत आता रहा है। दिल्ली सहित कई शहरों में अपने संपर्कों से मिलने और बांग्लादेशी नागरिकों की भर्ती करने के लिए। इसका मुख्य काम भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को जोड़ना और उन्हें कट्टरपंथी बनाना था।



सूत्रों ने बताया कि एजेंसियों को डिजिटली पुख्ता इनपुट मिले हैं कि तमिलनाडु का तिरुपुर एरिया देश विरोधी साजिशों का नया बेस बनाया जा रहा है। पिछले डेढ़ साल में तिरुपुर में 500 से अधिक बांग्लादेशियों को वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर वापस उनके देश भेजा है। तिरुपुर तमिलनाडु का इंडस्ट्रियल एरिया है जहां काम की तलाश में ये लोग आते हैं। सूत्रों के मुताबिक सैकड़ों बांग्लादेशी प्रवासी मजदूर बनकर फेक आईडी से रह रहे हैं। एजेंसियों को तिरुपुर में LeT मॉड्यूल से जुड़े चार और बांग्लादेशियों की तलाश है। रविवार को LeT के बड़े मॉड्यूल का स्पेशल सेल ने भंडाफोड़ किया जिसमें 9 बांग्लादेशी समेत 8 कथित आतंकी को गिरफ्तार किया गया। ये सभी अपनी असली पहचान छिपाने के लिए भारतीय ID के साथ मूवमेंट कर रहे थे।

> 500 से अधिक बांग्लादेशियों को डेढ़ साल में पकड़कर डिपोर्ट किया जा चुका है

इस केस में सबसे ज्यादा चर्चा शब्बीर अहमद लोन की है जो बांग्लादेश में बैठकर LeT के पूरे नेटवर्क को संभाल रहा है। लोन एक ट्रेंड लश्कर आतंकवादी है और मॉड्यूल को वहीं से ऑपरेट कर रहा है। लोन के LeT के सीनियर कमांडरों के साथ सीधे संबंध हैं। यह 26/11 के मास्टरमाइंड हाफिज सईद और ऑपरेशन चीफ जकीउर रहमान लखवी के भी संपर्क में है। यह 2007 से ही लश्कर के टॉप लीडर के संपर्क में है। जांच में पाकिस्तान की इंटेलिजेंस एजेंसी ISI के शामिल होने की भी बात सामने आई है।

PCR स्टाफ ने दो गार्ड्स को छुड़वाया

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ओखला इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्री में घुसे दो चोरों ने दो गार्ड्स को बंधक बना लिया। पीसीआर मौके पर पहुंची और एक को दबोच लिया। दूसरा फरार हो गया। दोनों गार्ड्स को छुड़ाकर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

DCP(PCR) पवन कुमार के मुताबिक, मोबाइल पट्रोलिंग वीकल काइट-17 के इंचार्ज SI राजेश कुमार और सिपाही शिव कुमार 19 फरवरी की रात ड्यूटी पर थे। तड़के 3:30 बजे फैक्ट्री में चोर घुसने की कॉल मिली। महज 5 मिनट में PCR ओखला फेस-1 की फैक्ट्री में पहुंच गई। सायरन बजा तो चोर भागने लगे। शिव कुमार फैक्ट्री की दीवार फांद अंदर घुस गए। राजेश ने पोजीशन ली। इसके बाद शिव कुमार ने एक चोर को पकड़ लिया।

MCD स्कूल के कमरे में आग, चौकीदार की हुई मौत

■ नवीन निश्चल, रणहौला

आउटर दिल्ली के रणहौला थाना इलाके में स्थित चंचल पार्क के MCD स्कूल में आग लगने से एक चौकीदार की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नरेश कुमार (58) के रूप में हुई है। वह हरियाणा के झज्जर जिला के रहने वाले थे। स्कूल में मौजूद शिक्षकों ने बताया कि वहां वो दोपहर की शिफ्ट में ड्यूटी करते थे और रात में स्कूल कैंपस में बने एक कमरे के अंदर ही सो जाते थे। हादसे के बाद स्कूल प्रशासन ने बच्चों की छुट्टी दे दी। लोगों ने बताया कि इस स्कूल में 500 से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं लेकिन आग बुझाने के प्रॉपर इंतजाम नहीं है।

DCP आउटर सचिन शर्मा ने कहा कि मंगलवार सुबह 8:20 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी। बताया गया कि MCD प्राइमरी स्कूल, चंचल पार्क में एक जली हुई डेड बॉडी कमरे के अंदर मिली है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि आग को पहले बुझाया जा चुका है। रणहौला थाना SHO नरेंद्र सहित पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की।

गुड़गांव में लग्ज़री कार से भिड़ी SUV तो रोड पर ही की हाथापाई

■ NBT रिपोर्ट, DLF फेज-1

रोडरेज में रिटायर्ड कर्नल पर हमले का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि शहर में फिर ऐसी घटना हो गई। इस बार थाना डीएलएफ फेज-1 में ग्वाल पहाड़ी के पास वारदात हुई। तेज रफ्तार में मर्सिडीज कार के अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे आ रही लैंड रोवर डिफेंडर गाड़ी टकरा गई। आरोप है कि मर्सिडीज कार चालक लापरवाही और तेज स्पीड में नशे की हालत में ड्राइविंग कर रहा था। मर्सिडीज सवार ने लैंड रोवर डिफेंडर के चालक के साथ गाली-गलौज कर हाथापाई की। पुलिस ने मर्सिडीज चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> DLF फेज-1 में ग्वाल पहाड़ी के पास रोडरेज

घटना में गाड़ी को पहुंचा है नुकसान

नशे में था मर्सिडीज सवार: फरीदाबाद निवासी सोनू चंदीला ने पुलिस को बताया कि वह रविवार सुबह 7:30 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से डिफेंडर से फरीदाबाद जा रहे थे। सनसिटी के पास ग्वाल पहाड़ी पहुंचे, तभी आगे चल रही मर्सिडीज के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। उनकी गाड़ी पीछे से टकरा गई। आरोप है कि हादसे के बाद वह अपनी गाड़ी से नीचे उतरे तो मर्सिडीज चालक नशे में था और हाथापाई भी की।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि मर्सिडीज के चालक ने अपने साथियों को कॉल कर बुला लिया और वह भी नशे की हालत में थे। मामले की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। फुटेज में मर्सिडीज चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाना पाया गया। जांच के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

द्वारका में बिल्डिंग में अटकी लिफ्ट, घंटों फंसे रहे तीन लोग

■ नवीन निश्चल, द्वारका

द्वारका के अक्षरधाम अपार्टमेंट के सामने स्थित मार्केट में मंगलवार तड़के 3:00 बजे के एक लिफ्ट में तीन लोग फंस गए। काफी देर तक उन्होंने बाहर निकलने की कोशिश की। जब लगा कि उनका दम घुटने वाला है तो पुलिस को कॉल करके सूचना दी।

तड़के 3:30 बजे के आसपास द्वारका साउथ थाना और फायर डिपार्टमेंट की टीम मौके पर पहुंची। लगभग 1 घंटे से ज्यादा मशक्कत के बाद लिफ्ट को कई जगह से कटर से काटकर तीनों लोगों को बाहर निकालकर बचाया गया।

फायर कंट्रोल रूम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार मौके पर द्वारका फायर स्टेशन से STO मुकुल भारद्वाज की देखरेख में 10 से ज्यादा फायर कर्मियों की टीम भेजी गई थी। उन्होंने सेकंड और फर्स्ट फ्लोर के बीच में फंसे हुए लिफ्ट के अंदर से लोगों को निकाला।

> लिफ्ट को कटर से काटकर तीनों को बाहर निकाला गया

पूछताछ में पता चला कि जो लोग लिफ्ट में फंसे थे उनकी सेकेंड फ्लोर पर शॉप है, जो उन्होंने रेंट पर लिया था। सोमवार को देर तक वहां रेनोवेशन का काम चल रहा था। तड़के तीन बजे के बाद तीनों वहां से लिफ्ट से निकल रहे थे और फंस गए। लिफ्ट में फंसे तीनों लोग द्वारका मोड़ के पास भगवती गार्डन और अम्बराई गांव इलाके के रहने वाले हैं।

जहांगीरपुरी की मस्जिदों को अवैध कब्ज़ा बताने वाली याचिका खारिज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें जहांगीरपुरी इलाके की तीन मस्जिदों को वक्फ प्रॉपर्टी घोषित करने से जुड़े 1980 के एक नोटिफिकेशन को चुनौती दी गई थी।

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने 'सेव इंडिया फाउंडेशन' की याचिका खारिज की। यह वही संगठन है जिसे मस्जिदों और दरगाहों के खिलाफ बार-बार जनहित याचिकाएं दाखिल के लिए पहले भी कई बार हाई कोर्ट से फटकार लग चुकी है। कोर्ट ने अपने आदेश में भी इस बात को दर्ज किया कि याचिकाकर्ता संगठन ने बेवजह पुरानी बातों को उठाने की कोशिश की है और यह याचिका न तो सही है और न ही जनहित में है।

कोर्ट ने कहा कि याचिका दाखिल करने के पीछे सही मकसद नजर नहीं आ रहा। हमारा यह भी मानना है कि लगभग 46 साल पहले जारी किसी भी अधिसूचना को कमजोर आधार पर चुनौती देने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

दिल्ली हाई कोर्ट में हुई मामले की सुनवाई

- 46 साल पुरानी अधिसूचना को कमजोर आधार पर चुनौती देने की इजाजत नहीं: HC
- 'सेव इंडिया फाउंडेशन' को कोर्ट से मिली फटकार

DU: ग्वायर हॉल हॉस्टल में निकाली पिस्टल, होगी जांच

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी के ग्वायर हॉल में स्टूडेंट्स के बीच झड़प हो गई। आरोप है कि 23 फरवरी को हुई इस झड़प के बीच दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन (डूसू) के प्रेसिडेंट आर्यन मान की 'सिक्योरिटी पर्सन' ने पिस्टल निकाल ली। हालांकि, आर्यन मान ने इससे इनकार किया है और कहा है कि यह छोटी सी झड़प थी और मेस के खाने को लेकर एक गलतफहमी। वहीं, दिल्ली यूनिवर्सिटी ने इस मामले की जांच के लिए पांच सदस्यों की एक कमिटी बना दी है। हालांकि, कमिटी बनाने के लिए जारी हुए नोटिस में 'पिस्टल' का जिक्र नहीं है। कमिटी को प्रॉक्टर लीड करेंगे।

हॉस्टल स्टूडेंट्स की शिकायत है कि हॉस्टल में डूसू पदाधिकारी और उसके साथी फ्री में खाना खाते हैं। सोमवार रात को आर्यन मान वहां आए और खाने को लेकर जब पैसे ना देने की बात हुई तो झगड़ने लगे। उनके साथ सिक्योरिटी वाले ने पिस्टल निकाल ली। इस बीच इस ग्रुप ने स्टूडेंट्स को धमकाया, गालीगलौज की, मेस स्टाफ से बदसलूकी की। आरोप है कि हॉस्टल के कमरे में डूसू पदाधिकारियों और उनके लोगों ने अवैध कब्जा किया है।

> डीयू ने बनाई जांच कमिटी, प्रॉक्टर करेंगे इसे लीड

शाहीन बाग में हंगामा, मार्केट करानी पड़ी बंद, लड़की बोली- गलत काम कर रही हूं तो FIR करो

स्ट्रॉबेरी गर्ल ऐसी कामयाब हुई, चिढ़ने वालों ने बंद करा दिया कार्ट!

Mohd.Asgar
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** एक लड़की, ने शाहीन बाग में कप क्रेज नाम से एक कार्ट (ठेला) लगा रही थी। वो लंदन के स्ट्रीट फूड की तर्ज पर स्ट्रॉबेरी पर चॉकलेट डालकर बेच रही थी। उसका दिलकश अंदाज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कारोबार दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करने लगा, कार्ट के सामने खरीदारों की भीड़ ऐसी, जिसका ख्वाब हर दुकानदार अपनी दुकान के लिए देखता होगा। भीड़ हद से ज्यादा हो जाती, तो लड़की को कुछ देर के लिए अपना कार्ट बंद करना पड़ जाता, या फिर खुद हटकर वो काम अपनी टीम में शामिल लड़कों को सौंपकर हट जाती थी, इस लेवल का क्रेज हो गया था। मगर ये कामयाबी कुछ लोगों की आंखों को नहीं सुहाई, जाम लगने की शिकायतें करने लगे।

रमजान होने की वजह से वहां की मार्केट में और ज्यादा भीड़ हो गई है। सोमवार देर रात पुलिस पहुंची और कप क्रेज की ओनर उजमा को वहां से हटने को कहा। लोगों का कहना है कि लड़की की वजह से यहां जाम लग जा रहा है। लड़के जमघट लगाए खड़े रहते हैं। जब पुलिस ने लड़की से वहां से हटने को कहा तो लड़की का कहना है कि मेरी गलती क्या है जो मैं यहां से हटूं। वहां मौजूद लोगों का कहना था कि काफी बहस हुई। आखिर में पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इसी दौरान में शाहीन बाग की मार्केट में पहुंचा था, तो तब मार्केट में भगदड़ सी मची थी। जो मार्केट रमजान में गुलजार नजर आ रही थी वहां दुकानों के शटर गिरे पड़े थे और अंधेरा था। डेढ़ दो घंटे तक चले हंगामे के बाद उजमा ने कार्ट बंद कर दिया। कार्ट मंगलवार को अपनी जगह से हट गया। वहीं, बाद में उजमा ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट कर कहा है कि किसी कारण से 3-4 दिन के लिए कार्ट बंद रहेगा। वह जल्द ही वापसी करेंगी।

> डेढ़ से दो घंटे तक चले हंगामे के बाद हटाया कार्ट

हुआ हंगामा: शाहीन बाग में मिर्जाज रेस्टोरेंट की सीढ़ियों पर पूरा दिन पॉलिथीन से ढका कार्ट मंगलवार को अपनी जगह से हट गया।

'इल्लिगल कर रही हूं तो सॉरी...'

सोशल मीडिया पर वायरल विडियो में उजमा कहती है, सबको दिक्कत है कि लड़की होकर यहां कार्ट क्यों लगा रखी है। और भी लड़कियां खड़ी है, जो कार्ट लगाती है। अगर मैं कुछ इल्लिगल कर रही हूं तो मैं सॉरी बोलकर हटने को तैयार हूं। मुझे पुलिस स्टेशन बुलाया जा रहा है। पुलिस कहती है कि कंप्लेंट आ रही है। मैंने कहा कंप्लेंट दिखाए तो कहते है कि फोन पर आती है। मैंने कहा अगर मैं गलत कर रही हूं तो FIR करिए। मैं चलने को तैयार हूं।

क्या लड़की होने से दिक्कत है?

सवाल यह है कि अगर लड़के उसे देखने के लिए जुट रहे थे, तो कसूर किसका था? उस लड़की का, जो मेहनत से अपना कार्ट चला रही थी, या उन मानसिकताओं का, जो एक काम करती लड़की को तमाशा बना देती है? क्या एक लड़की की लोकप्रियता कुछ लोगों को नागवार गुजरी? रमजान की रौनक में पलता उसका छोटा-सा सपना क्या इसलिए कुचल दिया गया क्योंकि वह परंपरागत दायरे तोड़ रही थी?

अवैध कब्जों की चपेट में टूरिस्ट स्पॉट्स की एंट्री

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

कई ऐतिहासिक जगह, चिड़ियाघर और पर्यटक स्थलों के रोड पर भारी अतिक्रमण के कारण वहां एंजॉय करने का मन बनाकर आए ज्यादातर पर्यटक को जहमत उठानी पड़ रही है। विश्व धरोहर लाल किला, पुराना किला और चिड़ियाघर इस स्थिति का सबसे अधिक शिकार है। संबंधित अथॉरिटी के अनुरोध पर भी पुख्ता तौर पर कोई ठोस एक्शन नहीं हो रहा है। इसका खामियाजा कई साल से लोग भुगत रहे हैं।

ताजा उदाहरण नए साल के पहले दिन का ही है। चिड़ियाघर प्रशासन और आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ASI) के दिल्ली सर्कल ने पुलिस से अतिक्रमण के खिलाफ व्यवस्था बनाने का अनुरोध पुलिस से किया था। कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा है। परिवार के साथ आए लोग सबसे अधिक प्रभावित हुए थे। पुराना किला के एक अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन नहीं होने के कारण रोज का झमेला हो गया है।

चिड़ियाघर के प्रशासन ने 30-31 दिसंबर को पुलिस को पत्र लिख कर नेशनल स्टेडियम से थोड़ा आगे से लेकर आगे पेट्रोल पंप तक मथुरा रोड के फुटपाथ से लेकर सड़क की एक लेन तक फैले अतिक्रमण की स्थिति सुधारने की अपील की थी। मथुरा रोड से चिड़ियाघर और पुराना किला की तरफ मुड़ रहे लिंक रोड का भी यही हाल है। फुटपाथ पर छोले भटूरे, चाऊमीन, चाय व खाने के अन्य समान के अलावा खिलौने आदि भी अवैध खोखे, रेहड़ी, ठेला और सड़क पर चादर बिछा के बेचे जा रहे हैं। उसके आगे सड़क पर ऑटो रिक्शा का जमावड़ा लग रहता है। इस कारण ट्रैफिक बुरी तरह से प्रभावित रहता है। अक्सर जाम की शिकायत बनी रहती है। पुराना किला और चिड़ियाघर आने वाले लोगों को फुटपाथ पर चलने का रास्ता नहीं मिलता है। वे सड़क पर धक्का मुक्की के बीच चलने को मजबूर होते हैं। वीकली ऑफ और विशेष दिनों में स्थिति बहुत बदसूरत हो जाती है।

1 चिड़ियाघर के पास रोड पर सजी रहती हैं दुकानें

2 लाल किले के पास भी रेहड़ी पटरी वालों का कब्जा

लाल किला में भी इसी प्रकार के हालात हैं। किला के लाहौरी गेट के सामने एंक्रोचमेंट, अवैध पार्किंग, और हॉकर्स की भीड़ पर्यटकों को चिड़चिड़ा भी बना देती है। ASI के एक अधिकारी ने बताया कि विदेशी पर्यटक इस स्थिति से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इस कारण पिछले 2 साल में लाल किला देखने आए विदेशी पर्यटकों की संख्या लगातार कम हो रही है।

अधिकारी ने बताया कि ASI की तरफ से कई बार डीएम, एसडीएम और पुलिस के पास स्थिति सुधारने के लिए कहा गया है। बैठकों में अधिकारी समस्या दूर करने का वादा करते हैं। मगर 15 अगस्त और VVIP रूट के अलावा कोई एक्शन नहीं लिया जाता। हाल यह है कि फुटपाथ से लेकर सड़क की करीब डेढ़ लेन पर एंक्रोचमेंट है।

कराला : गंदे पानी से खराब हुई सड़क

■ NBT रिपोर्ट, कराला: कराला से कंझावला की ओर जाने वाली सड़क की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यूईआर-2 के पास नाले का ओवरफ्लो पानी सड़क पर जमा होने से लोगों का यहां से पैदल निकलना मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हैं कि स्कूली बच्चों को भी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत और जलभराव की समस्या को लेकर संबंधित विभाग में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस लापरवाही के चलते रोजमर्रा की आवाजाही करने वाले लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

कंझावला-कराला मार्ग पर जलभराव से बढ़ी परेशानी

स्थानीय निवासी विनय मान ने बताया कि सड़क पर लगातार नाले का पानी जमा रहता है, जिससे टूवीलर से जाने वाले को भी दिक्कत होती है। जलभराव के कारण सड़क कई जगहों से टूट चुकी है और गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे हादसे का डर बना रहता है।

लोगों को होती है परेशानी

NBT ने देखा कि 10 फीट गहरे नाले की बाउंड्री ही नहीं

छतरपुर में हर साल हादसे के मामले सामने आते हैं

■ राम त्रिपाठी, छतरपुर

NBT रीडर रिशिपाल ने गांव असोला-फतेहपुर बेरी के बीच से जा रहे 15 फीट से ज्यादा चौड़े बाढ़ एवं सिंचाई विभाग (डिविजन-5) के नाले पर बाउंड्री नहीं होने की शिकायत फोटो के साथ भेजी है। 10 फीट से ज्यादा गहरे इस नाले में हर साल 1-2 दुर्घटनाओं के मामले सामने आते हैं।

NBT टीम ने गांव फतेहपुर बेरी जाकर देखा कि चौड़े नाले के साथ ही गांव की सड़क भी है। कई जगह नाले का पानी और कचरा सड़क के बराबर आ गया है। नाले की बाउंड्री नहीं होने के कारण उसके साथ जा रही सड़क के कई मोड़ पर टू व्हीलर सवार का नाले में गिरने का खतरा बना रहता है। नाले पर एक पुलिया भी बनी हुई है। पुलिया की एक तरफ की बाउंड्री गायब है। दूसरे तरफ की बाउंड्री आधे से अधिक टूटी हुई है। लोगों ने बताया कि बरसात में कई जगह नाले का पानी सड़क पर इतना ज्यादा भर जाता है कि सड़क की चौड़ाई का अनुमान नहीं लग पाता है। ऐसे में लोग नाले में गिर जाते हैं।

गांव असोला-फतेहपुर बेरी के बीच से निकल रहा है यह नाला

NBT ऑन स्पॉट

गांव वालों ने बताया कि 30 साल पहले तक गांव में इतनी आबादी नहीं होने के साथ नाला साफ रहने से ऐसी दुर्घटनाएं नहीं होती थी। अब गांव में 25 हजार से अधिक वोटर हैं। नाले की सफाई भी कई साल से नहीं होने के कारण गंदगी सड़क के बराबर तक आ गई है। नाले में बहुत अधिक कचरा और मलबा होने के कारण कोई भी नाले में एकदम से डूबता नहीं है। नाले में गिर गए आदमी या जानवर को तुरंत मिली सहायता उनकी जान बचा लेती है। लोगों ने बताया कि इस बारे में स्थानीय नेता से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी अच्छी तरह जानते हैं, लेकिन आज तक सुरक्षा के उपाय नहीं किए गए हैं। इस लापरवाही के कारण किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

अशोक विहार फेज-2 और दशरथपुरी की समस्या पर मिले जवाब



पब्लिक का सवाल

नॉर्थ दिल्ली के अशोक विहार फेज-2 में भोला मंदिर, हरिहर अपार्टमेंट के पास मैनहोल खुले हुए हैं, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं। -NBT रीडर

अफसर का जवाब

पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर केके सिंह के अनुसार दिल्ली की सड़कों के रिसर्फेसिंग का प्लान है। काम इस महीने के अंत में शुरू होने वाला है। इस दौरान मैनहोल कवर भी लगाये जाएंगे।



पब्लिक का सवाल

यह तस्वीर दशरथपुरी मेट्रो स्टेशन के गेट नं 3 के साथ लगते एमसीडी स्कूल के पास बने गंदे नाले की है, जिसके ऊपर कई जगह स्लैब नहीं है। कभी भी कोई भी दुर्घटना हो सकती है। -NBT रीडर

अफसर का जवाब

पीडब्ल्यूडी इंजीनियर केशव के अनुसार अगले एक दो दिन में स्लैब लगाये जाएंगे। इस स्ट्रेच में कई जगह स्लैब टूटे हुए हैं।

पब्लिक की आवाज NBT करेगा बुलंद

नालों-गड्ढों में गिरना हमारी नियति नहीं है

ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां लोग खुले नालों में गिर गए, बाइक सवार गड्ढों में फिसल गए। युवराज की तरह कुछ मामलों में जान चली गई, कभी लोग बाल बाल बचे। हर बार कुछ दिनों की खबरें बनती हैं, जांच के आदेश होते हैं और फिर सब कुछ वैसा ही रह जाता है।

NBT जवाब हम लेंगे

अब नवभारत टाइम्स पूछेगा

सीधे जिम्मेदार अफसरों से कि कब तक वे इन गड्ढों और नालों को भरेंगे। या यहां पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम करेंगे। नवभारत टाइम्स शुरू कर रहा है एक अभियान, ताकि इन खामोश जानलेवा जगहों पर रोशनी डाली जा सके।

ऐसे भेजें...

हमें ईमेल कर सकते हैं nbtreader@timesofindia.com

वट्सऐप कर सकते हैं **9220747220**

सब्जेक्ट में लिखें GADDHA

हम क्या करेंगे?

- आपकी भेजी तस्वीरें हम अखबार और डिजिटल प्लैटफॉर्म पर प्रकाशित करेंगे
- संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों से सीधा सवाल पूछेंगे।
- उनसे पूछेंगे: यह कब ठीक होगा?
- उनके नाम के साथ जवाब प्रकाशित करेंगे

छंटाई नही होने से हादसे की आशंका

■ NBT रिपोर्ट, महरौली: कुतुब परिसर में कई पेड़ बहुत ज्यादा बड़े हो चुके हैं। इनमें से कुछ पेड़ों की मोटी टहनियां परिसर की बाउंड्री पार कर चुकी हैं जबकि कई पेड़ सीधे बाउंड्री पर झुक गए हैं। महरौली की वेंधू कॉलोनी के शरद वशिष्ठ ने बताया कि कुतुब परिसर की कालका दास मार्ग की तरफ वाली बाउंड्री पर कई पेड़ों की मोटी टहनियां आ गई हैं। इन के दबाव से बाउंड्री टूटने लगी है।

कुतुब परिसर में टहनियों के दबाव से टूटने लगी है बाउंड्री

मुंडका : कम्पेक्टर मशीन लगी, फिर भी सड़क किनारे फेंका जा रहा कूड़ा

■ NBT रिपोर्ट, मुंडका

मुंडका इलाके में सड़क किनारे कूड़ा फेंकने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालात यह है कि सिर्फ सुनसान और खाली जगहों पर ही नहीं, बल्कि जहां कूड़ा डालने के लिए कम्पेक्टर मशीन लगाई गई है, उसके ठीक सामने भी सड़क किनारे खुलेआम कूड़ा फेंका जा रहा है। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बदबू से रहता है यहां बुरा हाल

इलाके के लोगों का कहना है कि मुंडका अंडरपास से आगे रेलवे स्टेशन की ओर कम्पेक्टर मशीन स्थापित की गई है, इसके बावजूद सड़क पर कूड़ा जमा रहता है। आरोप है कि सड़क से नियमित रूप से कूड़ा उठाया नहीं जाता और चोरी-छिपे यहां फिर से कूड़ा डाल दिया जाता है, जिससे आसपास गंदगी और बदबू फैल रही है। मुकेश ने बताया कि कूड़ा फेंकने को लेकर विवाद यह है कि जब दूसरे वॉर्ड से ऑटो-टिप्पर यहां आता है तो उनका कूड़ा कम्पेक्टर मशीन ऑपरेटर नहीं लेता है ऐसे में वे मजबूरी में आसपास की खाली जगहों और सड़क किनारे कूड़ा फेंककर चले जाते हैं। लोगों ने मांग की है कि कूड़ा उठाने की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई- अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा सं0 :- RDSPL/SD/HZB/40/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्रम सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या /पैकेज संख्या	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	RDSPL/SD/HZB/40/2025-26	बड़कागांव	बड़कागांव प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत सांढ के ग्राम-सिवाडीह के कुशवाहा खेल मैदान सिवाडीह के किनारे हहारो नदी में गार्डवाल का निर्माण।	30486800.00	609800.00	10000.00	12 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 02.03.2026
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 02.03.2026 से दिनांक 10.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय –11.03.2026 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 373521 Rural Development(25-26)#D

GOVERNMENT OF JHARKHAND
DEPARTMENT OF MINES AND GEOLOGY
DIRECTORATE OF GEOLOGY
(Engineers' Hostel No-2, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi-834004)

CORRIGENDUM

This is to inform all concerned that the replies to the queries received from various applicants during the pre-bid meeting held on 16.02.2026, along with the necessary revisions to the Short Tender published vide Tender Reference No. 10/2025-26 dated 06.02.2026**& PR No. 372357, dated 06.02.2026**, have been uploaded on the official website of the Government of Jharkhand:www.jharkhand.gov.in.**The last date of the submission of the bid/tender has been extended up to 09.03.2026 till 01:00PM.** All prospective bidders are requested to download the same and submit their bids accordingly.

Sd/-
Director, Geology
Directorate of Geology,
Department of Mines & Geology,
Government of Jharkhand

PR 373516 (Mines and Geology) 25-26 (D)

दिल्ली से AGMUT काडर के 6 IAS अफसरों का हुआ तबादला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को दिल्ली सरकार में कार्यरत AGMUT काडर के 6 आईएएस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। केंद्र सरकार ने पिछले हफ्ते ही स्टेट सिविल सर्विसेज के जिन 22 अधिकारियों को प्रमोट करके आईएएस नियुक्त किया था, उनमें ये 6 अधिकारी भी शामिल थे, जिन्हें प्रमोशन मिला था। अब इनकी दिल्ली से बाहर नियुक्ति का आदेश भी जारी हो गया है।

गृह मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, डॉ. श्रवण बागरिया को गोवा, के.सी. सुरेंद्र को पुडुचेरी, सुशील सिंह और रंजीत सिंह को मिजोरम, अजय कुमार को दादर और नगर हवेली और प्रांजल हजारिका को जम्मू-कश्मीर भेजा गया है। सुशील सिंह दिल्ली सरकार के सूचना एवं प्रचार निदेशालय में डायरेक्टर के पद पर तैनात हैं, वहीं रंजीत सिंह दिल्ली विधानसभा के सचिव हैं। डॉ. बागरिया साउथ-ईस्ट जिले के और अजय कुमार नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के डीएम हैं। के.सी. सुरेंद्र एमसीडी में डीसी हैं, वहीं प्रांजल हजारिका दिल्ली सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्रालय में तैनात हैं। डॉ. बागरिया, रंजीत सिंह और प्रांजल हजारिका के तबादले का आदेश 1 जून 2026 से प्रभावी होगा, जबकि अन्य अधिकारियों के मामले में यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होगा।

AI image

15000 करोड़, क्या 48 गांवों की बदलेगी सूरत?

■ राजेश पोद्दार, नई दिल्ली

दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर और ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए DDA ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए करीब 15,000 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। शुक्रवार को एलजी विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में हुई बैठक में बजट को हरी झंडी दी गई। DDA के अनुसार बजट का मुख्य फोकस दिल्ली के बचे 48 गांवों का शहरीकरण है। इसके अलावा अटल कैंटीन की स्थापना, नरेला में एजुकेशन हब का डिवेलपमेंट और रिठाला-नरेला-कुंडली-नाथूपुर मेट्रो कॉरिडोर के लिए मेट्रो डिपो की जमीन आवंटन जैसी योजनाएं भी शामिल हैं।

DDA ने 2026-27 के लिए बजट किया पास

हालांकि ग्रामीण इलाकों में इस बजट को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया है। लोगों का कहना है कि DDA के काम करने के तरीके को देखते हुए आशंकाएं बनी हुई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से चल रही योजनाओं पर ध्यान नहीं दिया गया। कई गांवों में अब तक LPG गैस पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है। तालाबों की सफाई अधूरी है और ग्राम सभा की जमीनों का सही रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं है। दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और शिक्षाविद दयानंद वत्स भारतीय का कहना है कि सरकारी योजनाएं कागजों में तो नजर आती है लेकिन जमीन पर उनका फायदा कम दिखता है। उन्होंने कहा कि DMRC की रेड लाइन का रिठाला से नरेला-कुंडली-नाथूपुर तक विस्तार पिछले 24 साल से रुका हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि नांगलोई-नजफगढ़ रोड, कराला-रानीखेड़ा-मुंडका अंडरपास रोड और कंझावला-बेगमपुर रोड की मरम्मत नहीं हो सकी है। मुंडका अंडरपास को उन्होंने बेहद खतरनाक बताया।

लोगों का कहना है कि गलियों और सड़कों की मरम्मत पर होने वाला खर्च सिर्फ मेंटिनेंस तक सीमित है, जबकि जरूरत लंबे समय के निवेश की है। ग्रामीणों की मांग है कि बजट का इस्तेमाल मेट्रो विस्तार, कम्युनिटी सेंटर, नए अस्पताल, स्कूल और कॉलेज जैसी बुनियादी सुविधाओं पर किया जाए। अब सवाल है कि 15,000 करोड़ रुपये का यह बजट जमीन पर कितना असर दिखाएगा और क्या सच में 48 गांवों की तस्वीर बदलेगी। इसका जवाब आने वाला समय ही देगा।

सेंटर फॉर यूथ कल्चर लॉ एंड एनवायरनमेंट के पारस त्यागी का कहना है कि केंद्र सरकार की ग्रामोदय योजना और प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का फायदा दिल्ली के ग्रामीण इलाकों तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाया। उनका आरोप है कि दिल्ली के 360 गांवों में से सिर्फ 41 गांवों में स्वामित्व योजना औपचारिकता बनकर रह गई है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: ccl Time: 02-24-2026 22:56 Color:

दो छोटे बच्चों की मां आशिमा ने बीटेक में हासिल की है डिग्री

कोरोना महामारी में जॉब छिनी, तैयारी कर बनीं लोको पायलट

ऐसे लें हिस्सा

हिस्सा लेने के लिए 7003890071 पर AWBR लिखकर Whatsapp करें।

जगह
ए ब्लॉक पार्किंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली

तारीख
8 मार्च 2026, रविवार

आप भी भेजें अपनी कहानी

अगर आप भी संघर्षों से लड़कर जीतने वाली प्रेरणादायक मिसाल बन चुकी हैं या दूसरों को सशक्त बनाने में आपने मदद की है तो आप भी हैं ड्राइविंग फोर्स ऑफ द नेशन। इस ऑल वुमन बाइक रैली के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं और हमें अपनी कहानी 300 शब्दों में लिखकर **nbtreader@timesofindia.com** भेजें। साथ ही अपनी एक फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में लिखें **Bike Rally**. सबसे प्रेरणादायक कहानियों को हम नवभारत टाइम्स में प्रकाशित करेंगे।

AI Image

8 मार्च की 'ऑल-वुमन बाइक रैली' से पहले हम तलाश रहे हैं उन निडर महिलाओं की असली कहानियां, जिन्होंने जिंदगी की स्टीयरिंग खुद थामी। अगर आपने भी रूढ़ियों पर ब्रेक लगाकर अपने सपनों को गियर दिया है, तो अपनी कहानी हमें भेजें।

आशिमा सचदेवा बताती हैं कि उनका काम राष्ट्र सेवा की तरह है।

Prachi.Yadav
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दो से तीन दिनों तक घर और बच्चों से दूर रहना। घंटों तक मशीनों और इंजन की गर्मी सहना। पूरा फोकस ट्रैक पर रखना और ट्रेन का सुचारू-सुरक्षित तरीके से संचालन करना। सुनने में काम आसान तो नहीं लगता, पर लोको पायलट आशिमा सचदेवा के लिए उनका काम राष्ट्र सेवा की तरह है और उन्हें इसे करने में फक्र महसूस होता है। तीन भाइयों में एक इकलौती बहन हैं आशिमा। दिल्ली-एनसीआर के सोनीपत में पली-बढ़ी हैं। बीटेक की डिग्री हासिल की। वहीं पहली जॉब मिली, प्यार मिला और फिर शादी हुई। आज वो दो बच्चों की मां हैं। आशिमा बताती हैं कि लोको पायलट बनने से पहले वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थीं। लेकिन, कोरोना महामारी के दौरान उनकी नौकरी चली गई। इस बीच लोको पायलट की नौकरी के लिए विज्ञापन निकले थे। फिर क्या, उन्होंने एग्जाम की तैयारी शुरू कर दी। लिखित परीक्षाएं पास कीं। मेडिकल टेस्ट क्लियर किया। उसके बाद 2021 में लोको पायलट बनीं। मगर सफर आसान नहीं था। एक तरफ दो छोटे-छोटे बच्चों को संभालने की जिम्मेदारी। दूसरी तरफ, दो-दो दिन तक घर से दूर बाहर रहने की ड्यूटी। ऐसे में आशिमा की ताकत बने उनके पति और परिवार वाले। 36 वर्षीय आशीमा बताती हैं कि कैसे उनके पीछे उनका परिवार बच्चों का ख्याल रखता है। 'मैं क्या बताऊं मेरे पति तो मुझसे भी ज्यादा ढंग से बच्चों का ध्यान रखते हैं। साथ में सास-ससुर भी हैं। इसलिए मैं निश्चिंत होकर अपना काम कर पाती हूं।

चुनौतियां भी कम नहीं

परिवार के प्यार और सपोर्ट से खुश आशिमा मानती हैं कि एक महिला के लिए लोको पायलट की जॉब कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। उन्होंने बताया कि वे जब प्लैटफॉर्म पर ट्रेन लगाती हैं तो अक्सर इंजन को प्लैटफॉर्म नसीब नहीं होता। ऐसे में अगर किसी को वॉशरूम जाना हो या कोई और इमरजेंसी आ जाए तो बहुत ऊंचाई से नीचे ट्रैक पर ही कूदना पड़ता है। अब तो फिर भी कुछ ट्रेनों में इंजन वाले एरिये में यूरिनल बनने लगे हैं। पर, पहले ऐसा नहीं था। अब भी जो यूरिनल बन रहे हैं, वो मेल और फीमेल के लिए कॉमन हैं। इसलिए, वह चाहती हैं कि इस ओर थोड़ा और ध्यान दिया जाए।

IGI के विस्तार के लिए 32 पेड़ों की शिफ्टिंग को मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (IGI) के विस्तार को लेकर वन विभाग ने 32 पेड़ों के ट्रांसप्लांट को मंजूरी दी है। विभाग ने द्वारका क्षेत्र में एयरपोर्ट की 'एप्रन' सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 32 पेड़ों के ट्रांसप्लांट की अनुमति दे दी है। हालांकि, किसी भी पेड़ को काटने पर पूरी तरह पाबंदी लगाई गई है।

वन विभाग के अधिकारी के अनुसार यदि एजेंसी पेड़ों को जीवित रखने में विफल रहती है, तो विभाग सुरक्षा राशि से पौधरोपण का काम खुद कराएगा। साथ ही संबंधित एजेंसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। यह अनुमति दो वर्ष के लिए दी गई है। यह अनुमति एयरपोर्ट के रखरखाव, मरम्मत और ओवरऑल क्षेत्र के विस्तार के लिए दी गई है। आवेदन में 34 पेड़ों को हटाने की मांग की गई थी, लेकिन निरीक्षण के बाद विभाग ने केवल 32 पेड़ों के ट्रांसप्लांटेशन की मंजूरी दी। ट्रांसप्लांट के नियमों के अनुसार जितने पेड़ हटाए जाएंगे, उसके 10 गुना यानी 320 नए पौधे एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 के सामने 'न्यू उड़ान भवन' में लगाए जाएंगे।

> 320 नए पौधे एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 के सामने 'न्यू उड़ान भवन' में लगाए जाएंगे

'मॉल और हॉस्पिटल नियमों को ताक पर रखकर वसूल रहे हैं पार्किंग चार्ज'

स्टैंडिंग कमिटी की बैठक में मेंबर राजपाल सिंह ने उठाया मुद्दा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

राजपाल सिंह ने बैठक में कहा, पार्किंग फ्री देने की शर्त पर ही इनका लेआउट प्लान पास किया गया था

दिल्ली के ज्यादातर शॉपिंग मॉल्स और बड़े हॉस्पिटल्स नियमों को ताक पर रखकर पार्किंग चार्ज वसूल रहे हैं, लेकिन अभी तक एमसीडी के आरपी सेल विभाग ने एक भी मॉल और हॉस्पिटल के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया है। स्टैंडिंग कमिटी की बैठक में यह मुद्दा उठाते हुए राजपाल सिंह ने स्टैंडिंग कमिटी चेयरमैन के साथ-साथ एमसीडी कमिश्नर संजीव खिरवार को बताया कि एमसीडी ने जब इन मॉल्स और हॉस्पिटल्स का लेआउट प्लान पास किया था, तब इसमें यह कंडीशन रखी गई थी कि इन्हें पार्किंग फ्री करना होगा। इसके बाद ही लेआउट प्लान पास किया गया था। शॉपिंग मॉल्स और हॉस्पिटल्स लंबे समय से नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, लेकिन एमसीडी का यह संबंधित विभाग आखिर क्या कर रहा है?

स्टैंडिंग कमिटी मेंबर राजपाल सिंह ने बताया कि 2018-19 में जब वह साउथ एमसीडी में स्टैंडिंग कमिटी चेयरमैन थे, तब होली फैमिली, अपोलो और एस्कॉर्ट सहित अन्य सभी बड़े हॉस्पिटल्स और मॉल में पार्किंग फ्री कर दी थी। इतना ही नहीं, इस दौरान यह कंडीशन रखी गई थी कि उन्हें अपने यहां पार्किंग फ्री करनी होगी। इसके बाद ही उनका लेआउट प्लान पास किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान एक शॉपिंग मॉल को नियमों का पालन न करने पर सील भी किया गया था। इसके अलावा यमुनापार में भी ईस्ट एमसीडी के समय सभी बड़े शॉपिंग मॉल और हॉस्पिटल में पार्किंग फ्री थी। इस समय इक्का-दुक्का मॉल और हॉस्पिटल्स को छोड़कर ज्यादातर जगहों पर पार्किंग चार्ज वसूला जा रहा है।

'आखिर कोई क्यों नहीं ले रहा एक्शन?'

दिल्ली में कई प्राइवेट हॉस्पिटल्स में कार वालों से 100-150 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। उनका कहना है कि हॉस्पिटल्स में पहले से परेशान लोग जाते हैं। ऐसे में उन्हें इलाज के खर्च के अलावा पार्किंग चार्ज भी देना पड़े तो यह ठीक नहीं। हैरानी इस बात की है कि एमसीडी का आरपी सेल विभाग पार्किंग चार्ज वसूलने वाले मॉल और हॉस्पिटल के खिलाफ कोई एक्शन क्यों नहीं ले रहा, यह बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि अगर हॉस्पिटल्स और मॉल्स में पार्किंग चार्ज वसूला बंद नहीं किया, तो उनके खिलाफ दोबारा सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

एम्स के आसपास ट्रैफिक के दबाव और पल्यूशन पर की गई है स्टडी

AIIMS में आ रहे मरीज़ों की हेल्थ पर बुरा असर डाल रहा है गाड़ियों का पल्यूशन!

Sudama.Yadav
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : एम्स और आसपास के अस्पतालों में भर्ती और ओपीडी में आने वाले मरीजों के स्वास्थ्य पर गाड़ियों का पल्यूशन बुरा असर न डाले, इसके लिए एनवायरमेंट मैनेजमेंट प्लान तैयार किया जाएगा। यह फैसला एम्स के आसपास की सड़कों पर ट्रैफिक के दबाव और उससे होने वाले पल्यूशन की स्टडी के बाद लिया गया है।

पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार एम्स के चारों तरफ सड़कों पर ट्रैफिक दबाव इतना अधिक है कि हमेशा ही वहां जाम लगा रहता है। एक साथ इन गाड़ियों से निकलने वाले धुएं से होने वाला पल्यूशन एम्स के 500 मीटर के बफर जोन में ही आता है। इससे मरीजों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इसकी जांच के लिए एम्स के अधिकारियों, ट्रैफिक पुलिस, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों की एक कमिटी बनाई गई थी। कमिटी ने रिंग रोड, अरबिंदो मार्ग, सुदर्शन सिनेमा रोड, यूसुफ सराय मार्केट के आसपास स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) से ट्रैफिक स्टडी कराई थी। एसपीए ने रिंग रोड पर स्थित एम्स के गेट नंबर-6, अरबिंदो मार्ग पर स्थित गेट नंबर-1, 2 और 3 के आसपास ट्रैफिक सर्वे किया। ट्रैफिक वॉल्यूम की जो रिपोर्ट दी, वह चौंकाने वाली थी। रिपोर्ट में बताया गया कि एक दिन में एम्स में 7500 से अधिक गाड़ियां आती-जाती हैं। इतनी गाड़ियों से ही एम्स में इतना अधिक धुआं हो सकता है कि ओपीडी में आने वाले मरीजों की हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है।

स्टडी में कहा गया है कि साउथ एक्स फ्लाईओवर से सफदरजंग अस्पताल के बीच रिंग रोड के करीब 1.8 किमी लंबे स्ट्रेच में कुछ ही घंटों में 51,000 गाड़ियां गुजरती हैं। ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है मरीजों के स्वास्थ्य पर धुएं का क्या असर पड़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गेट नंबर-1, 3, 6 और 8 से एम्स के भीतर 18 हजार से ज्यादा गाड़ियां एंट्री करती हैं।

बनेगा एनवायरमेंट मैनेजमेंट प्लान

अफसरों का कहना है कि एम्स परिसर के भीतर पल्यूशन की समस्या कम करने के लिए कमिटी को एनवायरमेंट मैनेजमेंट प्लान तैयार करने के लिए कहा गया है। जिसमें सबसे पहला काम एम्स गेट नंबर-1 के आसपास जो ऑटो वालों ने अवैध पार्किंग बना रखी है, उसे हटाया जाएगा। इसके अलावा अरबिंदो मार्ग और रिंग रोड ग्रीन बफर जोन भी डिवेलप करने का प्लान है। अरबिंदो मार्ग पर पल्यूशन की सबसे बड़ी वजह यूसुफ सराय मार्केट का जाम है।

प्राइवेट स्कूलों ने स्कूल फीस को लेकर HC में रखी अपनी दलीलें

स्कूल SLFRC से जुड़े नोटिफिकेशन पर रोक की मांग

Prachi.Yadav
@timesofindia.com

- कानून कहता है कि आप अप्रूव्ड फीस से ज्यादा चार्ज नहीं करेंगे, यह नहीं कि आप कोई फीस ही नहीं लेंगे: HC
- मामले में सुनवाई जारी है

■ नई दिल्ली : दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम के तहत स्कूल-लेवल फीस रेगुलेशन कमिटी (SLFRC) के गठन से जुड़े नोटिफिकेशन पर रोक की मांग कर रहे प्राइवेट स्कूलों ने मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट के सामने अपने विरोध की वजहें रखीं।

स्कूलों ने कहा कि दिल्ली सरकार यह मानकर आगे बढ़ रही है कि वह मुनाफाखोरी है। इसलिए अगर हम ऐसा नहीं करते हैं, तो इससे समस्या यह आएगी कि 1 अप्रैल तक हमारे पास कोई फीस तय नहीं होगी और इसलिए, जो हम फीस लेंगे, वो बिना मंजूरी वाली फीस मानी जाएगी। 1 अप्रैल से फीस की वसूली के मुद्दे पर स्कूलों ने तर्क दिया कि संबंधित कानून कहता है कि आप अप्रूव्ड फीस से ज्यादा चार्ज नहीं करेंगे, यह नहीं कि आप कोई फीस ही नहीं लेंगे। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिविजन बेंच के सामने प्राइवेट स्कूलों की ओर से सीनियर एडवोकेट अखिल सिब्बल ने दलीलें रखीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार कहती है अगर उसके कानून के मुताबिक कदम नहीं उठाए गए, तो स्कूल बिल्कुल कोई फीस चार्ज नहीं कर पाएंगे। उनके अनुसार, एक्ट के सेक्शन 3 के तहत, स्कूलों को अप्रूव्ड फीस से ज्यादा कोई भी फीस लेने से मना किया गया है और इसलिए, अगर SLFRC लागू नहीं किया जाता है, तो कोई अप्रूव्ड फीस नहीं होगी। इस पर हमारा जवाब यह है कि यह एक्ट की स्कीम को पूरी तरह से गलत तरीके से समझना है।

अप्रूव्ड फीस के मुद्दे पर दलील दी कि सेक्शन 3 कहता है कि आप अप्रूव्ड फीस से ज्यादा चार्ज नहीं करेंगे। इसमें यह नहीं कहा गया है कि आप कोई फीस नहीं लेंगे। मतलब, आप एक बार जो फीस तय कर दें तो उससे ज्यादा चार्ज नहीं कर सकते हैं। ऐसा नहीं है कि आप जीरो चार्ज करेंगे। बाकी तर्क, पक्षपात के बारे में दिए गए। मौजूदा स्थिति को चिंताजनक बताते हुए सीनियर एडवोकेट ने कहा, सभी स्कूलों को एक ही ढांचे में रख कर देखा जा रहा है। फिलहाल मामले में सुनवाई जारी है।

दिल्ली की खबरों के लिए टेलीग्राम पर फॉलो करें
t.me/nbtdilli

दिल्ली दंगा 2020

आरोपी के तौर पर कोर्ट में पेश हुए दो पुलिसवाले

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साल 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान एक वायरल वीडियो में कथित तौर पर मारपीट और राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किए जाने वाले 23 साल के एक युवक की मौत मामले में आरोपी दो पुलिसवाले मंगलवार को सीबीआई जांच के सिलसिले में यहां राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए।

एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मयंक गोयल ने निर्देश दिया कि चार्जशीट और साथ में दिए गए डॉक्यूमेंट्स की कॉपी आरोपियों रविंदर कुमार और पवन यादव, उनके वकीलों और पीड़ित का केस लड़ रहे वकील को दी जाएं। अदालत ने दस्तावेजों की जांच के लिए मामले को 2 मार्च को सुनवाई के लिए लगा दिया। 4 फरवरी को, अदालत ने कुमार और यादव के खिलाफ सीबीआई चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। अदालत ने कहा था कि संज्ञान लेने के लिए रिकॉर्ड में काफी सबूत हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने जुलाई 2024 में फैजान की मां किस्मतुन की एक याचिका पर केस सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया था, जिसमें स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम से जांच की मांग की गई थी।

साल में दो बार ट्रेनिंग सीबीएसई के स्कूलों में टीचर्स और स्टाफ को दी जाएगी इससे जुड़ी ट्रेनिंग

बच्चों की मेंटल हेल्थ पर CBSE की नज़र

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

'को-करिकुलर एक्टिविटीज को मिले बढ़ावा'

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) में अब टीचर्स और स्टाफ को साल में कम से कम दोबार मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी ट्रेनिंग दी जाएगी। बोर्ड की कोशिश है कि इससे बच्चों में तनाव के संकेत पहचाने जा सकें और शुरुआती मनोवैज्ञानिक सहायता दी जा सके। यह ट्रेनिंग मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल की ओर से लेने को कहा गया है। सीबीएसई ने स्कूलों में 'मेंटल हेल्थ' और 'सोशल इमोशनल लर्निंग' पर जोर देते हुए यह फैसला लिया है।

इसे लेकर सभी बोर्ड ने एक सर्कुलर में कहा है कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की मानसिक भलाई भी उतनी ही जरूरी है। सीबीएसई ने स्कूलों से कहा है कि टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ साल में कम से कम दोबार मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी ट्रेनिंग लें। स्कूलों को पैरेंट्स के लिए भी जागरूकता कार्यक्रम चलाने होंगे ताकि वो बच्चों पर दबाव न डालें। सीबीएसई ने सुप्रीम कोर्ट के एक निर्देश का हवाला दिया है, जिसमें मेंटल हेल्थ को लेकर दिशानिर्देश दिए गए हैं।

सीबीएसई ने यह भी कहा है कि खेल, कला और बाकी को-करिकुलर एक्टिविटीज को बढ़ावा दिया जाए, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। 'सोशल इमोशनल लर्निंग' (SEL) को रोजमर्रा की पढ़ाई का हिस्सा बनाने पर भी जोर दिया गया है। बोर्ड का कहना है कि स्कूल ऐसा माहौल बनाएं, जहां हर बच्चा खुद को सुरक्षित, सम्मानित और समर्थ महसूस करे।

इससे पहले जनवरी में बोर्ड ने अपने सभी स्कूलों में काउंसलिंग और वेलनेस टीचर के साथ-साथ करियर काउंसलर आवश्यक रखने का निर्देश दिया था। सीबीएसई ने स्कूलों को दो अलग-अलग भूमिकाओं के लिए नियुक्ति करनी होगी, पहला - काउंसलिंग और वेलनेस टीचर (सोशियो-इमोशनल काउंसलर) और दूसरा - करियर काउंसलर। सीबीएसई के अनुसार, हर 500 स्टूडेंट्स पर एक काउंसलर की नियुक्ति अनिवार्य होगी यानी काउंसलर-स्टूडेंट अनुपात 1:500 तय किया गया है।

क्यों है सख्ती से लागू करने की जरूरत ?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

मेंटल हेल्थ को लेकर सीबीएसई के नए नियम अगर सभी स्कूलों में सख्ती से लागू करवाए जाएं, तो काफी हद तक मदद मिलेगी। इसमें अहम है कि टीचर्स और नॉन-टीचिंग स्टाफ की ट्रेनिंग क्योंकि हाल-फिलहाल कई मामलों में सामने आया है कि हैरासमेंट को स्कूलों ने इग्नोर किया और देश में कुछ स्यूसाइड के मामले सामने आए मसलन जयपुर का नीरजा मोदी स्कूल का स्यूसाइड केस, तो दिल्ली में सेंटर कोलंबस के स्टूडेंट की खुदकुशी। दोनों ही मामलों में देखा गया कि बच्चों को स्कूल में काउंसलिंग नहीं मिली और उनके परेशानियों को नजरअंदाज किया गया।

nirf Ranking 2025 #36 in Management
UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
MBA AT UPES
40,000+ Strong Alumni network working with brands like
Google
Nestlé
amazon
Flipkart
Deloitte.
BAIN & COMPANY
and more.
B-SCHOOL FOR THE DISRUPTIVE WORLD
▪ The Big 4 Advantage
India's only university offering 7 integrated MBA tracks with EY India and KPMG
▪ Industry-Led Faculty
Get mentored by CXOs and eminent faculty from IIMs and Ivy League institutions
▪ Start Your Own Venture
Get start-up support from Runway Incubator, home to 240+ young start-ups
200+ Recruiters | 28.8 LPA Highest Package | 15.5 LPA Average CTC#
25+ Specialisations encompassing core and high growth domains
AI | Investment Banking | ESG | Strategy & Consulting | FinTech | Oil & Gas | Logistics, and more
Up to 50% Scholarship based on CAT Score^
Apply through CAT/XAT/NMAT/Others or appear for UPESMET
Application Deadline FEBRUARY 28, 2026
SCAN TO APPLY
*By Academic Reputation in India, QS World Ranking 2026 | #Top 10% Average CTC in AY 2024-25 | ^T&C Apply
For more details visit upes.ac.in or call Toll Free 040 68440685 (10 am to 7 pm)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: naveen.tirkey@timesofindia.com Time: 02-24-2026 22:56 Color:

एनुअल पास स्कीम का झांसा देकर ठग रहे स्कैमर्स, रहें सतर्क

FastTag के लिए बिछाया फ़र्ज़ी वेबसाइट का जाल

Vishal.sharma3 @timesofindia.com



AI Image

फर्जी वेबसाइटों को टॉप पर लाया जाता है

दरअसल, नेशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट (NCTAU) ने पाया है कि ऐसी फर्जी वेबसाइट Google Ads के माध्यम से ऑप्टिमाइज करके टॉप पर लाया जाता है। सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (SEO) तकनीकों का इस्तेमाल भी किया जाता है। ताकि अधिक से अधिक रीच मिल सके। ये वेबसाइट Google Search के पहले पेज पर विशेष रूप से 'FASTag annual pass' और 'FASTag recharge' जैसे कीवर्ड पर ऊपर दिखाई देती है, जिससे यूजर्स के लिए जोखिम बढ़ जाता है।

■ नई दिल्ली : अब स्कैमर्स ने NHAI जैसी हूबहू फेक वेबसाइट बनाकर फास्टैग के नाम पर ठगी कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ, राज्यों की पुलिस, गृह मंत्रालय की I4C यूनिट और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

पुलिस अफसर के मुताबिक स्कैमर्स NHAI के नाम और लोगो का इस्तेमाल कर असली जैसी वाली वेबसाइट बनाकर ठग रहे हैं। इनके URL को गौर से देखें। जैसे annualtollpass.com या annualtollpasss.com जैसी संदिग्ध लिंक से बचें। I4C ने अपने X अकाउंट से इस स्कैम के बारे में बताया है। हाल ही में चंडीगढ़ के 65 साल के शख्स के साथ भी इस तरह का स्कैम हुआ है।

जमीन के विवाद में बुजुर्ग और उनके भाई को थाने लाई थी पुलिस

इन वेबसाइट पर लिंक पर क्लिक करते ही गाड़ी नंबर, फास्टैग नंबर और मोबाइल नंबर मांगा जाता है। डिस्काउंटेड टिकट लोग बाकी चीजों पर ध्यान नहीं देते हैं और पेमेंट कर देते हैं। पेमेंट करने के बाद भी पास नहीं मिलता। क्योंकि बैंक डिटेल स्कैमर्स के हाथ लग जाती हैं। अक्सर ये पेमेंट Mule अकाउंट में जाती है।

ऐसे करें असली-नकली की पहचान

- पास खरीदने या रिन्यू करने के लिए केवल Rajmarg Yatra आधिकारिक ऐप या अधिकृत बैंक पोर्टल का ही उपयोग करें।
- annualtollpass.com या annualtollpasss.com जैसी संदिग्ध लिंक से बचें। URL पर गौर करें।
- यूजर्स का नाम जांचें, यदि स्कैन करते समय नाम किसी अन्य व्यक्ति का आए, तो तुरंत रुक जाएं।
- किसी भी संदिग्ध लिंक पर अपनी बैंकिंग जानकारी शेयर ना करें।
- FASTag वार्षिक पास से संबंधित सेवाओं के लिए केवल आधिकारिक NHAI वेबसाइट (nhai.gov.in) का इस्तेमाल करें।

आम तौर पर लोग गूगल पर आने वाले पहले लिंक को असली मान लेते हैं, जबकि स्कैमर पैसे देकर अपनी फर्जी साइट को Sponsored टैग के साथ ऊपर दिखाते हैं। -पुलिस अफसर

एग्ज़ाम देने जा रही छात्रा से छीना फोन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : ज्योति नगर इलाके में एग्जाम देने जा रही एक डीयू की स्टूडेंट से स्कूटी सवार मोबाइल छीन कर फरार हो गए। आरोपी ने बुर्का पहन रखा था। स्टूडेंट की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस आरोपियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों का लगा रही पता

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 18 वर्षीय लड़की मंडावली में रहती है। वह बीए प्रोग्राम फर्स्ट ईयर की छात्रा है। उनका आरोप है कि 21 फरवरी को वह एग्जाम देने भीम राव आंबेडकर कॉलेज जा रही थी। दोपहर करीब 2:30 बजे वह आंबेडकर कॉलेज के सामने पहुंची। तभी पीछे से स्कूटी पर दो अंजान लोग आए। पीछे वाली सीट पर बुर्के में कोई बैठा था। वह लड़का था या लड़की यह पता नहीं चला। उसने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। घबराहट में वह स्कूटी का नंबर भी नहीं देख पाई। एग्जाम देने के बाद घर लौटकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 304(2)3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

थाने में बुज़ुर्ग की मौत, परिवार ने पुलिस पर लगाए मारपीट के आरोप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

पुल प्रह्लादपुर इलाके में संदिग्ध हालात में एक 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बुजुर्ग और उनके भाई के बीच जमीन का विवाद चल रहा था। जिसके बाद पुलिस उन्हें अपने साथ थाने लेकर गई थी। जिसके बाद पुलिस ने बताया कि तबीयत खराब होने के चलते उनकी मौत हो गई। परिजनों ने मामले में पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। फिलहाल पुल प्रह्लादपुर थाने में मृतक के भाई और अन्य लोगों के खिलाफ संबंधित धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं एसडीएम न्यायिक मैजिस्ट्रेट और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भी जानकारी दी गई है।

जमीन के विवाद में बुजुर्ग और उनके भाई को थाने लाई थी पुलिस

डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी के मुताबिक शमशेर सिंह (62) परिवार के साथ पुल प्रह्लादपुर इलाके में रहते थे। वहीं प्रॉपर्टी डीलर थे। थाने को 23 फरवरी की दोपहर 2:57 पर मित्तल कॉलोनी में झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिस और पीसीआर मौके पर पहुंची। जहां एक ही परिवार के दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। करीब 3:30 बजे शमशेर थाने पहुंचे। वह अपने भाई और भतीजों पर नाराजगी जताते हुए उग्र हो गए। लगभग 3:40 पर उन्हें बेचैनी महसूस हुई और वह लेट गए। हालत बिगड़ते देख पुलिस ने तुरंत पीसीआर और एंबुलेंस बुलाई और उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर भिजवाया, लेकिन 4:30 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

ज़मीन विवाद बना झगड़े की वजह

पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में सामने आया कि शमशेर सिंह और उनके सगे भाई अर्जुन सिंह के बीच मित्तल कॉलोनी स्थित संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष पहले भी एक-दूसरे के खिलाफ शिकायतें और पीसीआर कॉल कर चुके थे। पुलिस के अनुसार शमशेर हाई ब्लड प्रेशर के मरीज थे। हाल के मेडिकल रिपोर्ट में हार्ट की मुख्य धमनी में 100 प्रतिशत ब्लॉकेज की जानकारी सामने आई है। वहीं, शमशेर के बेटे का कहना है कि पिता थाने में सही थे, पुलिस ने उन्हें प्रताड़ित किया है। जिससे उनकी मौत हुई है।

डिप्रेशन में दी जान

मेट्रो ट्रेन के आगे लगाई छलांग, मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार सुबह 45 साल के व्यक्ति ने मेट्रो के आगे छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान राजस्थान निवासी महाराज सिंह के रूप में हुई है। परिवारवालों के मुताबिक महाराज डिप्रेशन के मरीज थे।

राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहा था इलाज

मेट्रो के DCP कुशल पाल सिंह ने बताया कि मंगलवार को 10:12 बजे जनकपुरी मेट्रो स्टेशन थाना पुलिस को हादसे की सूचना मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दस्तावेज के आधार पर पुलिस ने शव की पहचान कर परिवारवालों से संपर्क किया। परिवार वालों ने बताया कि महाराज काफी दिन से डिप्रेशन में थे और उनका इलाज चल रहा था। वह सोमवार को भी राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज के लिए गए थे। वह उत्तम नगर में रहने वाले अपने बड़े भाई की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए परिवार के साथ दिल्ली आए थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और दो बेटे हैं। घटना की वजह से करीब आधे घंटे तक मेट्रो का परिचालन बाधित रहा।

नाबालिग बेटा-बेटी से कराता था चोरी, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

आए पकड़ में

- दोनों नाबालिग भाई-बहन को भी पकड़ लिया गया
- बेटी के इलाज के लिए आए विदेशी नागरिक को बनाया था निशाना

जामा मस्जिद पुलिस ने एक पिता को नाबालिग बेटे और बेटी के साथ पकड़ा है। पिता अपने ही नाबालिग बेटे और बेटी से चोरी करवाता था। उसके पास से पीड़ित विदेशी नागरिक का 6500 यूएस डॉलर, एटीएम कार्ड, चोरी के पैसे से खरीदा गया 48 हजार का मोबाइल और 4,700 इंडियन करंसी बरामद हुई है।

सेंट्रल जिला के डीसीपी अनंत मित्तल ने बताया कि 15 जनवरी को जामा मस्जिद थाने में एक e-FIR दर्ज हुई थी। शिकायतकर्ता उज्बेकिस्तान के रहने वाले हैं। वह अपनी नाबालिग बेटी का कैंसर का इलाज कराने के लिए गुरुग्राम, हरियाणा आए हुए थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह जामा मस्जिद मार्केट में अपने परिवार के साथ घूमने और खरीदारी करने के लिए गए थे। उनके स्लिंग बैग में 7200 यूएस डॉलर थे। मार्केट में किसी ने उनके बैग से डॉलर चोरी कर लिए। एसएचओ आदेश प्रकाश के नेतृत्व में टीम बनाई गई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांच की गई। तकनीकी विश्लेषण और, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय खुफिया सूचना के आधार पर भाई-बहन की पहचान की गई और न्यू सीलमपुर इलाके से दोनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह अपने पिता के कहने पर चोरी करते हैं। उसके बाद उनके पिता को अरेस्ट किया गया। आरोपी ने बताया कि उसकी सीधे रूप से संलिप्तता सामने न आए। इसलिए अपने बच्चों से अपराध करवाता था। उस पर पहले से पांडव नगर थाने में लूटपाट का मामला दर्ज है।

पार्किंग में खड़ी कार में मिला शव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : मयूर विहार स्थित स्टार सिटी मॉल की पार्किंग में सोमवार शाम एक ड्राइवर अपनी कार के अंदर मरा हुआ मिला। पुलिस वाले मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राथमिक जांच में यह नेचुरल मौत का मामला मिला है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, शव कार के ड्राइवर का ही है

ईस्ट जिला के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि सोमवार शाम करीब 5:55 बजे मयूर विहार पुलिस स्टेशन को कॉल मिली कि स्टार सिटी मॉल की पार्किंग में खड़ी एक कार में एक शख्स बेहोश है। पुलिस वाले मौके पर पहुंचे। शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। पार्किंग एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई। इसमें भी कुछ नहीं मिला। मृतक की पहचान नरेन्द्र कुमार (43) के तौर पर हुई है। वह परिवार के साथ नोएडा में रहते थे। मृतक के पास से अस्थमा से संबंधित कुछ दवाएं बरामद हुई हैं।

DMRC को 40 पेड़ ट्रांसप्लांट की मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वन विभाग ने आश्रम मेट्रो स्टेशन के पास डीएमआरसी को करीब 40 पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने की मंजूरी दे दी है। दिल्ली मेट्रो रैपिड ट्रांजिट सिस्टम प्रोजेक्ट के तहत फेज-4 के तहत यह मंजूरी दी गई है। पहले आदेश में 13 जनवरी को वन विभाग ने आर के आश्रम मेट्रो स्टेशन (लाइन नंबर 8) पर क्रॉसओवर के निर्माण के लिए 14 पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने की मंजूरी दी है। वहीं, 4 फरवरी के दूसरे आदेश में आश्रम मेट्रो स्टेशन के पास बॉक्स पुशिंग शॉफ्ट के निर्माण के लिए 26 पेड़ों को हटाने की मंजूरी दी है।

मारपीट में दो पुलिसकर्मी लाइन हाज़िर

रॉन्ग साइड से आने को लेकर ड्राइवर से की थी पिटाई

■ NBT रिपोर्ट, समयपुर बादली

समयपुर बादली में रॉन्ग साइड से आ रहे एक शख्स की पिटाई करने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

पुलिस को शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उनका नाम धर्मवीर है। वह शिवपुरी, समयपुर बादली में रहते हैं और सोनीपत से दिल्ली दूध सप्लाई का काम करते हैं। 23 फरवरी की शाम वह अपनी मारुति ईको में दूध लेकर सोनीपत से आ रहे थे। करीब 7 बजे जीटी रोड सिंघालपुर पेट्रोल पंप के पास पुलिस पिकेट थी। वहां पुलिसकर्मी मौजूद थे। एक ने रुकने का इशारा किया। उन्होंने गाड़ी साइड में लगा ली। आरोप है कि 4 पुलिसवाले पीछे से आए, जिसमें से एक ने गाली देकर गाड़ी से बाहर निकलने का इशारा किया। बाहर निकलते ही पुलिसवालों ने बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित का दावा है कि एक पैर छोटा-बड़ा होने के कारण वह लंगड़ा कर चलता है। आरोप है कि पुलिस वालों ने पैरों पर लाठी, डंडे और मुक्कों से हमला किया जिससे दांत टूट गया। आंख और होंठ पर भी चोट लगी। इसके बाद जख्मी हालत में वह हॉस्पिटल पहुंचे। इस बीच घटना सीनियर अधिकारियों के संज्ञान में आई। पुलिस अफसर ने बताया कि रॉन्ग साइड से गाड़ी लाने पर पुलिसकर्मियों ने रोका था। बहसबाजी में पुलिसकर्मियों से बदसलूकी हुई थी। हालांकि पुलिसकर्मियों के खराब बर्ताव पर उन्हें लाइन हाजिर कर दिया है।



धर्मवीर का आरोप है कि पिटाई में उनका दांत टूट गया, सिर और चेहरे पर भी चोट है

131 जगहों पर CAQM को नियम टूटते मिले

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट की टीमों को करीब 131 जगहों पर प्रदूषण से जुड़े नियमों का उल्लंघन मिला। 4 से 18 फरवरी तक टीमों ने कुल 318 निरीक्षण किए। सीएक्यूएम ने एनफोर्समेंट टास्क फोर्स के साथ 126वीं रिव्यू मीटिंग की। 14 दिनों में 318 निरीक्षण किए गए। इनमें 4 निर्माण व तोड़फोड़ साइट, 306 इंडस्ट्रियल सेक्टर के और 8 डीजल जनरेटरों के थे। 131 में उल्लंघन पाए गए।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि शिक्षा प्रभाग
कृषि अनुसंधान भवन-II
पूसा, नई दिल्ली 110012

विज्ञापन संख्या 1/2026

सलाहकार की नियुक्ति

कृषि शिक्षा प्रभाग संविदा के आधार पर कृषि शिक्षा प्रभाग में सलाहकार (1 पद) की सेवाओं को किराए पर लेने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, जिसका पारिश्रमिक 70,000/- रुपये (निश्चित) होगा। सलाहकार को शुरू में दो साल के लिए नियुक्त किया जाएगा और संतोषजनक प्रदर्शन पर अधिकतम दो साल और बढ़ाया जा सकेगा।

योग्यता, कार्य प्रोफाइल और अन्य निर्देशों का विवरण आईसीएआर वेबसाइट (www.icar.org.in) पर उपलब्ध है। विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र स्व-सत्यापित प्रमाण पत्रों की प्रतियों के साथ एडीजी (एचआरडी), कमरा नंबर 227, दूसरी मंजिल, कृषि शिक्षा प्रभाग, कृषि अनुसंधान भवन - II, पूसा, नई दिल्ली को स्पीड पोस्ट या ईमेल (adghrd1.icar@gmail.com) के माध्यम से इस विज्ञापन के समाचार पत्रों में प्रकाशित होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर भेजा जाना चाहिए।

हस्ता./-
एडीजी (एचआरडी)
कृषि शिक्षा प्रभाग, आईसीएआर

CBC 01101/11/0019/2526

असंवैधानिक है यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अरेस्टिंग: कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एलजी वी. के. सक्सेना से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन भारत मंडपम में आयोजित AI सम्मेलन का विरोध करने पर दिल्ली पुलिस द्वारा यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को असंवैधानिक बताते हुए सौंपा गया है। प्रतिनिधिमंडल ने हिरासत में लिए गए युवाओं पर कानून के दायरे में संयम और समानता की मांग की।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एलजी को ज्ञापन सौंपा

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार, पूर्व सीएलपी नेता हारून यूसुफ, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, डॉ. नरेन्द्र नाथ सहित पूर्व विधायक और कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज शामिल थे।

एक साल पूरे होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने रखा अपना रिपोर्ट कार्ड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के रूप में एक साल पूरा होने पर विजेंद्र गुप्ता ने उपलब्धियों का ब्यौरा पेश करते हुए कई अजेंडों की घोषणा की। उन्होंने कहा, बीता साल आधुनिकीकरण, पारदर्शिता और जन-केंद्रित शासन को समर्पित रहा। अब लक्ष्य दिल्ली विधानसभा को पर्यावरण, तकनीक और युवा सहभागिता के नए मानकों तक ले जाना है। यही नहीं, विधायकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सर्वश्रेष्ठ विधायक को पुरस्कार दिया जाएगा।

अध्यक्ष ने साफ किया कि आने वाले समय में विधानसभा की सौर ऊर्जा क्षमता में बड़ा विस्तार किया जाएगा। मौजूदा 500 किलोवाट की छत पर सौर परियोजना के साथ 300 किलोवाट और जोड़े जाने की योजना है। परिसर में ग्रीन स्पेस को 20% से बढ़ाकर 40% करने का लक्ष्य रखा गया है। विधानसभा लाइब्रेरी को पूरी तरह हाई-टेक बनाया जाएगा, ताकि शोधकर्ताओं और आम जनता के लिए इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि युवा भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित यूथ लीडरशिप प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। साथ ही राजनीतिक नेतृत्व में डिप्लोमा कार्यक्रम लाने की भी घोषणा की गई है। विधायकों के प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ विधायक पुरस्कार' की शुरुआत होगी, जिसके नियम आगामी बजट सत्र में रखे जाएंगे।

ये रहीं प्रमुख उपलब्धियां : विधानसभा ने 'नैशनल ई-विधान एप्लिकेशन' (NeVA) लागू कर खुद को पूरी तरह पेपरलेस बनाया। 4 अगस्त 2025 को पहला पूर्ण डिजिटल सत्र आयोजित हुआ। 500 किलोवाट की सौर परियोजना के चालू होने के बाद दिल्ली विधानसभा देश की पहली ऐसी विधायिका बनी, जो पूरी तरह सौर ऊर्जा पर संचालित हो रही है। इससे अनुमानित 1.75 करोड़ की वार्षिक बचत हो रही है। APMS पोर्टल के जरिए ऑडिट टिप्पणियों और 'एक्शन टेकन नोट्स' की रियल-टाइम मॉनिटरिंग शुरू की गई। 'नैशनल लेजिस्लेटिव इंडेक्स' (NLI) के प्रस्ताव को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन मिला।

विधानसभा को आधुनिक शासन का मॉडल बनाया जाएगा



File Photo

परिसर के पुनर्गठन के तहत शिक्षा विभाग और फार्मेसी यूनिट के कार्यालय खाली कर स्थान का बेहतर उपयोग किया जाएगा। विधायकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया, ताकि वे जनसेवा के लिए पूरी तरह फिट रहें। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि डिजिटल इनोवेशन और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन के साथ दिल्ली विधानसभा को आधुनिक शासन का वैश्विक मॉडल बनाया जाएगा।

NBT नवभारत टाइम्स — NBT रंगमंच Club

योग और आत्मिक जागरण का दिव्य संगम

योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सानिध्य में

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ एकांत रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।



■ स्थानः परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश
■ तिथि: 27 से 30 मार्च 2026
शुल्क मात्र ₹13,000 प्रति व्यक्ति

सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें।
*शर्तें लागू

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 9910475909 पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल वट्सऐप पर भेजें।

अष्टान्हिका पर्व जैन मंदिरों में हुआ शुरू

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली: राजधानी के दिगंबर जैन मंदिरों में अष्टान्हिका महापर्व मंगलवार को भक्तिभाव से शुरू हुआ। इस उपलक्ष्य में ग्रीन पार्क एक्स., बिहारी कॉलोनी, जवाहर पार्क लक्ष्मी नगर, बाहुबली एन्क्लेव, ऋषभ विहार, छोटा बाजार शाहदरा, नवीन शाहदरा, बलबीर नगर, विकासपुरी, अहिंसा स्थल महरौली, सूर्यनगर में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान और सेक्टर-11 रोहिणी में श्री नंदीश्वर महामंडल विधान संतों-विद्वानों के सान्निध्य में शुरू हुए।

निर्वाणोत्सवः दि. जैन मंदिर सेक्टर-16 रोहिणी में भगवान चंद्रप्रभु जी के निर्वाणोत्सव पर आदर्श महिला मंडल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

यज्ञ अनुष्ठानः सिद्ध शक्तिपीठ बालाजी धाम मंदिर, त्रिनगर में यज्ञ अनुष्ठान के मौके पर महंत प्रमोद महाराज ने कहा कि सुख-दुख जीवन के दो पहलू हैं, यदि दुख नहीं आएगा तो जीवन में सुख का स्वाद नहीं मिल पाएगा। हमें संकट की घड़ी में डरने की बजाए डटकर मुकाबला करने की आदत डालनी चाहिए।

ध्यान शिविरः ब्रह्माकुमारीज के मालवीय नगर सेवा केंद्र में बहन नीरू के अनुसार सात दिन का ध्यान शिविर महती धर्मप्रभावना के साथ संपन्न हुआ।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad — Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) — Scan QR Code

In Loving Memory

Late Mrs. Rajrani Gupta
(March 01, 1960 – February 25, 2013)
W/o Sh. Surender Gupta

13th Death Anniversary

Times flies fast. Life goes on its pace. But some Memories can Never be forgotten or erased from the mind of dearest ones. You will always remain in our thoughts.

Fondly remembered by...
Surender Gupta — Savitri & Shri Krishan Gupta
Chanchal & Amit Gupta — Usha & Arjun Kumar
Parul & Sumit Gupta — Lata & Ishwar Dayal Gupta
Onam & Namit Gupta — Raghav Mahender Gupta
Dharvik, Arshiya, Aryan, Raajsi, Raajvi, Viraaj and all Gupta Family

ALL MANAGEMENT & STAFF OF
ssg | redpro | BACHPAN | LR | तत्व

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

पावन स्मृति
लाला श्याम सुंदर जी गोयल
(21.12.1928 –25.02.2009)
आपकी सत्रहवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा-सुमन अर्पण करते हुए आपके प्रेरणापथ, नैतिक एवं उच्च आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं ! जय कुमार गोयल-आशा गोयल (पुत्र-पुत्रवधु) निकेत गोयल-नूपुर गोयल (पोत्र-पौत्रवधु) वर्तिका गोयल-पड़पौत्री, अंश गोयल-पड़पौत्र फर्म गंगा राम जयकुमार

In Loving Memory of
Smt. Manju Sethi
(29.08.1959 - 25.02.2012)
Person who's life was never for herself but for her family. Full of love, affection & caring will always remind your presence in our hearts. Your spirit lives in each of us & says you never went, you are here only. Love you & miss you. Deeply missed by: Sethi Family & U. C. Sethi and Associates Pvt. Ltd.

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

वक्त है नया हॉकिन्स घर लाने का
क्लासिक
प्योर, वर्जिन मेटल से बना
सक्षम प्रेशर रेगुलेटर- दाल-स्प्राउटिंग कम करे
सुपर-फास्ट कुकिंग
सिरामिक नॉनस्टिक
हैवीबेस
ट्राय-प्लाय कॉन्टूरा
सिरामिक-कोटेड टोमैटो रेड कॉन्टूरा
मिस मैरी हंडी
ट्राय-प्लाय क्लासिक
फ्यूचुरा
ट्राय-प्लाय प्रेशर पैन
ट्राय-प्लाय स्टेनलेस स्टील
3 मिमी. एक्स्ट्रा-थिक ट्राय-प्लाय, गर्माहट को जल्दी और एकसमान फैलाए
हर कुकर का लीक टेस्ट किया गया है
फूड-ग्रेड स्टेनलेस स्टील - स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक
स्टेनलेस स्टील हैवीबेस
मिस मैरी
कॉन्टूरा
कॉन्टूरा ब्लैक
स्टेनलेस स्टील
ट्राय-प्लाय प्रो कढ़ाई
एक्स्ट्रा-थिक 3 मिमी ट्राय-प्लाय स्टेनलेस स्टील - खाना नहीं जलेगा
ठंडे रहनेवाले, स्टेनलेस स्टील हैंडल्स
गैस + इंडक्शन पर काम करता है
बिग बॉय
किसी भी मेक, किसी भी साइज़ के अपने पुराने बर्तनों के बदले में ₹100 से ₹1000* तक का कैशबैक पाइए
*ऑफर सूचीबद्ध डीलरों के लिए उपलब्ध
स्टेनलेस स्टील फ्यूचुरा
सिरामिक-कोटेड मस्टर्ड यलो कॉन्टूरा
स्टेनलेस स्टील कॉन्टूरा
ट्राय-प्लाय प्रो फ्राइंग पैन
ट्राय-प्लाय प्रो सॉसपैन
डोसा तवा
4.88 मिमी एक्स्ट्रा-थिक बेस
हार्ड एनोडाइज़्ड पर पैटेंटेड नॉनस्टिक - चले लंबे समय तक
रिवेट्स फ्लेंज पर लगे होते हैं - कुकिंग की जगह अधिकतम होती है
नॉनस्टिक डीप कढ़ाई
स्टेनलेस स्टील टी पैन
डाई-कास्ट मल्टी-स्नैक पैन
एनोडाइज़्ड रोटी तवा
एनोडाइज़्ड कुक-एन-सर्व बाउल
नॉनस्टिक बिरयानी हांडी
सिरामिक नॉनस्टिक फ्राइंग पैन
ऑलिव ट्राय-प्लाय प्रो कढ़ाई
एक्वा सेट
कास्ट आयरन स्क्वेयर तवा
देखिए पूरी रेंज और कीमतें
Hawkins
क्वालिटी जिस पर भारत करे भरोसा
*डीलर से नियम और शर्तों के बारे में पूछें • डीलरशिप संबंधी पूछताछ के लिए sales@hawkins.in • किसी भी सहायता के लिए संपर्क करें: 9810621319/9034022211/(022) 2444 0807 cs@hawkins.in www.buyhawkins.in
प्रेशर कुकर्स और कुकवेयर के 400+ मॉडल्स की सबसे विस्तृत रेंज.

TIMES interact

Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

jobs

LITTLE FLOWERS PUBLIC SR.SEC.SCHOOL

Shivaji Park, Shahdara, Delhi-110032 www.lfpsdelhi.com

Invites applications for enthusiastic, trained, creative and passionate teachers with strong communication skills & having minimum 2 yrs. of exp. Applicants must have fluency in English and computer knowledge for the following posts:

POSITION OPEN	PGT	TGT	PRT
English	✔	✔	✔
History, Pol. Sci., Accounts, Psychology	✔		
Maths		✔	✔
Sanskrit, Social Science, Science		✔	
French, Computer		✔	

DIET, NTT, Librarian, Counsellor, PET | Nurse, Drawing Teacher, Spl. Educator | Music Teacher (Classical, Instrumental)

No constraint of salary for deserving candidates.
Mail your detailed resume with a passport size photograph through e-mail at career@LFpsdelhi.com or at the school reception.

D.A.V. POLICE PUBLIC SCHOOL

RTC Campus, Bhondsi, Sector-63A, Gurugram
Ph.0124-2266570, 6830515, 89298-00241
Website: www.davppsbhondsi.org
Managed by DAV College Managing Committee, New Delhi – 55
Session: 2026-27

Applications are invited from DAV CBT 2026 qualified candidates with Provisional Eligibility Card for the following posts:

1. **PGT:** English, Maths, Commerce, Computer Science, Psychology, Physics, Political Science, Biology
2. **TGT:** English, Hindi, Maths, Science, Social Science, Sanskrit
3. **PRT:** English, Hindi, Social Science, Dance, Librarian, Painting/ Art & Craft, Maths, Music, Science, Computer Science
*Only female candidates for all PRT posts
4. **Nursery Teacher** (Female candidate only)
5. **Sports Teacher**

Minimum Qualifications:
- **PGT:** Post Graduate in subject and B.Ed. with minimum 50% marks (English medium)
- **TGT & PRT:** Graduate/Post Graduate in subject concerned & B.Ed. with minimum 50% marks and CTET/HTET (English medium)
- **Nursery Teacher:** Graduate and NTT from recognized Institute/University
- **Sports Teacher:** Graduate/Post Graduate in subject concerned & B.P.Ed with minimum 50% marks

6. **LDC** (For Accounts & Administration)
7. **Receptionist** 8. **Nurse**

Age Limit: Below 35 years (as on 01/01/2026). Upper age limit can be relaxed for candidates with relevant experience.
For the following posts, CBT is not mandatory:
1. **Transport Caretaker** (Graduate) (Ex-serviceman/ Retired person can also apply)
2. **Part Time Sports Coaches:** Basketball, Yoga, Archery, Chess, Badminton, Roller Skating, Netball, Band Master

Final selection will be made on the basis of Demonstration & Subject/Panel Interview held at the school, subject to verification of P.E.C. and all original documents.
Candidates who are dynamic, committed to their profession, proficient in the subject(s) and in written spoken English should apply latest by **March 2, 2026** on the prescribed application form available from the school website along with self-attested photocopies of PEC 2026, Educational & Experience Certificates at **DAV Police Public School, RTC Campus, Bhondsi, Sector-63A, Gurugram campus between 9:00 AM to 12:30 PM** on all working days. Payment to be made by card/UPI only.
(For all posts applicants must possess minimum qualification as prescribed by CBSE/DAV CMC)

KESHAV MAHAVIDYALAYA

(University of Delhi)
(100% funded by Govt. of NCT of Delhi)
H-4-5 Zone, Pitam Pura, Delhi-110034

Advt. No. KMV/Principal/2026/1 — Date: 25.02.2026

Online applications are invited in the prescribed Application Form at web-link https://rec.uod.ac.in from eligible candidates for appointment to the post of Principal, in the Academic Pay Level 14 of 7th Central Pay Commission Pay Matrix in the College. The last date for receipt of application is 23rd March, 2026 or two weeks from the date of publication of the advertisement in the Employment News, whichever is later. For details, please visit the College website https://keshav.du.ac.in.
Any addendum/ corrigendum shall be posted only on the College website.

Chairman, Governing Body

भारतीय होटल निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

होटल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एचसीआई) में निम्नलिखित पद के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

महाप्रबंधक (परिचालन), एचसीआई

(निश्चित अवधि के अनुबंध के आधार पर)
आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 17.03.2026 को शाम 6 बजे तक है।
पूर्ण विज्ञापन और आवेदन पत्र और सभी आगामी सूचनाओं के लिए कृपया वेबसाइट पर लॉग इन करें:
www.centaurhotels.com, www.aiahl.in, www.aiasl.in, www.aiesl.in, www.allianceair.in

WONDER MONTESSORI

Play, Learn & Grow
A PURE MONTESSORI PRESCHOOL | ROHINI, DELHI
Join Us in Creating a Montessori Home Where Learning Feels Like Love

PRINCIPAL/HEAD OF SCHOOL : Graduate/Postgraduate with Montessori/IEYC Diploma/Certification. Minimum 5 years of preschool leadership experience. Excellent Personality, Communication & Computer Skills. Montessori experience is preferred.

LEAD/MONTESSORI EDUCATOR : Post Graduate/Graduate with Montessori/IEYC Certification. Minimum 3-5 years experience out of which 1 year in a Montessori set up is desired. Sound Communication Skills, Digital Fluency with Strong Acumen for Art & Craft, Story Telling is desired.

EARLY CHILDHOOD EDUCATOR : Graduate with NTT / ECE / IB-PYP / IEYC / Montessori Certification. Freshers/Experienced with Excellent Communication, Art & Craft, Story Telling skills. Candidate must be Passionate for engaging infants, toddlers, in mother-child programmes. Computer Proficiency is desirable.

ADMISSIONS INCHARGE : Graduate with Minimum 5+ years in handling School admissions out of which, 2 years at the post of Incharge/Head in same field. Strong Personality, Communication & Computer skills is desired.

Also Hiring for : Receptionist | Office Executive | Social Media Manager
Why Join Us : Respectful work culture | Growth & training opportunities | Strong Education Background

SALARY NO BAR FOR DESERVING CANDIDATES
Send resume in confidence: hr@wondermontessori.edu.in
Visit: www.wondermontessori.edu.in | Call: 7065059271

The Maurya School

(Recognized & Affiliated to CBSE)
F-Block, Palam Vihar, Gurugram-122017, Tel No: 0124-4114444, 4221105/06
Website: www.themauryaschool.com

INVITE APPLICATIONS

- VICE PRINCIPAL
- ACADEMIC COORDINATORS - Foundational Stage, Preparatory Stage, Middle School & Senior School
- TEACHING STAFF - Foundational stage Teachers, PRT (All Subjects), TGT (All Subjects), PGT (All Subjects)
- SCHOOL COUNSELLOR cum SPECIAL EDUCATOR - Degree / Diploma in Guidance and Counselling and Special Education
- P.E / SPORTS COACHES - All games including Karate, Shooting, Archery, Chess, Swimming, Yoga, Aerobics, Gymnastics, (applicable only for ladies) Football, Cricket, Table Tennis, Skating, Pickle Ball, Badminton, Rope Skipping, Volley Ball and Band Master (preferably retired from defence forces).
- CREATIVE & PERFORMING ART - Art & Craft, Dance, Music & Theatre, Clay Studio Incharge
- TECHNOLOGY & INNOVATION - Computer Science Teacher, AI/Data Science, Robotics, Coding, 3D Printing
- LIBRARY & LABORATORY - Librarian, Science Lab Assistant, Computer lab Assistant
- LANGUAGE TEACHERS - French, Sanskrit, German
- CBSE INCHARGE / ADVISOR (Preferably retired Principal official)
- OTHERS - Estate Manager, Human Resource Officer, Public Relation Officer, Digital Marketing Expert, Trained Nurse, Front Desk Executive, Admission Counsellor, Accountant, Data Entry Operator, Housekeeping Supervisor, Transport Manager, Store Incharge, Horticulturist.

Interested candidates may send their CV within 10 days on careers@themauryaschool.com

Scholars Global School | Scholars JUNIORS

INVITATION TO JOIN AN INSPIRING ACADEMIC COMMUNITY
Bahadurgarh (Delhi NCR)

- Headmistress - Primary Wing
- Co-ordinators - Pre Primary & Primary Wing
- NTTs & Mother Teachers (I, II)
- PRT - English, Hindi, Science, Computers
- TGT - English, Maths, Science, French
- PGT - English, Psychology, Computer Science
- Others - ATL Incharge, Librarian, Skating, Tennis Coach

Email : hr@scholarsglobalschool.com
8307624828, 8607000713
Transport Facility from Delhi

Fr. Agnel School Greater Noida

Teachers' Requirement
Teaching beyond textbooks, where imagination leads learning
Position/Designation
- School Counselor
- TGT Maths
- Western Music Teacher (Female)

Apply with CV and Photograph to the school immediately. Interested candidates may mail their Resume on recruitment@agnelgreaternoida.org
CONTACT 0120-4516389, 8287933661

SALES EXECUTIVE

